खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 21°C
न्यूनतम : 07°C

नई दिल्ली, शनिवार 7 फरवरी 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 307 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 18 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मायावती ने की फिल्म घूसखोर पंडत पर प्रतिबंध लगाने की मांग पेज 2



वैभव सूर्यवंशी ने अंडर-19 विश्वकप के फाइनल में सबसे तेज शतक ठोका खेल टाइम्स



चैनलों का खेल खत्म, सरेंडर हो रहे हैं लाइसेंस सम्पादकीय



अमेरिकी नागरिकों को तुरंत ईरान छोड़ने की चेतावनी पेज 12

# 30 सप्ताह की गर्भावस्था समाप्त करने की अनुमति

## सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में एक नाबालिग लड़की के 30 सप्ताह के गर्भ को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति दे दी। न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा कि कोई भी अदालत किसी महिला को, और विशेष रूप से एक नाबालिग लड़की को, उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर नहीं कर सकती है।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने जोर देकर कहा कि गर्भवती लड़की को बच्चे को जन्म देने या नहीं देने के उसके अधिकार को उचित महत्व दिया जाना चाहिए, खासकर तब जब उसका मन नहीं हो कि वह बच्चे को जन्म दे और ऐसी इच्छा उसने साफ साफ शब्दों में बार-बार जाहिर भी की हो। पीठ ने स्पष्ट किया कि मुख्य मुद्दा यह था कि क्या एक नाबालिग को ऐसी गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर किया जा सकता है, जो उसकी मर्जी के बिना है। अदालत ने कहा कि अदालत किसी भी महिला को, नाबालिग बच्चे की तो बात ही छोड़िए, अपनी गर्भावस्था पूरी करने के लिए मजबूर नहीं कर सकती, अगर उसका ऐसा करने का इरादा ही नहीं हो। न्यायालय ने माना कि यह मामला इस पर निर्भर नहीं करता कि गर्भधारण सहमति से बने संबंधों के कारण हुआ था या दुष्कर्म से। वास्तव में फैसला इस बात से तय होगा कि नाबालिग की वह स्पष्ट इच्छा क्या है और उसका मन यही है कि वह बच्चे को जन्म न दे। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने स्वीकार किया कि हालांकि एक बच्चे का जन्म अंततः एक जिंदगी को दुनिया में लाना है, लेकिन इस मामले में नाबालिग की स्पष्ट अनिच्छा सबसे महत्वपूर्ण कारक है। उच्चतम न्यायालय ने मुंबई के जेजे अस्पताल को निर्देश दिया कि वे सभी आवश्यक चिकित्सा संबंधी उपायों का पालन करते हुए गर्भावस्था के चिकित्सकीय समापन की प्रक्रिया शुरू करें। यह फैसला भारत में गर्भपात कानून के तहत 'प्रजनन अधिकारों' की व्याख्या में एक मील का पत्थर माना जा रहा है। कारण यह है कि 24 सप्ताह की कानूनी सीमा के बाद भी विशेष परिस्थितियों में अदालत ने इस लड़की की पसंद को प्राथमिकता दी है। उल्लेखनीय है कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी संशोधन अधिनियम 2021 के अनुसार गर्भपात की समय सीमा को विभिन्न श्रेणियों में निर्धारित किया गया है। सामान्य परिस्थितियों में सभी महिलाओं के लिए 20 सप्ताह तक के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति है, मगर इसके लिए डॉक्टर की सलाह आवश्यक है। विशेष श्रेणियों की महिलाओं जैसे कि दुष्कर्म का शिकार बनी लड़कियां, नाबालिग, विधवाओं, दिव्यांगों या गंभीर बीमारी से पीड़ित महिलाओं के लिए यह सीमा 24 सप्ताह तक निर्धारित है और इसके लिए दो डाक्टरों की इजाजत अनिवार्य है। यदि गर्भ में पल रहे भ्रूण को गंभीर बीमारी है, तो राज्य स्तरीय मेडिकल बोर्ड की अनुमति के बाद 24 सप्ताह के बाद भी गर्भपात कराया जा सकता है।

**शीर्ष अदालत ने 'प्रजनन स्वायत्तता' को दी प्राथमिकता**



### दल-बदल मामला: तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष को दी अवमानना की चेतावनी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष को अंतिम चेतावनी देते हुए निर्देश दिया है कि वे भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों के कांग्रेस में शामिल होने संबंधी शेष अयोग्यता याचिकाओं पर तीन सप्ताह के भीतर 'सकारात्मक' रूप से निर्णय लें। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि अगर इस समय सीमा का पालन नहीं किया गया, तो उनके विरुद्ध अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाएगी। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ शुक्रवार को 31 जुलाई 2025 के अपने उस आदेश के अनुपालन की समीक्षा कर रही थी, जिसके तहत अध्यक्ष को कांग्रेस में शामिल होने वाले बीआरएस के 10 विधायकों की अयोग्यता पर निर्णय लेने के लिए तीन महीने का समय दिया गया था।

# रेपो रेट में बदलाव नहीं, लोन महंगा नहीं होगा

मुंबई,वार्ता



- ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी
- आरबीआई ने ब्याज दर 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखी

**आरबीआई ने** इस बार रेपो रेट में बदलाव नहीं किया है। इसे 5.25 फीसदी पर बरकरार रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 6 फरवरी को मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में लिए फैसलों की जानकारी दी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी, आरबीआई ने दिसम्बर में ब्याज दर 0.25 फीसदी घटाकर 5.25 फीसदी की थीं। आरबीआई जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है उसे रेपो रेट कहते हैं। जब आरबीआई रेपो रेट घटाता है, तो बैंकों को सस्ता कर्ज मिलता है और वो इस फायदे को ग्राहकों तक पहुंचाते हैं। 2025 में चार बार में 1.25 फीसदी की कटौती की गई थी। रिजर्व बैंक ने एक नया फ्रेमवर्क लाने का प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत छोटे अमाउंट वाले फ्रॉड ट्रांजैक्शन में नुकसान झेलने वाले ग्राहकों को 25 हजार तक का मुआवजा दिया जाएगा। गवर्नर मल्होत्रा ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि हाल के दिनों में कई धोखाधड़ी वाले ट्रांजैक्शन हुए हैं, जिन्हें रोकने के लिए रिजर्व बैंक ने कई कदम उठाए हैं। इसी सिलसिले में हम डिजिटल पेमेंट की सुरक्षा बढ़ाने के उपायों पर एक डिस्कशन पेपर भी जारी करने वाले हैं।

### लोन-रिकवरी एजेंट अब ग्राहकों को परेशान नहीं कर सकेंगे

**मुंबई।** बैंक से लोन लेने वाले और डिजिटल ट्रांजैक्शन करने वाले करोड़ों ग्राहकों के लिए राहत की खबर है। आरबीआई ने लोन रिकवरी एजेंटों की मनमानी और बैंकों द्वारा की जा रही मिस-सेलिंग पर लगाम लगाने के लिए सख्त गाइडलाइंस लाने का फैसला किया है। शुक्रवार को एमपीसी)0 की बैठक के बाद आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया कि केंद्रीय बैंक तीन नए ड्राफ्ट रेगुलेशन जारी करने जा रहा है। इनका मकसद ग्राहकों की सुरक्षा को मजबूत करना और बैंकों की जवाबदेही तय करना है। इन नियमों के लागू होने के बाद रिकवरी एजेंट ग्राहकों को डरा-धमका नहीं पाएंगे और न ही बैंक आपको ऐसा इंश्योरेंस या लोन दे पाएंगे, जिसकी आपको जरूरत नहीं है।

# इस्लामाबाद की शिया मस्जिद में धमाका, 31 मरे



- जुमे की नमाज के दौरान हुआ हमला
- फितना अल-ख्वारिज से जुड़े हमलावर ने गेट पर रोके जाने के बाद खुद को उड़ाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद की एक मस्जिद में आत्मघाती हमला किया गया। शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान तरलाई इलाके की इमाम बारगाह खदीजत-उल-कुबरा में जोरदार धमाका हुआ। इस विस्फोट में कई लोगों के हताहत होने की खबर है। ब्लास्ट के बाद पूरे शहर में इमरजेंसी लगा दी गई है।

पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फितना अल-ख्वारिज से जुड़े हमलावर ने गेट पर रोके जाने के बाद खुद को उड़ा लिया था। जहां यह धमाका हुआ है वो शिया मस्जिद है। इस धमाके में 31 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 169 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद पूरे इलाके को सुरक्षा बलों ने घेर लिया है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक यह धमाका एक सुसाइड बॉम्बिंग यानी आत्मघाती हमला था। यह हमला ऐसे वक्त हुआ है, जब उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव पाक की दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर हैं। इस्लामाबाद कैपिटल टेरिटरी पुलिस के -शेष पृष्ठ दो पर

# उत्तराखंड-नेपाल बॉर्डर पर बारात की बस गहरी खाई में गिरी,13 की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

- 34 लोग घायल, कई की हालत गंभीर, गुरुवार देर रात हुआ हादसा

**पिथौरागढ़ (उत्तराखंड)।** जनपद पिथौरागढ़ के झूलाघाट कस्बे में भारतीय सीमा से लगे नेपाल के बैतड़ी में गुरुवार (5 फरवरी) को देर रात्रि भीषण सड़क हादसा हुआ। हादसे में 13 बारातियों की मौत हो गई, जबकि 34 गंभीर घायल हो गए।

घायलों में कई की हालत नाजुक बताई जा रही है। मौत का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। बताया जा रहा है कि बस बारात को लेकर बैतड़ी से बजांग जा रही थी। गुरुवार देर रात्रि बैतड़ी के पुरचूंणी नगरपालिका भवने गांव से दुल्हन लेकर बजांग के सुनकुडा जा रही बस पुरचूंणी के बड़गांव मोड़ पर अनियंत्रित होकर करीब 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई। 34 लोग गंभीर घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में रेस्क्यू कर नजदीकी हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। कई घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है। जिला प्रहरी कार्यालय बैतड़ी के प्रहरी, प्रवक्ता निरीक्षक बलदेव बडू ने बताया कि गुरुवार रात के समय नेपाल एपीएफ, प्रहरी व स्थानीय जनता द्वारा यात्रियों का रेस्क्यू किया गया। प्रहरी प्रवक्ता निरीक्षक बलदेव बडू ने बताया कि बस दुर्घटना में 6 बारातियों की घटनास्थल में ही मौत हो गई थी।5 बारातियों की डडेलधुरा अस्पताल में और 2 बारातियों की कोटिला अस्पताल में मौत हो गई। साथ ही घायलों में कुछ और बारातियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे में बस चालक सामान्य घायल बताया जा रहा है। घायल बस चालक कंचनपुर के भीमदत्त नगरपालिका 7 निवासी विरेंद्र बुढ़ा को प्रहरी ने अपने नियंत्रण में ले लिया है। प्रथमदृष्ट्या में बस दुर्घटना का मुख्य कारण ओवरलोडिंग वर बस ओवरलोडिंग के कारण चढ़ाई में नहीं चढ़ पाना बताया जा रहा है। घायल बारातियों का डडेलधुरा अस्पताल में इलाज दिया जा रहा है, जबकि गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए धनगढ़ी भेजा गया है।

### दुर्घटना में मरने वालों के नाम

केशव राज जोशी (40), अशोक राज जोशी (13), बसंत राज जोशी, बिष्णु दत्त जोशी (41), नरेश राज जोशी (42), बिशन दत्त जोशी (17), दीपक जोशी (28), किशन जोशी (46), (ये सभी बजांग बित्थड चीर गांव पालिका 7 निवासी), मोहन देव भट्ट (60), बजांग केदारस्यु गांव पालिका निवासी, केशव भट्ट (27), बजांग केदारस्यु गांव पालिका निवासी, बसंत राज रतला (40), निवासी बजांग जय पृथ्वी नगर पालिका 7. पुष्पा अवस्थी (40), निवासी बैतड़ी पुरचूंणी नगरपालिका 7. सुशील जोशी, बैतड़ी पुरचूंणी नगरपालिका 7 निवासी

## संक्षिप्त समाचार

### युवराज मौत मामला : हाईकोर्ट ने दिया बिल्डर अभय कुमार की रिहाई का आदेश

**प्रयागराज।** उप्र के नोएडा में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की गडढे में गिरने से हुई मौत के मामले में गिरफ्तार बिल्डर अभय कुमार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने तत्काल रिहा करने का आदेश दिया है। न्यायाधीश सिद्धार्थ और न्यायाधीश जय कृष्ण उपाध्याय की खंडपीठ ने हैबियस कॉर्पस याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश जारी किया। याचिकाकर्ता अभय कुमार ने अपनी गिरफ्तारी, हिरासत और रिमांड को अवैध घोषित किए जाने तथा अवैध हिरासत से मुक्त करने की मांग की थी।

### आंतरिक रिक्ति के लिए आईपीएस मीणा का दावा खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को तमिलनाडु कैडर के 2004 बैच के आईपीएस अधिकारी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने उसी चयन वर्ष के लिए राजस्थान कैडर में एक आंतरिक रिक्ति के आवंटन की मांग की थी। अदालत ने कहा कि इस तरह के विलंबित दावों पर विचार नहीं किया जा सकता, क्योंकि वे कैडर आवंटन की व्यवस्था को अस्थिर कर देंगे।

# जन सुराज पार्टी की याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम इन्कार

- बिहार में नए सिरे से चुनाव कराने की थी मांग

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को प्रशांत किशोर के नेतृत्व वाली जन सुराज पार्टी द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव, 2025 को चुनौती देने वाली रिट याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया, जिसमें उन्होंने राज्य में नए सिरे से चुनाव कराने का निर्देश देने की मांग की थी।

जब पीठ ने मामले पर सुनवाई करने में अनिच्छा व्यक्त की, तो याचिकाकर्ता ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी और उच्च न्यायालय में अपील करने की स्वतंत्रता मांगी। उन्हें यह स्वतंत्रता प्रदान करते हुए, मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने याचिका को वापस लिया हुआ मानकर खारिज कर दिया। इस रिट याचिका को संविधान के अनुच्छेद 32 के अंतर्गत दायर किया गया था।

# भारत ने छठी बार जीता अंडर-19 विश्वकप

### इंग्लैंड को फाइनल में 100 रनों से हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-19 टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया और छठी बार विश्व कप का खिताब जीत लिया। भारत ने इंग्लैंड को फाइनल में 100 रनों से हराया। भारत ने इंग्लैंड के सामने 412 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में इंग्लिश टीम 40.2 ओवर में 311 रन पर सिमट गई।

टीम इंडिया के लिए वैभव सूर्यवंशी फाइनल के सुपरस्टार रहे। उन्होंने 80 गेंद में 175 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। वहीं, इंग्लैंड की ओर से कैलब फाल्कनर ने शतक जड़ा, लेकिन टीम को नहीं जिता पाए। फाल्कनर ने 67 गेंद पर 115 रन की पारी खेली। भारत पूरे टूर्नामेंट के दौरान अजेय रहा और ग्रुप चरण से लेकर फाइनल मुकाबले तक कोई टीम आयुष म्हात्रे की अगुआई वाली टीम को हरा नहीं सकी। भारत के लिए वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे और अभिज्ञान कुंडू ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान -शेष पृष्ठ दो पर




# छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर मुठभेड़, तीन नक्सली ढेर

- महाराष्ट्र का एक जवान शहीद

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबल के जवानों और नक्सलियों के बीच एक बार फिर से मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की गई है। मुठभेड़ बीजापुर और महाराष्ट्र के बॉर्डर में हुई है।

इस ऑपरेशन में छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के सुरक्षाबलों की टीम संयुक्त रूप से शामिल हैं। छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर नक्सलियों की मौजूदगी के बाद ऑपरेशन शुरू किया गया था। महाराष्ट्र पुलिस के अनुसार, जवानों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 3 नक्सली ढेर हुए। वहीं महाराष्ट्र का एक जवान शहीद हो गया। 6 फरवरी की सुबह अबूझमाड़ के जंगल में दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हुई। जिसमें 3 नक्सली मारे गए हैं।

# धामपुर में फर्जी आईबी डिप्टी कमिश्नर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता



- एसटीएफ मेरठ ने किया खुलासा, पुलिस अफसरों और नेताओं पर रौब गांठ कर वर्षों से बनाता रहा दबाव, नेटवर्क खंगाल रही एसटीएफ

**धामपुर।** खुद को इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) का डिप्टी कमिश्नर बताकर बिजनौर जनपद के पुलिस अधिकारियों, प्रशासनिक सरकारी अधिकारियों के अमले पर रौब गांठने वाले शातिर व्यक्ति को मेरठ एसटीएफ ने धामपुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान मनोज कुमार पुत्र नरेंद्र कुमार निवासी ग्राम त्रिलोकवाला, थाना नगीना के रूप में हुई है। वह नगीना मार्ग स्थित गुलमोहर रेस्टोरेंट के पास बीते करीब पांच वर्षों से किराए के मकान में रह रहा था।

शासन स्तर पर शिकायत पहुंचने के बाद मामले की गोपनीय जांच कराई गई। जांच में सामने आया कि आरोपी लगातार खुद को आईबी का बड़ा अधिकारी बताकर अधिकारियों पर अपने पक्ष में कार्रवाई कराने का दबाव बनाता रहा। इसके बाद मेरठ एसटीएफ की टीम ने इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार के नेतृत्व में धामपुर पहुंचकर उसे हिरासत में लिया। फिलहाल आरोपी से कोतवाली में पूछताछ जारी है और उसके संपर्कों की भी जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बीते 24 दिसम्बर को मनोज की पत्नी अपर्णा का ईदगाह के सामने एक्सीडेंट हो गया था। गंभीर हालत में उसे मुरादाबाद ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद मनोज ने खुद को आईबी का डिप्टी कमिश्नर बताते हुए बिजनौर के आला पुलिस अधिकारियों समेत अन्य अधिकारियों -शेष पृष्ठ दो पर

### दवाइयों का होलसेल कारोबार, डाक्टरों से भी जान-पहचान

बताया जा रहा है कि मनोज गुलमोहर रेस्टोरेंट के पास गली में स्थित रिटायर्ड कानूनगो के मकान मे किराए पर रहता था। दवाइयों का होलसेल कारोबार करता था। धामपुर के कई निजी चिकित्सकों और मेडिकल स्टोर संचालकों से उसके संपर्क थे। चिकित्सकों से भी वह खुद को आईबी अधिकारी बताकर जान-पहचान बनाता था, जिससे उसका रौब और प्रभाव बना रहता था।

### खुफिया तंत्र पर उठे सवाल

पिछले पांच वर्षों से धामपुर में रह रहे मनोज की पत्नी स्थानीय एक निजी अस्पताल में कार्यरत थी और उसका मायका भी धामपुर क्षेत्र के एक गांव में बताया जा रहा है। इसके बावजूद स्थानीय पुलिस और जिले का खुफिया विभाग उसकी गतिविधियों को समय रहते पकड़ नहीं सका। गैर जनपद मेरठ से आई एसटीएफ टीम द्वारा की गई कार्रवाई के बाद ही पूरे मामले का पर्दाफाश हो सका। एसटीएफ आरोपी के नेटवर्क, लेन-देन और संपर्कों की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी ने किन-किन मामलों में फर्जी अधिकारी बनकर दबाव बनाया, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

# दिल्लीः सड़क पर खुदे गड्ढे में गिरकर बाइक सवार की मौत

**नई दिल्ली।** वेस्ट दिल्ली के जनकपुरी इलाके में दिल्ली जल बोर्ड की कंस्ट्रक्शन साइट पर खोदे गए 15 फीट गहरे गड्ढे में गिरने से एक मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। हादसा गुरुवार देर रात को हुआ। मृतक की पहचान कैलाशपुरी निवासी कमल भयानी (25) के रूप में हुई है, जो एक प्राइवेट बैंक के कॉल सेंटर में काम करता था। सुबह करीब 8 बजे पीसीआर कॉल मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक गड्ढा डीजेबी ने कंस्ट्रक्शन के लिए खोदा था और सड़क कुछ दिनों से बंद थी। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। कैबिनेट मंत्री परवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के तीन अधिकारियों को सस्पेंड किया गया है। इनमें एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर शामिल हैं। साथ ही प्रोजेक्ट कंपनी पर कार्रवाई होगी और डीजेबी पीड़ित परिवार को मुआवजा देगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पीडीए पाठशाला को जनआंदोलन में बदलने का आह्वान

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि 'पीडीए पाठशाला' के सांकेतिक आंदोलन को अब वास्तविक और जमीनी जनआंदोलन में बदलना होगा। तभी शोषित-वंचित समाज की आने वाली पीढ़ियां पढ़-लिखकर आगे बढ़ सकेंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की शिक्षा-विरोधी सोच के कारण प्रदेश में सरकारी स्कूलों को बंद कराया जा रहा है। अखिलेश यादव ने अपने बयान में कहा है कि भाजपा जानती है कि शिक्षा से लोगों में जागरूकता और वैज्ञानिक चेतना आती है, जो उसकी दकियानूसी, रूढ़िवादी और संकीर्ण सोच के लिए खतरा है। इसी वजह से भाजपा शिक्षा, ज्ञान-विज्ञान के खिलाफ रहती है और उसके संगी-साथी बच्चों को एकरंगी नकारात्मक विचारधारा में ढालना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों से शिक्षा और तालीम का अधिकार छीनना एक गंभीर सामाजिक अपराध है, जिसका सबसे ज्यादा नुकसान पीडीए समाज को ही उठाना पड़ेगा।

### योगी ने लता को पुण्यतिथि पर दी विनम्र श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय संगीत को अपनी दिव्य स्वर-साधना से विश्व पटल पर प्रतिष्ठित करने वाली स्वर कोकिला, 'भारत रत्न' लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि लता मंगेशकर का अद्वितीय गायन और संगीत के प्रति उनका आजीवन समर्पण कला जगत के लिए एक अमूल्य धरोहर है। उनकी मधुर वाणी और संगीत साधना सदैव हमारे हृदयों में जीवंत रहेगी तथा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेगी।

# प्रधानमंत्री पद पर बैठा व्यक्ति मनोबल टूटने पर ही बोलेगा अपशब्द

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि इस पद पर बैठा व्यक्ति यदि अपशब्द और असत्य बोलने लगता है, तो इसका सीधा मतलब यही होता है कि उनमें कोई हताशा है, जिसके कारण उनका मनोबल टूट गया है।

खड़गे ने प्रधानमंत्री के राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर गुरुवार को दिए गए जवाब पर एक वीडियो पोस्ट में शुक्रवार को कहा कि मोदी ने 97 मिनट पर अपना भाषण दिया और इसमें वह सब असत्य ही दोहराते रहे हैं। जब हमने अभिभाषण पर अपनी बातें रखी उनका भी प्रधानमंत्री ने जवाब नहीं दिया। वह सिर्फ 100 साल, 75 साल, 50 साल की बात करते रहे। इसका मतलब यही है कि मोदी के पास हमारे पूछे गए सवालों का जवाब देने की शक्ति ही नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मोदी कांग्रेस पर सिखों का अपमान करने का आरोप लगा रहे हैं,



■ हमारे पूछे गए सवालों का जवाब देने की ताकत नहीं: खड़गे

जबकि सच यह है कि उन्होंने खुद सिखों का अपमान किया है। मोदी ने खुद पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह का अपमान किया था। दरअसल सिखों का अपमान तो प्रधानमंत्री ने किया है। मोदी ने कहा कि हमने सिखों का अपमान किया। मतलब सदन के बाहर दो लोगों की बातचीत हुई, उसे सिखों का अपमान कह दिया गया। उनका कहना था कि कांग्रेस सिखों का बहुत आदर करती है, कांग्रेस सरकार में डा. मनमोहन सिंह वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री बने थे, लेकिन श्री मोदी न सिखों का आदर करते हैं, न दलितों का और न ही आदिवासियों का। खड़गे ने ये बातें दिखाती हैं कि श्री मोदी का मनोबल टूट चुका है, उनकी रौनक कम हो गई है। वे कहते हैं मुझे गालियां देते हैं, दो किलो गालियां दीं, एक कुंतल गालियां दीं तो क्या गालियां तोलते हैं। उन्होंने मुझे तो बहुत गालियां दी हैं। और खुद के लिए कहते हैं दो-दो किलो, एक-एक कुंतल गालियां मुझे देते हैं और ये क्या है। प्रधानमंत्री पद पर बैठा इंसान अगर लोकतंत्र और देश के लिए अपशब्द कहे, तो ये अच्छी बात नहीं है। उन्होंने लोकसभा में पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की पुस्तक के अंश पढ़ने नहीं देने का भी जिक्र किया और कहा ष्वे कहते हैं कि किताब छपी ही नहीं है। जब नरवणे जी की किताब हमें मिल गई, तो सत्ता में बैठे लोगों को कैसे नहीं मिली। वे संसद में कह रहे हैं कि किताब अभी प्रकाशित ही नहीं हुई है। अमित शाह हो या राजनाथ सिंह सभी ने बार-बार किताब न होने की बात की, लेकिन असलियत में किताब मौजूद है। जब नरवणे जी की किताब के बारे में राहुल गांधी ने संसद में बोला, तो पूरे सत्ता पक्ष को जाने क्यों बुरा लगा।

# 'घूसखोर पंडत' पर लगे प्रतिबंध: मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने वेब सीरीज 'घूसखोर पंडत' में 'पंडित' शब्द को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने इसे बेहद दुखद और चिंताजनक बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश ही नहीं, अब फिल्मों के माध्यम से भी एक विशेष वर्ग का अपमान किया जा रहा है, जिससे पूरे देश में आक्रोश व्याप्त है।

मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि फिल्म में 'पंडित' को 'घुसपैठिया' बताकर पूरे ब्राह्मण समाज का अपमान और अनादर किया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की जातिसूचक टिप्पणियां सामाजिक सौहार्द को



नुकसान पहुंचाने वाली हैं और इन्हें किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। बसपा प्रमुख ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनकी पार्टी इस तरह की टिप्पणी की कड़ी निंदा करती है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि ऐसी जातिसूचक और समाज को बांटने वाली फिल्म पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए, ताकि सामाजिक तनाव को रोका जा सके। मायावती ने कहा कि संविधान सभी वर्गों को सम्मान और समानता का अधिकार देता है, ऐसे में किसी भी माध्यम से किसी समाज को अपमानित करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि कानून-व्यवस्था और सामाजिक समरसता के लिए भी घातक है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मामले में त्वरित और कठोर कार्रवाई करने की अपील की।

### पदाधिकारियों की अहम बैठक आज

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शनिवार को पार्टी संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। इस बैठक में उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों को बुलाया गया है। पार्टी की तरफ से एक आधिकारिक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी गई है। बैठक से पूर्व मायावती मीडिया को संबोधित करेंगी।

# यूपी में दावे व आपत्तियों की तारीख एक महीने बढ़ी

**लखनऊ, वार्ता**

यूपी में एसआईआर पर दावे और आपत्तियों की तारीख एक महीने तक बढ़ा दी गई है। अब 6 फरवरी की जगह 6 मार्च तक फॉर्म-6 और फॉर्म-7 जमा करवाया जा सकता है। नोटिस की सुनवाई की प्रक्रिया 27 मार्च तक चलेगी, इसके बाद 10 अप्रैल को इलेक्शन कमीशन की तरफ से फाइनल मतदाता सूची जारी की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में 27 अक्टूबर को एसआईआर की प्रक्रिया की शुरुआत की गई थी। घर-घर जाकर बीएलओ की तरफ से गणना का काम 4 नवंबर से शुरू किया गया था, फिर 6 जनवरी को मतदाता सूची का ड्राफ्ट जारी किया गया था। नवदीप रिणवा ने बताया कि राजनीतिक दलों और नागरिकों की अपील पर चुनाव आयोग ने समय बढ़ाने का निर्णय

■ अब 10 अप्रैल को आएगी फाइनल वोटर लिस्ट: रिणवा


लिया है। हमारा लक्ष्य है कि मतदाता सूची पूरी तरह से सटीक और समावेशी बने। पहले दावा-आपत्ति की अवधि 6 फरवरी में समाप्त हो रहा था, लेकिन अब यह मार्च तक बढ़ा दिया गया है। विसंगतियों और नोटिस के जवाब का निपटारा 27 मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। विदेश में रह रहे नागरिक भी फॉर्म 6। भरकर मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं। नवदीप रिणवा ने कहा कि प्रदेश में देश की सबसे बड़ी मतदाता संख्या है। यहां लगभग 15 करोड़ से अधिक वोटर हैं है। एसआईआर 2026 की प्रक्रिया पिछले साल से चल रही है। एसआईआर का उद्देश्य पुरानी सूचियों से लिंकिंग, डुप्लीकेट नाम हटाना और नई एंट्रीज को सुनिश्चित करना है।

## विधानसभा चुनाव से पहले सभी दल पूरी ताकत के साथ तैयारियों में जुटे

# चुनाव से पूर्व यूपी भाजपा में अंतर्विरोधों की आहट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सभी राजनीतिक दल पूरी ताकत के साथ तैयारियों में जुटे हैं। इसी बीच सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के भीतर उभरते विरोधी सुरों ने पार्टी नेतृत्व की चिंता बढ़ा दी है। जनप्रतिनिधियों बनाम अधिकारियों और सरकार बनाम संगठन के बीच खिचती रेखा अब सार्वजनिक बहस का विषय बनती जा रही है। 30 जनवरी को महोबा में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और स्थानीय भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत के बीच सड़क पर हुआ तीखा विवाद इसी अंतर्विरोध का ताजा उदाहरण माना जा रहा है। हालांकि पार्टी नेतृत्व ने इसे मामूली घटना बताया, लेकिन सियासी गलियारों में इसे सत्ता और संगठन के बीच असंतुलन की एक



■ सरकार-संगठन के बीच खिंचती रेखा बनी चुनौती, विरोधी सुरों ने पार्टी नेतृत्व की चिंता बढ़ाई

कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। महोबा में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत के बीच हुई तीखी नोकझोंक को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने संक्षिप्त प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा कि पूरा मामला पार्टी के संज्ञान में है। इस मामले में दोनों नेताओं से बात कर ली गई है। हालांकि यह पहला मौका नहीं है जब भाजपा के भीतर अनुशासन की दीवार में दरार दिखाई दी हो। बीते कुछ वर्षों में ऐसे कई प्रसंग सामने आए हैं, जब जनप्रतिनिधियों की महत्वाकांक्षा और प्रशासनिक कार्यशैली को लेकर असंतोष खुलकर सामने आया। इससे पहले जुलाई 2022 में जलशक्ति राज्यमंत्री दिनेश खटीक द्वारा अधिकारियों पर उपेक्षा और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए सार्वजनिक रूप से इस्तीफा देना, इसी बेचैनी का बड़ा संकेत था। हालांकि बाद में मामला संभाल लिया गया, लेकिन तब यह संदेश साफ चला गया कि अंदरखाने सब कुछ ठीक नहीं है। 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी पार्टी के भीतर कलह खुलकर सामने आई थी। मुजफ्फरनगर सीट से चुनाव लड़ रहे केंद्रीय मंत्री डा. संजीव बालियान और भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम के बीच चली तीखी जुबानी जंग का असर कई सीटों पर पड़ा। चुनाव परिणाम आने के बाद सहारनपुर से भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा ने खुले तौर पर अपनी हार के लिए पार्टी के ही मंत्री और विधायक पर आरोप लगाकर सियासी तापमान और बढ़ा दिया।

### खींचतान खुलकर आने लगी सामने

उत्तर प्रदेश की सियासत में सत्ताधारी भाजपा के भीतर ही नहीं, बल्कि भाजपा और उसके सहयोगी दलों के मंत्रियों के बीच भी खींचतान खुलकर सामने आने लगी है। ताजा मामला कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर और अनिल राजभर के बीच बढ़ते टकराव का है, जो अब सार्वजनिक मंचों तक पहुंच गया है। दोनों नेता न सिर्फ एक ही जाति से आते हैं, बल्कि एक ही इलाके के निवासी हैं और योगी सरकार में कैबिनेट स्तर के मंत्री भी हैं। लंबे समय से चली आ रही आपसी अदावत अब तीखी बयानबाजी में बदलती दिख रही है। कुछ दिन पहले अनिल राजभर एक कार्यक्रम में भाषण दे रहे थे, तभी पीला गमछा पहने कुछ लोगों ने नारेबाजी शुरू कर दी। इससे नाराज मंत्री अनिल राजभर ने नारेबाजी कर रहे लोगों को ओम प्रकाश राजभर का समर्थक बताते हुए कहा कि जैसा इनका नेता चोर है, वैसे ये भी चोर हैं। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए ओम प्रकाश राजभर ने अनिल राजभर पर पलटवार करते हुए कहा कि उंगली उठाने वाले 23 साल पहले लोहे की दुकान चलाते थे और चोरी करते थे।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 83580.40
निफ्टी 25693.70



सोना 151489
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार देश



चांदी रु. 241184
प्रति किलो



# एफएमसीजी, निजी बैंकों में लिवाली से चढ़े प्रमुख सूचकांक

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को शुरुआती गिरावट के बाद एफएमसीजी और निजी बैंकों के शेयरों में तेजी रही और प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 266.47 अंक (0.32 प्रतिशत) ऊपर 83,580.40 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 50.90 अंक चढ़कर 25,693.70 अंक पर बंद हुआ। सुबह सेंसेक्स एक समय 388 अंक टूट गया था, लेकिन रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मौद्रिक नीति बयान से उत्साहित निवेशकों की लिवाली से दोपहर बाद लिवाली से यह 288 अंक चढ़



गया था। केंद्रीय बैंक ने रेपो तथा दूसरी नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया है, लेकिन आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने साफ कहा कि लंबे समय तक रेपो दर निचले स्तर पर बनी रहेगी। नीतिगत स्तर पर रिजर्व बैंक ने एमएसएमई के लिए रेहन-मुक्त ऋण की सीमा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने की घोषणा की। बड़ी कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में बिकावाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.36 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.27 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। एफएमसीजी सेक्टर का सूचकांक 2.27 प्रतिशत चढ़ा। निजी बैंक, रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और तेल एवं गैस समूहों के सूचकांकों में भी तेजी रही। वहीं निफ्टी आईटी सूचकांक 1.47 प्रतिशत लुढ़क गया। फार्मा, ऑटो, सार्वजनिक बैंकों, स्वास्थ्य और रसायन समूहों में भी गिरावट रही। एनएसई में जिन 3,242 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें 1,781 के शेयर लाल निशान में और 1,340 के हरे निशान में बंद हुए। अन्य 121 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार.चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 13 के शेयर हरे निशान में रहे।

# चांदी सस्ती, सोना भी 1.51 लाख पर आया

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 6 फरवरी को गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत आज 13,155 रुपए गिरकर 2,41,184 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2,54,339 रुपए थी। दो दिन में ये 41,278 रुपए सस्ती हो चुकी है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव आज 1,013 रुपए कम होकर 1,51,489 रुपए पर आ गया है। इससे पहले ये 1,52,502 रुपए पर था। सोना दो दिन में 6,669 रुपए सस्ता हुआ है। सर्राफा बाजार में सोने ने 29 जनवरी को 1,76,121 और चांदी ने 3,85,933 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। सोने-चांदी की बढ़ती-घटती कीमतों पर न केवल निवेशकों की नजर है, बल्कि शादी-ब्याह के सीजन के बीच आम खरीदार भी उहापोह में हैं। चांदी की कीमतों में लगातार बदलाव हो रहे हैं। आज फिर से मुनाफावसूली देखी गई है। हालांकि निवेशकों ने खरीदारी पर भी फोकस किया है। आज लखनऊ में सोने की कीमत की बात करें तो 24 कैरेट सोने का भाव 1,52,400 रुपये/10 ग्राम चल रहा है। 22 कैरेट सोने का दाम 1,39,800 रुपये/10 ग्राम और 18 कैरेट सोने का दाम 1,14,310 रुपये/10 ग्राम चल रहा है। वहीं, भागलपुर में 24 कैरेट सोने का भाव 1,52,400 रुपये/10 ग्राम चल रहा है।

# चावल, गेहूं सस्ता, दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। चीनी के दाम कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही टिके रहे। दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 14 रुपये घटकर 3,851 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं भी 16 रुपये टूट गया और 2,854 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 13 रुपये सस्ता हुआ।

दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 49 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल 16 रुपये और मूंग दाल 15 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल में आठ रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में



पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 53 रिगिट टूटकर 4,153 रिगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 0.68 प्रतिशत की गिरावट में 55.27 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल औसतन 28 रुपये और वनस्पति 22 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सरसों तेल की कीमत 51 रुपये और पाम ऑयल की 44 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल 25 रुपये और सोया तेल 24 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 27 रुपये प्रति क्विंटल घट गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**इस्लामाबाद की ...**

प्रवक्ता तकी जवाद ने कहा कि धमाके की प्रकृति का पता लगाना अभी जल्दबाजी होगी और फोरेंसिक टीमों को यह तय करना होगा कि यह आत्मघाती हमला था या प्लांट किया गया बम। धमाके के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। लोग अपनी जान बचाते हुए इधर-उधर भागते दिखे। सूचना मिलते ही फौरन पुलिस और रेस्क्यू टीमें पहुंची और राहत व बचाव कार्य में जुट गए। घटना से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आई हैं, जिसमें लोग इमाम बारगाह की जमीन पर बेसुध पड़े हैं। वहीं कुछ लोग एक दूसरे की मदद करते दिखाई दिए। सुरक्षा एजेंसियों ने इमाम बारगाह और आसपास के पूरे इलाके की घेराबंदी करते हुए कड़ी निगरानी रखी जा रही है। राजधानी के पॉलीक्लिनिक, पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीआईएमस), और सीडीए अस्पताल में इमरजेंसी लगा दी गई है। पीआईएमएस के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (ईडी) के निर्देश पर अस्पताल में इमरजेंसी लागू कर दी गई है। एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य इमरजेंसी, आर्थोपेडिक, बर्न सेंटर और यूएसयूरोलॉजी डिपार्टमेंट को एक्टिव कर दिया गया है।

**भारत ने...** शानदार प्रदर्शन किया। भारत ने पहले मैच में अमेरिका को छह विकेट से हराया। इसके बाद बांग्लादेश को 18 रन से मात देकर सुपर सिक्स चरण में प्रवेश किया। ग्रुप चरण के आखिरी मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को डीएलएस प्रणाली से सात विकेट से हराया। ग्रुप चरण में दमदार प्रदर्शन के बाद भारत ने सुपर सिक्स चरण में जिम्बाब्वे को 204 रनों के बड़े अंतर से हराया। फिर चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 58 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया और पाकिस्तान को बाहर का रास्ता दिखाया। भारत ने सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। इसमें कोई शक नहीं है कि भारत का अंडर-19 विश्व कप में हमेशा ही दबदबा रहा है। दिलचस्प बात यह है कि भारत अंडर-19 विश्व कप के 16 सत्र में से 10 बार खिताबी मुकाबले में पहुंच चुका है जो सर्वाधिक है। भारत ने लगातार छठी बार खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया था। टीम ने 2016, 2018, 2020, 2022, 2024 और 2026 में खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। यह आंकड़ा ये बताने के लिए अपने आप में काफी है कि भारतीय टीम का अंडर-19 में कोई सानी नहीं है। यहां तक कि आस्ट्रेलिया टीम भी भारत से काफी पीछे है। आस्ट्रेलिया ने छह बार अंडर-19 टीम के फाइनल में जगह बनाई है और चार बार खिताब जीता है। अंडर-19 विश्व कप का किया था सबसे बड़ा रन चेज-भारत के नाम अंडर-19 विश्व कप में सबसे बड़ा रन चेज का रिकार्ड भी है। टीम ने यह उपलब्धि अफगानिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में हासिल की थी। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में चार विकेट पर 310 रन बनाए। जवाब में भारत के लिए आरोन जार्ज ने शतक लगाया, जबकि वैभव सूर्यवंशी और कप्तान आयुष म्हात्रे ने अर्धशतक लगाए, जिससे टीम ने 41.1 ओवर में तीन विकेट पर 311 रन बनाकर मैच अपने नाम किया था। भारत ने इस तरह अंडर-19 विश्व कप का सबसे बड़ा रन चेज बनाया था। इससे पहले ये रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम था जिन्होंने 2006 में आयरलैंड के खिलाफ 305 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। भारत ने इस तरह 20 साल पुराना रिकार्ड तोड़ा था।

**धामपुर में....** को फोन कर दबाव बनाया। मामला केंद्रीय एजेंसी से जुड़ा बताने के कारण पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। बाद में उच्च स्तर पर संदेह होने पर पूरे प्रकरण की जांच शुरू कराई गई। मेरठ एसटीएफ को इनपुट मिला था कि धामपुर में रह रहा एक व्यक्ति खुद को आईबी अधिकारी बताकर सरकारी कामों में हस्तक्षेप कर रहा है। टीम ने सर्विलांस के जरिए आरोपी की गतिविधियों की निगरानी की और शुक्रवार देर शाम उसे दबोच लिया। आरोपी के मोबाइल फोन, कॉल डिटेल और संपर्कों की बारीकी से जांच की जा रही है। सूत्र बताते हैं कि आरोपी पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय नेताओं को भी फोन कर खुद को आईबी का वरिष्ठ अधिकारी बताता था। इस रौब के सहारे वह कई बार अपने काम निकलवाने की कोशिश करता रहा। उसकी शातिराना कार्यप्रणाली के चलते मोहल्ले के लोग भी उसकी असल पहचान से अनजान रहे। एसटीएफ ने बताया कि मनोज कुमार एमएससी पास है और उसकी बोलने की शैली काफी प्रभावशाली है। वह लोगों के काम कराने का भरोसा दिलाकर अधिकारियों पर दबाव बनाता था। सरकारी कार्यालयों में खुद को आईबी अधिकारी बताकर वह अपने काम निकलवाने की कोशिश करता था। सर्विलांस डिटेल और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से सरकारी कार्यों में हस्तक्षेप कर रहा था। पत्नी की सड़क हादसे में मृत्यु के बाद उसने अधिकारियों पर काफी दबाव बनाया था।

# आवारा कुत्तों को लेकर योगी सरकार का बड़ा फैसला

## हर जिले में बनेंगे शेल्टर होम व एबीसी सेंटर, जिला मुख्यालयों पर भी जमीन की जा रही चिन्हित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी में आवारा कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने के लिए योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। अब हर जिले में शेल्टर होम और एबीसी सेंटर बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि सभी 75 जिलों के मुख्यालयों पर जल्द से जल्द ये केंद्र शुरू किए जाएं। शेल्टर होम की क्षमता, इन्फ्रास्ट्रक्चर, पशु चिकित्सा सुविधाएं, भोजन, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती जैसे सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल किया गया है।

योगी सरकार ने नगर निगमों और जनपद मुख्यालयों पर डॉग शेल्टर होम व एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर की स्थापना प्रक्रिया तेज कर दी है। शासन स्तर पर इसे प्राथमिकता देते हुए भूमि चिह्नीकरण, बजट निर्धारण और परियोजना स्वीकृति की कार्रवाई एक साथ आगे बढ़ाई जा रही है। इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट ने हाल में ही गाइडलाइंस जारी की थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान मानवीय, वैज्ञानिक व



स्थायी तरीके से करने का आदेश दिया था। सरकार का मानना है कि डॉग शेल्टर होम और एबीसी सेंटर की प्रभावी व्यवस्था से जहां एक ओर आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, वहीं दूसरी ओर पशु कल्याण को भी मजबूती मिलेगी। नगर निगम क्षेत्रों में पहले से संचालित अथवा प्रस्तावित एबीसी सेंटरों के साथ ही डॉग शेल्टर होम विकसित किए जाएंगे। इसके लिए प्रत्येक नगर निगम को निर्देशित किया गया है कि वह उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराए और आवश्यक प्रशासनिक औपचारिकताओं को शीघ्र पूर्ण करे। शासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यह पूरी प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस व पशु कल्याण से जुड़े मानकों के अनुरूप की जा रही है। योगी सरकार ने डॉग शेल्टर होम के लिए अलग से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के निर्देश दिए हैं। प्रति शेल्टर होम 470 लाख से 531 लाख रुपये तक लागत आएगी। डीपीआर में शेल्टर होम की क्षमता, इन्फ्रास्ट्रक्चर, पशु चिकित्सा सुविधाएं, भोजन, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती जैसे सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल किया गया है। शासन स्तर पर इन डीपीआर को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान कर दी गई है और अब सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप अगले चरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रयागराज नगर निगम क्षेत्र में ग्राम मऊर उपरहट, तहसील सोरांव में डॉग शेल्टर होम के लिए भूमि चिह्नित कर ली गई है। लखनऊ नगर निगम में भूमि की उपलब्धता को लेकर कार्यकारिणी बोर्ड से प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है। जनपद मुख्यालयों पर भी एबीसी सेंटर एवं शेल्टर होम की स्थापना को लेकर तेजी से कार्यवाई की जा रही है। ललितपुर में 12.182 हेक्टेयर, हरदोई में 0.2 हेक्टेयर, बुलंदशहर में 2000 वर्ग मीटर और फतेहपुर में 0.769 हेक्टेयर भूमि एबीसी सेंटर एवं डॉग शेल्टर होम के लिए चिह्नित कर ली गई है।

# दिल्ली बना सहकारी कैब मॉडल से जुड़ने वाला पहला राज्य

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली देश का पहला राज्य बन गई है, जिसने 'भारत टैक्सी' के सहकारी मोबिलिटी प्लेटफॉर्म के साथ औपचारिक साझेदारी की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इसका उद्देश्य दिल्ली आने वाले पर्यटकों और यहां के नागरिकों को सुरक्षित, भरोसेमंद और पारदर्शी टैक्सी सेवाएं देना तथा टैक्सी चालकों की आय व सम्मान को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि यह समझौता एक साथ ईज ऑफ लिविंग, ईज ऑफ ट्रैवल और ईज ऑफ अर्निंग को सशक्त करने की दिशा में अहम कदम है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में दिल्ली सचिवालय में आयोजित बैठक में दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम (डीटीटीडीसी) ने भारत टैक्सी की सहकारी इकाई सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड (एसटीसीएल) के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री व डीटीटीडीसी के चेयरमैन कपिल मिश्रा, डीटीटीडीसी के प्रबंध निदेशक सुनील अं. चपाका और महाप्रबंधक डी. कार्तिकेयन भी उपस्थित थे। एसटीसीएल की ओर से वाइस चेयरमैन रोहित गुप्ता, मुख्य कार्यकारी अधिकारी कर्नल हिमांशु और ऑपरेशंस व कम्युनिटी एंगेजमेंट की कार्यकारी आरुषि कौल उपस्थित रहीं।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य दिल्ली में सहक. ारी मॉडल के तहत आधुनिक और भरोसेमंद टैक्सी सेवाओं को मजबूत करना है। परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ ऐसे मॉडल को आगे बढ़ाना है, जिसमें तकनीक के साथ-साथ मानवीय गरिमा और आजीविका की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो। सहकारी टैक्सी मॉडल इसी सोच को जमीन पर उतारता है।मुख्यमंत्री ने बताया कि इस साझेदारी के तहत डीटीटीडीसी पर्यटन और ब्रांडिंग पार्टनर की भूमिका निभाएगा। चूंकि टैक्सी चालक पर्यटकों के लिए शहर का पहला परिचय होते हैं, इसी को ध्यान में रखते हुए उन्हें सॉफ्ट स्किल्स, दिल्ली की संस्कृति, इतिहास और विरासत से जुड़ा विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षित चालक दिल्ली पर्यटन के 'ब्रांड एम्बेसडर' के रूप में काम करेंगे। वहीं, एसटीसीएल अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म और सहकारी ड्राइवर नेटवर्क के जरिए तकनीक-सक्षम टैक्सी सेवाएं उपलब्ध कराएगा, जिससे रोजमर्रा के यात्रियों और पर्यटकों को व्यवस्थित और भरोसेमंद सेवा मिलेगी।मुख्यमंत्री ने बताया कि इस समझौते के तहत दिल्ली आने वाले पर्यटकों के लिए टैक्सी के जरिए खास घूमने-फिरने के पैकेज शुरू किए जाएंगे। इनमें दो घंटे, चार घंटे और पूरे दिन के दर्शनीय स्थल भ्रमण के विकल्प होंगे, जिनमें दिल्ली और आसपास के प्रमुख पर्यटन स्थल शामिल रहेंगे। इसके अलावा शहर के भीतर एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए पॉइंट-टू-पॉइंट टैक्सी सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे लास्ट-माइल कनेक्टिविटी बेहतर होगी और रोजाना सफर करने वाले लोगों को ज्यादा सुविधा मिलेगी। मोबाइल ऐप और तकनीक के जरिए आसान बुकिंग, साफ-सुथरी और पारदर्शी किराया व्यवस्था और तय सेवा मानकों से दिल्लीवासियों और पर्यटकों का यात्रा अनुभव बेहतर होगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि इस योजना का सबसे बड़ा फोकस टैक्सी चालकों की आमदनी और सुरक्षा पर है। सहकारी मॉडल के तहत चालक अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा खुद रख पाएंगे, जो मौजूदा निजी एग्रीगेटर कंपनियों की तुलना में कहीं ज्यादा होगा। साथ ही, चालक इस सहकारी संस्था के हिस्सेदार भी होंगे।



# ड्रग्स तस्करी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिला एंटी नारकोटिक्स सेल ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए सिविल लाइंस इलाके से एक ड्रग्स सप्लायर को गिरफ्तार किया है।

आरोपित के कब्जे से 339.5 ग्राम उच्च गुणवत्ता की हेरोइन बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपये आंकी गई है। आरोपित बुलेट मोटरसाइकिल पर नशे की खेप लेकर सप्लाई के लिए जा रहा था। गिरफ्तार आरोपित की पहचान मजनूं का टीला निवासी गुड्डू (24) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपित पिछले 3 से 4 वर्षों से नशे की सप्लाई के धंधे में सक्रिय था।

उत्तरी जिले के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुमित कुमार झा ने शुक्रवार को बताया कि जिले की एंटी नारकोटिक्स सेल को 4 फरवरी की शाम गुप्त सूचना मिली थी कि गुड्डू नामक युवक स्मैक की सप्लाई के लिए चांदगीराम अखाड़ा से रिंग रोड की ओर जाएगा। वह रॉयल एनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार होगा और सिविल लाइंस के इलाके से गुजरेगा। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर संजय कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने ट्रॉमा सेंटर, सिविल लाइंस के पास रणनीतिक तरीके से जाल बिछाया। शाम करीब 7:40 बजे चांदगीराम अखाड़ा की ओर से आती बुलेट मोटरसाइकिल को गुप्त सूचना के आधार पर रोका गया। तलाशी लेने पर आरोपित के पास से काले रंग की पॉलीथिन में 339.5 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ में आरोपित ने खुलासा किया कि वह यह नशा बरेली से लेकर आया था और ट्रांस यमुना इलाके में सप्लाई करने जा रहा था। उसने बताया कि वह पिछले कई वर्षों से नशे की अवैध सप्लाई में लिप्त है।

## बढ़ा बजट बदलेगा दिल्ली की तस्वीर: वीर सिंह पंवार

**नई दिल्ली।** दिलशाद गार्डन से पार्षद वीर सिंह पंवार ने कहा कि वर्ष 2026-27 में पार्षदों का बढ़ने वाला बजट दिल्ली को सजाने और संवारने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि इस बजट सत्र से पार्षदों को लगभग दो करोड़ रुपये की पार्षद निधि दो-तीन किस्तों में मिलेगी, जिससे नालियों, गलियों और स्थानीय सड़कों जैसे विकास कार्य तेजी से किए जा सकेंगे। पंवार ने कहा कि छोटी गलियों और एमसीडी क्षेत्र के काम पार्षद फंड से होंगे, जबकि बड़े रोड और पीडब्ल्यूडी मार्गों पर विधायक फंड लगाया जाएगा। उन्होंने ट्रिपल इंजन सरकार और ट्रांस यमुना बोर्ड से मिलने वाले अतिरिक्त फंड को भी बड़ी सौगात बताया।

# शिक्षा मंत्री ने 'परीक्षा पे चर्चा 2026' में विद्यार्थियों से किया सीधा संवाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने परीक्षा पे चर्चा -2026 कार्यक्रम के तहत सीएम श्री स्कूल, नानकपुरा, मोती बाग-II में विद्यार्थियों से सीधा संवाद करते हुए आगामी परीक्षा को लेकर उनके मन से डर दूर करने के लिए प्रेरक संदेश दिए।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने विद्यार्थियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा विद्यार्थियों से संवाद करते हुए परीक्षा पे चर्चा 2026 का लाइव प्रसारण देखा और उनसे संवाद करते हुए कहा कि परीक्षाएं डरने की नहीं, उत्सव की तरह लेने की चीज हैं।सूद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की आप अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस रखें, अपना लक्ष्य तय करें और उसे पाने के लिए निरंतर मेहनत करें। समय का सही प्रबंधन ही सफलता की कुंजी है।

उन्होंने छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल और अन्य गति. विधियों में भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन में संतुलन बहुत जरूरी है। पढ़ाई के साथ खेल में भी हिस्सा लें इससे आपकी मानसिक और शारीरिक दोनों का विकास होता है।शिक्षा मंत्री ने परीक्षा के तनाव पर बच्चों से बात करते हुए कहा कि परीक्षा से डरने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों को नई चीजें सीखने और आत्मविश्वास बढ़ाने की सलाह देते हुए कहा की असली आत्मविश्वास अंदर से आता है जब आप खुद पर भरोसा करना सीखते हैं। तभी आप अपने लक्ष्य को प्राप्त कर पाते हैं। सूद ने विद्यार्थियों को रोजमर्रा की योजना बनाने की सीख देते हुए कहा कि आप हर दिन के लिए 'टू-डू लिस्ट' बनाएं और समय का सही उपयोग करें। यही आदत आपको आगे जीवन में सफल बनाएगी। सूद ने आगे कहा कि परीक्षा को कभी भी जीवन का अंतिम पैमाना नहीं मानना चाहिए।



**शिक्षा मंत्री आशीष सूद परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत सीएम श्री स्कूल, नानकपुरा, मोती बाग-II में विद्यार्थियों से सीधा संवाद करते हुए।**

## एक नजर

### फ्लैगशिप डिजाइन सेंटर का उद्घाटन किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** इंटीरियर सॉल्यूशंस के क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी ब्रांड हाफले ने देश में अपना सबसे बड़ा और 9वें डिजाइन सेंटर लॉन्च करके भारत में अपनी यात्रा में एक बड़ा मील का पत्थर हासिल किया है। एम3एम 65वीं एवेन्यू, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर स्थित, गुरुग्राम में यह फ्लैगशिप डिजाइन शोरूम 10,000 वर्ग फीट में फैला है और इसे दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के आर्किटेक्ट, इंटीरियर डिजाइनर, डेवलपर्स और घर मालिकों के लिए एक गहन, अनुभव-आधारित गंतव्य के तौर पर बनाया गया है। शोरूम का उद्घाटन हाफले साउथ एशिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, फ्रैंक श्लोडर ने सीनियर लीडरशिप टीम के साथ मिलकर किया। यह गुरुग्राम के आर्किटेक्चर, इंटीरियर डिजाइन, रियल एस्टेट डेवलपमेंट और आधुनिक शहरी जीवन के एक उभरते केंद्र के रूप में बढ़ते महत्व को दर्शाता है।

### एसकेएम ने मानया 14वां स्थापना दिवस

**नई दिल्ली।** सत्तारूढ़ सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) ने मंगलवार को अपना 14वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं पार्टी अध्यक्ष प्रेम सिंह तमांग ने सिक्किम की जनता के नाम एक संदेश जारी किया।अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने 4 फरवरी को एक ऐतिहासिक और निर्णायक दिन बताते हुए कहा कि इस दिन ने न केवल व्यक्तिगत जीवन को बदला, बल्कि सिक्किम की राजनीतिक दिशा और दशा को भी नया स्वरूप दिया। उन्होंने स्मरण किया कि चौदह वर्ष पूर्व एसकेएम आंदोलन की शुरुआत एक छोटे से प्रतिरोध के रूप में हुई थी, जो समय के साथ एक व्यापक जन आंदोलन में परिवर्तित हो गया और उस शासन व्यवस्था का अंत हुआ जिसे जनभावनाओं से कटा हुआ और निरंकुश माना जाता था।

### शिवानी सिंह की ऑन द वे कला प्रदर्शनी का आयोजन



**नई दिल्ली।** कलाकार शिवानी सिंह ऑन द वे, नामक कला प्रदर्शनी का आयोजन ललित कला अकादमी, दिल्ली में 27 जनवरी से 2 फरवरी 2026 तक किया गया । इस अवसर पर कलाकार शिवानी सिंह ने बताया की यह मल्टीमीडिया कला प्रदर्शनी है. मेरी कला यात्रा सांगानेर, जयपुर की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से जुड़ी हुई है। पारिवारिक विरासत के रूप में प्राप्त प्रसिद्ध सांगानेरी हैंड ब्लॉक प्रिंटिंग परंपरा से प्रेरित है। ब्लॉक प्रिंटेड फैब्रिक्स के साथ लकड़ी, कार्डबोर्ड, लोहा, प्लास्टिक और अन्य मिले-जुले माध्यमों का उपयोग करते हुए दैनिक जीवन के साधारण क्षणों, सामाजिक परिस्थितियों तथा मनुष्यों के संघर्षों को इमर्सिव इंस्टॉलेशन्स में रूपांतरित करती है । 'ऑन द वे' प्रदर्शनी दर्शकों को अपने जीवन, दिनचर्या परंपरा और आधुनिक अस्तित्व पर एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है।

### कर्तव्य भवन से प्रस्तुत पहला बजट ऐतिहासिक मील का पत्थर: सूद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने दिल्ली सचिवालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2026 का केंद्रीय बजट विकसित भारत/2047 के लक्ष्य की ठोस नींव रखने वाला बजट है। यह बजट न केवल आर्थिक दृष्टि से बल्कि वैचारिक और प्रतीकात्मक रूप से भी औपनिवेशिक सोच से पूर्ण मुक्ति का संदेश देता है।शिक्षा मंत्री ने कहा की इस बजट की एक विशेष और ऐतिहासिक खूबी यह है कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं है, बल्कि औपनिवेशिक सोच से मुक्ति का एक और निर्णायक कदम है। आप सभी को स्मरण होगा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार से पहले देश का बजट शाम 5 बजे पेश किया जाता था। ऐसा इसलिए क्योंकि उस समय लंदन में सुबह के 11 बजे होते थे और वहां बैठकर भारत का बजट देखा जाता था। आजादी के बाद भी यह परंपरा वर्षों तक चलती रही। अटल जी की सरकार ने इस औपनिवेशिक मानसिकता को पहचाना और उसे समाप्त किया। इसके बाद माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 11 वर्ष पूर्व एक और ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए बजट प्रस्तुति की तिथि 28 मार्च से बदलकर 1 फरवरी की, जिससे देश को समयबद्ध योजना और बेहतर क्रियान्वयन का लाभ मिला।

# समाजसेवा को मनोबल बढ़ाते अवॉर्ड कार्यक्रम: कपिल मिश्रा

**15 फरवरी को 'फेस भारत रत्न अवॉर्ड 2026' का आयोजन**

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किए जाने वाले "फेस भारत रत्न अवॉर्ड 2026" के लिए पूर्व विधायक नितिन त्यागी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली के कानून एवं संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा से मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

इस प्रतिनिधिमंडल में फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी मोहम्मद वकार चौधरी, डॉ. कमरुल हक और हम्माद अहमद सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। मुलाकात के दौरान मंत्री कपिल मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सम्मान समारोह समाजसेवियों का मनोबल बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इससे एक बेहतर समाज के निर्माण को बल मिलता है। पूर्व विधायक नितिन त्यागी ने फेस ग्रुप की गतिविधियों की सराहना करते हुए मंत्री को बताया कि फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी बिना किसी धार्मिक भेदभाव के सामा. जिक, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते रहे हैं, जो सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सौहार्द और सकारात्मक सोच को बढ़ावा मिलता है। डॉ. मुश्ताक अंसारी ने मंत्री कपिल मिश्रा से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह करते हुए बताया कि फेस ग्रुप पिछले 25 वर्षों से अधिक समय से समाज में आपसी सौहार्द और जनसेवा से जुड़े कार्य निरंतर करता आ रहा है। इसी क्रम में 15 फरवरी को "फेस भारत रत्न अवॉर्ड 2026" का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें समाज, स्वास्थ्य, शिक्षा, कला एवं संस्कृति, सिनेमा, फैशन, मीडिया और प्रशासन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन लोगों को दिया जाएगा, जिन्होंने अपने कर्तव्यों से आगे बढ़कर समाज के लिए निस्वार्थ भाव से योगदान दिया है।



# पैरा-एथलीटों के प्रयासों की सराहना

**नई दिल्ली।** तीसरी दिल्ली राज्य पैरा- एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025-26 के दूसरे दिन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली के वार्म-अप एरिया में ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं में कड़ा मुकाबला देखने को मिला।

विभिन्न आयु वर्गों के पैरा-एथलीटों ने अनुशासन, कौशल और प्रतिस्पर्धात्मक उत्कृष्टता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ दिल्ली द्वारा आयोजित यह तीन दिवसीय चैंपियनशिप अंडर-12, अंडर-17 (सब-जूनियर), अंडर-19 (जूनियर) और 19 वर्ष से अधिक (सीनियर) श्रेणियों के पैरा-एथलीटों को एक मंच पर ला रही है। यह आयोजन राजधानी में पैरा-स्पोर्ट्स के बढ़ते दायरे, सहभागिता और संस्थागत समर्थन को दर्शाता है। दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री रविंदर इंद्राज सिंह ने दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की और खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों तथा अधिकारियों से संवाद किया।

डीपीएसए के पदाधिकारियों से बातचीत के दौरान मंत्री ने एसोसिएशन द्वारा उठाई गई समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और सरकार की ओर से उचित विचार एवं सहयोग का आश्वासन दिया। डीपीएसए दिल्ली के पदाधिकारियों, दिल्ली पैरा ओलंपिक समिति की अध्यक्ष पारुल सिंह, उपाध्यक्ष गौरव चौधरी, महासचिव राहुल कसाना और कोषाध्यक्ष ललित कुमार ने कहा कि इस चैंपियनशिप का उद्देश्य पैरा-एथलीटों के लिए प्रतिस्पर्धात्मक ढांचे को मजबूत करना है।

## फोर्टिस हेल्थकेयर अवॉर्ड से सम्मानित

**नई दिल्ली।** बिष्णु प्रसाद पाणिग्रहि, ग्रुप हेड-मेडिकल स्ट्रैटेजी, फोर्टिस हेल्थकेयर को उनकी महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए, 16वें एमटी इंडिया हेल्थकेयर अवार्ड्स 2026 में लाइफटाइम एचीवमेंट इन हेल्थकेयर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार समारोह का आयोजन राजधानी स्थित भारत मंडपम में किया गया। यह पुरस्कार हेल्थकेयर सेक्टर के प्रति डॉ पाणिग्रहि के पिछले कई दशकों के योगदान और भारत में क्लीनिकल गवर्नेंस, मरीज-केंद्रित देखभाल तथा हेल्थकेयर डिलीवरी प्रणालियों को मजबूत बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता प्रदान करता है। साथ ही, उनकी पेशेवर उत्कृष्टता तथा मेंटॉरशिप एवं निष्ठाभाव के साथ समाज के प्रति उनकी सेवाओं को भी सम्मानित करता है।

## दिल्ली यूनिफाइड मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी के लिए विधेयक का मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शहरी परिवहन व्यवस्था में व्यापक सुधार के उद्देश्य से, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने दिल्ली यूनिफाइड मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी (डीयूएमटीए) तथा एक समर्पित दिल्ली अर्बन ट्रांसपोर्ट फंड (डीयूटीएफ ) के गठन हेतु एक व्यापक विधेयक का मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।प्रस्तावित कानून का उद्देश्य दिल्ली की वर्तमान में खंडित परिवहन व्यवस्था को एकीकृत, सुसंगत और समन्वित योजना एवं शासन ढांचे के अंतर्गत लाना है, ताकि राजधानी के लिए एक आधुनिक, कुशल, जन-केंद्रित और पर्यावरण की दृष्टि से सतत परिवहन प्रणाली विकसित की जा सके। यह पहल दिल्ली के शहरी परिवहन शासन में एक महत्वपूर्ण संस्थागत सुधार की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी।प्रस्तावित कानून के शीघ्र और समावेशी मसौदे को सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया है। टास्क फोर्स को निर्देश दिए गए हैं कि वह निर्धारित समय-सीमा में विधेयक का मसौदा तैयार कर प्रस्तुत करे, जिससे सरकार की सुधारोन्मुख प्रतिबद्धता और तत्परता स्पष्ट होती है। यह निर्णय शहरी योजनाक. ारों, परिवहन विशेषज्ञों और नागरिक हितधारकों की लंबे समय से चली आ रही उस मांग के अनुरूप है, जिसमें विभिन्न परिवहन एजेंसियों के बीच योजना, निवेश और संचालन के लिए एक प्रभावी एकीकृत प्राधिकरण की आवश्यकता जताई जाती रही है।

# मुठभेड़ के दौरान अपराधी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के आरके पुरम् इलाके में शुक्रवार को हुई मुठभेड़ के दौरान दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस ने कुख्यात अपराधी संजय शर्मा उर्फ दरिंदा को गिरफ्तार किया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश के दाहिने घुटने में गोली लगी, जबकि उसका साथी जग्गल उर्फ जुगल उर्फ जंगाल उर्फ सोनू को भी मौके से दबोच लिया गया। दोनों के पास से अवैध हथियार, जिंदा कारतूस और चोरी-सेंधमारी में इस्तेमाल होने वाले औजार बरामद किए गए हैं।

दक्षिण-पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त के मुताबिक संजय शर्मा उर्फ दरिंदा दिल्ली के विभिन्न थानों में दर्ज 100 से अधिक संगीन आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। इनमें लूट, सेंधमारी, घरों में आग लगाने, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट और चोरी जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। हाल ही में जेल से रिहा होने के बाद वह फिर से आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय हो गया था।

बीते कुछ दिनों से वसंत विहार उप-मंडल क्षेत्र में झपटमारी, चोरी और सेंधमारी की घटनाओं में इजाफा हो रहा था। इसे गंभीरता से लेते हुए एसीपी वसंत विहार बाबर भान ने सभी थाना प्रभारियों के साथ बैठक कर सख्त निर्देश दिए। इसके बाद आरके पुरम थाने के एसएचओ इंस्पेक्टर रविंदर कुमार त्यागी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसमें एसआई सतेंद्र गुलिया, एचसी कुलदीप, हनुमान, सुमेर, संदीप, ओमवीर और कांस्टेबल प्रिंस चार्ल्स, लोकेश, परवीन व अंकित को शामिल किया गया। टीम ने रात के समय रणनीतिक स्थानों पर नाकेबंदी और गश्त शुरू की। इसी दौरान सूचना मिली कि हाल ही में जेल से छूटा कुख्यात बदमाश संजय उर्फ दरिंदा आरके पुरम और आसपास के इलाकों में वारदातों को अंजाम दे रहा है।

पुलिस उपायुक्त के अनुसार सुबह करीब 3:15 बजे पुलिस टीम अफ्रीका एवेन्यू रोड स्थित वेंकटेश्वर मार्ग के टी-प्वाइंट के पास गश्त कर रही थी। तभी गुप्त सूचना मिली कि संजय उर्फ दरिंदा अपने साथी के साथ सेक्टर-3 आरके पुरम में हथियारों के साथ घूम रहा है और किसी बड़ी वारदात की फिराक में है। पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर दोनों को आत्मसमर्पण करने को कहा। इस पर दोनों बदमाशों ने पुलिस टीम पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। एक गोली थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रविंदर कुमार त्यागी और एसआई सत्येंद्र दहिया की बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी।

# प्रदूषण बढ़ता जा रहा पर सरकार ने घटा दिया बजट : नीलम

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** राजधानी नई दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में प्रदूषण लगातार गंभीर रूप लेता जा रहा है। दिवाली के बाद से हालात और भी बदतर हो चुके हैं और लोग महीनों से जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। सरकार की ओर से बार-बार प्रदूषण से मुक्ति के दावे किए जाते रहे हैं, लेकिन जमीनी सच्चाई इन दावों से बिल्कुल उलट नजर आ रही है। समस्त रोहताश नगर आरडब्ल्यूए की अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता नीलम चौधरी ने केंद्र सरकार के हालिया बजट पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर देशभर में वायु गुणवत्ता लगातार बिगड़ रही है, वहीं दूसरी ओर प्रदूषण नियंत्रण के लिए बजट में कटौती कर दी गई है, जो बेहद चिंताजनक है। नीलम चौधरी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रदूषण नियंत्रण के नाम पर मात्र 1,091 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जबकि पिछले संशोधित बजट में यह राशि 1,300 करोड़ रुपये थी। यानी करीब 209 करोड़ रुपये की सीधी कटौती कर दी गई है। उन्होंने इसे जनता के स्वास्थ्य के साथ गंभीर लापरवाही बताया।

उन्होंने कहा कि जब देश के कई बड़े शहर धीरे-धीरे "गैस चैंबर" में तब्दील होते जा रहे हैं, तब राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत मिलने वाली राशि में कटौती सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल खड़े करती है। इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि पहले से आवंटित बजट का बड़ा हिस्सा कई बार खर्च ही नहीं हो पाता, जिससे योजनाएं कागजों तक सीमित रह जाती हैं। नीलम चौधरी ने यह भी कहा कि केंद्रीय बजट में दिल्ली के लिए प्रदूषण नियंत्रण को लेकर कोई ठोस और नई योजना नजर नहीं आई। यमुना की सफाई, सीवरेज व्यवस्था और प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए सिर्फ पुराने प्रावधानों को दोहराया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने वास्तविक समस्याओं के समाधान के बजाय केवल औपचारिक घोषणाएं कर खानापूर्ति की है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या केवल इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाने, चार्जिंग स्टेशनों और हरित ऊर्जा परियोजनाओं की घोषणा से दिल्ली का दमघोंटू प्रदूषण खत्म हो जाएगा। उनका कहना है कि प्रदूषण के असली कारण सरकार और प्रशासन को भली-भांति मालूम हैं, लेकिन उन पर सख्ती से कार्रवाई करने के बजाय फाइलों में योजनाएं बनाकर छोड़ दी जाती हैं।

## गड्ढे में गिरकर युवक की मौत पर कांग्रेस ने मांगा मुआवजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र में दिल्ली जल बोर्ड द्वारा किए गए गहरे गड्ढे में गिरने से 25 वर्षीय युवक कमल की मौत को सरकारी लापरवाही का नतीजा बताया है। उन्होंने मृतक के परिवार को तुरंत एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने की मांग करते हुए इस घटना की जिम्मेदारी तय करने की बात कही। यादव ने कहा कि बार-बार घोषणाओं के बावजूद दिल्ली की सड़कों की हालत बदतर होती जा रही है और गड्ढों को न तो सही तरीके से भरा जा रहा है और न ही सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं।

उन्होंने जनकपुरी से विधायक और मंत्री आशिष सूद से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की।

# तकनीकी प्रतिभा को बढ़ावा दिया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** सैमसंग ने अपने प्रमुख सैमसंग इनोवेशन कैंपस (एसआईसी) कार्यक्रम के तहत बेंगलुरु में 2,000 छात्रों के प्रमाणन की घोषणा की, जो कर्नाटक में भविष्य के लिए तैयार प्रतिभा पूल बनाने के कंपनी के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।



प्रमाणन समारोह कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, बेंगलुरु में आयोजित किया गया था, और इसमें बसवराज होरट्टी, माननीय अध्यक्ष कर्नाटक विधान परिषद, कर्नाटक सरकार, संतोष एस लाड, श्रम और रोजगार मंत्री, कर्नाटक सरकार, बिरथी सुरेश, शहरी विकास और नगर नियोजन मंत्री, कर्नाटक सरकार ने भाग लिया।

सरोज अपाटो, वाइस प्रेसिडेंट स्ट्रेटेजिक पार्टनर ESSCI, डॉ. एस. वी. सुरेशा, वाइस चांसलर, यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज, बेंगलुरु और एसपी चुन, कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट, सैमसंग साउथवेस्ट एशिया।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं


फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में सुनी जन शिकायतें





**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/ शिकायती पत्र प्राप्त हुए। डीएम ने अधिकारियों को शासन के मंशा अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने तथा जमीन से संबंधित समस्या को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम के द्वारा तत्काल मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि विरासत के आधार पर आवेदित शस्त्र लाइसेंस आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जा रहा है। अब तक विरासत के आधार पर आवेदित शस्त्र लाइसेंस आवेदनों जिनमें पुलिस एवं तहसील की जाँच आख्यायें प्राप्त होकर समस्त औपचारिकताए पूर्ण हो चुकी थी, को जिलाधिकारी महोदय द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है। जनसुनवाई के दौरान एडीएम ई, एडीएम एल/ए, एडीएम जे, जिला सूचना अधिकारी उपस्थित रहे।

## सुशासन ग्राम चौपाल में विधायक रही मौजूद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

मोदीनगर। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सैदपुर हुसैनपुर डीलना में आयोजित "सुशासन ग्राम चौपाल / ग्रीन चौपाल ख्र प्रशासन गांव की ओर" कार्यक्रम में विधायक डॉ मंजू सिवाच उपस्थित रहीं और ग्रामवा. सियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनते हुए उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर विधायक ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं-जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था/ विधवा पेंशन, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड आदि का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सुनिश्चित रूप से पहुंचाया जाए।

### आईपीए का केंद्रीय शिक्षा मंत्री को पत्र

# बच्चों को डिजिटल लत से बचाने के लिए सख्त नीति बनाए सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने स्कूली बच्चों में तेजी से बढ़ रही डिजिटल निर्भरता पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) एवं केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) को पत्र लिखकर वीडियो गेम और सोशल मीडिया पर कड़े नियम बनाने की मांग की है।

एसोसिएशन ने हाल ही में तीन मासूम बच्चियों की कथित आत्महत्या जैसी हृदयविदारक घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि अत्यधिक स्क्रीन टाइम बच्चों के मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है, जिससे अवसाद, आक्रामकता और सामाजिक अलगाव जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने मांग की है कि 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर सशक्त आयु-सत्यापन व्यवस्था लागू की जाए, हिंसक एवं लत उत्पन्न करने वाले ऑनलाइन गेम्स पर सख्त नियंत्रण हो, तथा सभी स्कूलों में "डिजिटल सेफ्टी एवं जिम्मेदार इंटरनेट उपयोग" पर अनिवार्य जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं।

साथ ही अभिभावकों के लिए मार्गदर्शन अभियान और प्रत्येक विद्यालय में प्रशिक्षित काउंसलर की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया है। इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी का कहना है कि यह केवल नीतिगत निर्णय नहीं, बल्कि देश की आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य का प्रश्न है। समय रहते ठोस कदम उठाकर ही बच्चों को डिजिटल लत के खतरे से बचाया जा सकता है और एक स्वस्थ, सुरक्षित एवं जागरूक समाज की नींव रखी जा सकती है। आईपीए के उपाध्यक्ष विनय कक्कड़ ने कहा कि आने वाले समय में संस्था द्वारा स्कूली बच्चों को वीडियो गेम की लत से बचाव और सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

## तेज आवाज में डीजे बजाने के आरोप में पुलिस ने दो को पकड़ा

**गाजियाबाद।** थाना टीला मोड़ क्षेत्र में डीजे सिस्टम पर तेज म्यूजिक बजाने के आरोप में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार सार्वजनिक जगह पर डीजे बजाया जा रहा था, जिससे बच्चों और बुजुर्गों को परेशानी हो रही थी। लोगों ने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों से इसकी शिकायत की। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार ने बताया कि 5 फरवरी की रात सब-इंस्पेक्टर राजकुमार शर्मा गश्त पर थे। जब वह बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ चौक पर पहुंचे, तो एक मालवाहक गाड़ी पर डीजे सिस्टम जोर से बज रहा था। उनके पहुंचने पर लोगों ने उनसे शिकायत की।

## प्रथम पग पब्लिक स्कूल ने धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** प्रथम पग पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि थाना प्रभारी आनंद प्रकाश मिश्रा अपने स्टॉफ के साथ मौजूद रहे, मुख्यतिथि का स्वागत प्रथम पग ग्रुप के चेयरमैन डॉ रविंद्र गुप्ता , मुख्य प्रबंधक अर्पित गुप्ता और आँचल गुप्ता ने किया।

कार्यक्रम को रंगारंग प्रस्तुतियों से सजाकर सभी शिक्षिकाओं( हर्षा, प्रियंका, पलक, अंजलि, प्रीती, चंचल, हंसिका, मुस्कान, भावना एवं लवी) और छात्रों ने मुख्य अतिथि और अभिभावकों का मन मोह लिया। आनंद मिश्रा और उनकी टीम ने अभिभावकों के साथ बच्चो की सुरक्षा एवं मुख्य प्रबंधक अर्पित गुप्ता जी ने छात्रों के उज्जवल भविष्य हेतु महत्वपूर्ण विचार साझा किए। कार्यक्रम को गीता सार के साथ संपन्न किया गया।

## गोदान फिल्म का विरोध करने वालों पर भड़के विधायक नंदकिशोर गुर्जर

**गाजियाबाद।** हाल ही में रिलीज हुई फिल्म गोदान लेकर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने जहां लोगों से गोदान फिल्म देखने की अपील की, वही गो हत्या करने वालों को फांसी की सजा देने की भी मांग की। उन्होंने कहा गोदान भारतीय संस्कृति में गाय और पंचगव्य के महत्व को रेखांकित करने वाली फिल्म है। साथ ही यह फिल्म यह फिल्म गौ-संरक्षण का संदेश देती है और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ मानव जीवन में सकारात्मक बदलाव की प्रेरणा देती है, जो वर्तमान समय की आवश्यकता है। नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि सनातन धर्म में गाय को माता माना जाता है। इसलिए गौ हत्या बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी, गो हत्या करने वालों को फारसी की सजा होनी चाहिए। साथ ही नंदकिशोर गुर्जर ने गोदान फिल्म का विरोध करने वाले मौलवियों को कट्टरपंथी बताया। साथी कहां की ऐसा करने वाले लोग ही गोतस्कर हैं। ऐसे लोगों का विरोध समाज को करना चाहिए। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की की गाय को राज्य माता का दर्जा दिया जाए। वही उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गाय के लिए अनेकों काम किए हैं, उत्तर प्रदेश में भी अनेकों जगह गाय संरक्षक और गौशालाओं के लिए अनेकों कार्य किया जा रहे हैं। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सिनेमाघर में ऐसी व्यवस्था बनाई कि लोग बिना किसी परेशानी की है फिल्म देख सकें।

# श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने अनुज गर्ग को श्री दूधेश्वर विकास समिति का अध्यक्ष बनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** श्री दूधेश्वर विकास समिति के अध्यक्ष एवं गाजियाबाद के भामाशाह देश के प्रमुख समाजसेवी तथा भगवान दूधेश्वर के अनन्य भक्त धर्मपाल गर्ग वैकुण्ठ धाम में भगवान के श्रीचरणों में लीन हो चुके हैं। उनके बाद उनके पुत्र अनुज गर्ग को सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर की विकास समिति का अध्यक्ष बनाया गया।

मंदिर के पीठाधीश्वर, जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता एवं दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने अनुज गर्ग को श्री दूधेश्वर विकास समिति का



अध्यक्ष नियुक्त किया। इस अवसर पर श्री दूधेश्वर वेद संस्थान के सभी आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण किया गया तथा श्री दूधेश्वर मंदिर के प्रबंधक शंकर झा, श्री दूधेश्वर श्रृंगार सेवा समिति के अध्यक्ष विजय मित्तल द्वारा उनका स्वागत किया गया।

अध्यक्ष बनने के बाद अनुज गर्ग ने भगवान दूधेश्वर, सभी देवी-देवताओं एवं सिद्ध गुरु समाधियों की विधिवत पूजा-अर्चना की तथा महाराजश्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। अनुज गर्ग श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज के पावन सानिध्य में मंदिर में आयोजित होने वाले महाशिवरात्रि महोत्सव में सहयोग करेंगे और भक्तों की सेवा में समर्पित रहेंगे। महाराजश्री ने कहा कि अनुज गर्ग अपने पिता धर्मपाल गर्ग की भाँति ही मंदिर, धर्म, समाज और राष्ट्र सेवा के प्रति पूर्णत: समर्पित हैं।

## लॉन्च हुआ (डीम्ड टू बी) यूनिवर्सिटी ने 100 करोड़ मेरिट स्कॉलरशिप का पोस्टर




**गाजियाबाद।** केएल (डीम्ड टू बी) यूनिवर्सिटी ने 100 करोड़ मेरिट स्कॉलरशिप का पोस्टर लॉन्च किया। प्रवीन कुमार (जोनल हैड) ने एक प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया। सदर विधायक संजीव शर्मा द्वारा यह पोस्टर लांच किया। विधायक संजीव शर्मा ने अपने विचारो में शिक्षा, नवाचार और चरित्र निर्माण के महत्व को रेखांकित किया, जो राज्य और राष्ट्र के भविष्य निर्माण में सहायक है। उन्होंने कहा है कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया और दीर्घकालिक प्रगति के लिए उच्च शिक्षा, कौशल विकास तथा नवाचार पर ध्यान देने की आवश्यकता है। स्कॉलरशिप का उद्देश्य राज्य और राष्ट्र के विकास में युवाओं की भूमिका को रेखांकित करना, उच्च शिक्षा के अवसरों, करियर योजना, रोजगार संभावनाओं और नवाचार के प्रति जागरूकता फैलाना, शैक्षणिक एवं व्यक्तित्व विकास पहलों को प्रोत्साहित करना है।

## मैक्स हॉस्पिटल में हुई भारत की दुर्लभ अत्याधुनिक रोबोटिक थायरॉयड कैंसर सर्जरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** थायरॉयड कैंसर आज तेजी से बढ़ती गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं में शामिल है। इसके इलाज में सर्जरी एक अहम भूमिका निभाती है, लेकिन अधिकतर मरीजों के लिए सबसे बड़ी चिंता गर्दन पर पड़ने वाला स्थायी निशान होता है, जो शारीरिक के साथ-साथ मानसिक और सामाजिक असहजता भी पैदा करता है। ऐसे में मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर, वैशाली ने चिकित्सा क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए भारत की अत्यंत दुर्लभ रोबोटिक स्कारलेस थायरॉयड कैंसर सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। रोबोटिक स्कारलेस सर्जरी के प्रमुख लाभ कम दर्द और न्यूनतम रक्तस्राव



तेज रिकवरी और कम अस्पताल प्रवास उच्च सटीकता और बेहतर सर्जिकल सुरक्षा गर्दन पर कोई बाहरी निशान नहीं इस दुर्लभ और ऐतिहासिक सर्जरी का नेतृत्व डॉ. सीमा सिंह, एसोसिएट डायरेक्टर, रोबोटिक ऑनकोसर्जरी (ब्रेस्ट एवं गायनी यूनिट), मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर, वैशाली ने किया। डॉ. सीमा सिंह वर्ष 2010 से सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने IMS, बीएचयू से MBBS एवं MS (जनरल सर्जरी) की पढ़ाई की, जहाँ वे MS गोल्ड मेडलिस्ट रहीं। इसके बाद उन्होंने AIIMS, नई दिल्ली से MCh (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) की उच्च विशेषज्ञता प्राप्त की।

डॉ. सीमा सिंह के अनुसार, "रोबोटिक स्कारलेस थायरॉयड सर्जरी तकनीकी रूप से बेहद चुनौतीपूर्ण होती है और हर सर्जन के लिए संभव नहीं है। सही प्रशिक्षण और अनुभव के साथ यह तकनीक मरीजों को कम दर्द, बेहतर रिकवरी और बिना निशान के इलाज का अवसर देती है। हमारा उद्देश्य केवल कैंसर का इलाज करना नहीं, बल्कि मरीज को बेहतर जीवन गुणवत्ता देना है।"

इस सर्जरी की सफलता में अनुभवी सर्जिकल टीम, एनेस्थीसिया विशेषज्ञों, नर्सिंग स्टाफ और तकनीकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। बेहतर समन्वय और उच्च विशेषज्ञता के कारण यह जटिल प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित रूप से संपन्न हुई। विशेषज्ञों का मानना है कि यह उपलब्धि भारत में रोबोटिक कैंसर सर्जरी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो भविष्य में थायरॉयड सहित अन्य कैंसरों के इलाज को अधिक सुरक्षित, प्रभावी और मरीज-अनुकूल बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

## कविनगर रामलीला मैदान में 8 फरवरी से होगा विराट हिंदू सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष में हिंदू जागरण की दिशा में नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान करने हेतु सभी हिंदू समाज द्वारा सनातन संस्कृति,सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता के प्रतीक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन 8 फरवरी 2026 को दोपहर 2:00 बजे से कवि नगर के रामलीला मैदान में किया जा रहा है जिसमें संपूर्ण समाज के विभिन्न वर्गों के सभी महानुभावों को आमंत्रित किया गया है आशा है हजारों की संख्या में उपस्थिति रहने वाली है। हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल की अध्यक्षता में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें सभी उपस्थित पत्रकार बंधुओ का अध्यक्ष द्वारा स्वागत करते हुए धन्यवाद दिया गया। हिंदू सम्मेलन को भव्य बनाने और सभी हिंदुओं को संगठित करके जो हिंदू समाज विभिन्न जातियों और भेदभाव के कारण बात हुआ है उन सभी को एक करने का उद्देश्य है और इस अवसर पर उत्कृष्ट धार्मिक



और राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम,समूह गान, देश भक्ति का समूह नृत्य, शिव तांडव, इत्यादि के कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके साथ ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि और कवयित्री द्वारा सनातन धर्म, हिंदुत्व, राष्ट्र प्रेम, संस्कार भारतीय संस्कृति और पंच परिवर्तन के विषय में काव्य पाठ किया जाएगा जिसमें लखनऊ से ओज के प्रसिद्ध कवि कमल आग्नेय और कवि नगर गाजियाबाद की ही अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवयित्री अंजू जैन का भी काव्य पाठ रहेगा। कविनगर के इस विराट हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने हेतु आयोजन समिति के साथ-साथ कवि नगर के निवासियों द्वारा पूरा प्रयास किया जा रहा है जिसमें सभी ब्लॉक्स में प्रभात फेरी निकालना सभी निवासियों को निमंत्रण पत्र के साथ-साथ अभिमंत्रित अक्षत देना और सभी ब्लॉक में और प्रमुख सार्वजनिक और व्यापारिक स्थलों पर होर्डिंग्स और पोस्टर लगवाने का कार्य किया गया है। हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल महासचिव डॉ.अतुल कुमार जैन, उपाध्यक्ष मनोज गोयल, कोषाध्यक्ष प्रवीण गर्ग कोषाध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल संरक्षक बी.के. ढाढनिया सह सचिव दीपाली जैन, मीडिया प्रवक्ता अजय जैन, सरदार एसपी सिंह अश्वनी गोयल, इत्यादि के अतिरिक्त अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे। सचिव डॉ.अतुल कुमार जैन ने सभी पधारे हुए पत्रकार बंधुओ का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## शौचालय पर काम करने वाले युवक की हत्या के दो आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**गाजियाबाद।** थाना लिंक रोड पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शौचालय पर काम करने वाले युवक प्रेम कुमार के ब्लाइंड मर्डर का खुलासा किया है। इस मामले में दो आरोपी सुखबीर उर्फ सुमित पुत्र धुरीसिंह निवासी अलीगढ़ और राकेश प्रसाद उर्फ छोटू पुत्र चंद्रमा प्रसाद निवासी जिला वर्तमान पश्चिम बंगाल को पकड़ा है।

बता दें कि 3 फरवरी को थाना लिंक रोड पर इस संबंध में वादी कुलदीप सिंह द्वारा तहरीर दी गई थी। मामले के खुलासे के लिए टीम का गठन किया गया था। एसीपी साहिबाबाद श्वेता कुमारी यादव ने बताया कि चेकिंग के दौरान और मुखबिर की सूचना पर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके कब्जे से दो चाकू, मृतक का मोबा. इल और एक सिम कार्ड भी बरामद किए गए हैं।

इसी बीच दोनों अभियुक्त पर शौचालय के करीब 300 उधार हो गए थे जिसे लेकर उनकी मृतक से मारपीट भी हो गई थी। हत्या वाले दिन




मृतक प्रेम कुमार वैशाली मेट्रो स्टेशन के सामने वाले शौचालय पर बैठा था तभी दोनों अभियुक्त वहां पहुंच गए। पिछली लड़ाई का बदला लेने के लिए दोनों ने प्रेम कुमार को मौत के घाट उतारने की योजना बना डाली। दोनों ने वहीं बैठकर शराब पी और मौका मिलते ही प्रेम कुमार का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। उसके बाद उन्होंने हाथ पैर बांधकर शव को शौचालय में बंद किया और मथुरा भाग गए थे।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में ऑड सेमेस्टर एंड सेमेस्टर सत्र का सफल व समयबद्ध समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि शैक्षणिक कैलेंडर के अनुरूप ऑड सेमेस्टर एंड सेमेस्टर सत्र का सफल एवं समयबद्ध समापन किया गया। संपूर्ण सत्र एक सुचारु, अनुशासित एवं जीवंत शैक्षणिक वातावरण में संचालित हुआ तथा परीक्षा परिणाम भी निर्धारित समय पर घोषित किए गए।

विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन किया, जो उनकी कड़ी मेहनत एवं विश्वविद्यालय की सुदृढ़ अकादमिक व्यवस्था को




दर्शाता है। यह उपलब्धि विश्व. विद्यालय के प्राध्यापकों, विभागाध्यक्षों एवं निदेशकों के सामूहिक समर्पण, अथक प्रयासों और उत्कृष्ट समन्वय का सशक्त प्रमाण है। इन प्रयासों को माननीय कुलपति प्रो. डॉ. प्रसेनजीत के दूरदर्शी, गतिशील एवं प्रेरणादायी नेतृत्व का कुशल मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, जिसकी महत्वपूर्ण भूमिका से यह शैक्षणिक सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर एवं चेयरमैन महेन्द्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर नितिन अग्रवाल तथा प्रो - चांसलर(एडमिन) पीयूष श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय में स्थापित उच्च स्तरीय अकादमिक अनुशासन, समयबद्ध शैक्षणिक संचालन एवं पारदर्शी कार्यप्रणाली की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

कुलपति प्रो. डॉ. प्रसेनजीत के नेतृत्व में विश्वविद्यालय में उत्कृष्टता, जवाबदेही एवं नवाचार की संस्कृति को सुदृढ़ किया गया है, जिससे शैक्षणिक एवं प्रशासनिक समुदाय को निरंतर श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिलती रही है।

ऑड सेमेस्टर एंड सेमेस्टर सत्र का यह सफल समापन एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, गाजियाबाद की अकादमिक उत्कृष्टता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है तथा यह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समयबद्ध शैक्षणिक प्रशासन और विद्यार्थियों की सफलता के प्रति विश्वविद्यालय की अटूट प्रतिबद्धता को पुन: पुष्ट करता है।

**Name Correction**

In my passport My Name Salim mulla was Published Wrong My correct Name is Salimulla for All Future Purpose.

**Salimulla S/O Israil R/O Village Sounda Modinagar Ghaziabad.**

# कार का मिरर टूटने के विवाद में युवक की हत्या, साथी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बदरपुर के गौतमपुरी इलाके में सेंट्रो कार का साइड मिरर टूटने को लेकर हुए विवाद में दो नाबालिगों तथा उसके साथियों ने दो युवकों पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल दोनों को एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। दूसरे की हालत गंभीर बनी है। मृतक की पहचान अरुण (25) के रूप में हुई है। घायल का नाम शिवम (25) है। उसके पेट में चाकू लगा है। पुलिस ने छापेमारी कर वारदात में शामिल नाबालिगों व उनके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों से वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद हुआ है। दक्षिण पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवारी ने बताया कि 5 फरवरी की रात लगभग 10 बजे गौतमपुरी में सार्वजनिक शौचालय और आयुर्वेद अस्पताल के पास चाकूबाजी की घटना की पीसीआर कॉल मिली।

तत्काल बदरपुर एसएचओ तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर भीड़ के अलावा काफी संख्या में खून फैला हुआ था। पता लगा घायलों को एम्स टॉमा अस्पताल में ले जाया गया है। पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर क्राइम टीम व फोरेंसिक टीम को मौके पर साक्ष्य संकलन के लिए बुलाया। घटना के चश्मदीदों ने पुलिस को बताया कि सेंट्रो कार का साइड मिरर टूटने पर दोनों युवकों का स्थानीय दो नाबालिगों व उनके साथियों से विवाद हुआ था। दोनों पक्ष में पुरानी रंजिश की बात भी सामने आई। इसी के चलते नाबालिगों व उनके दो साथियों ने अरुण तथा शिवम से मारपीट के बाद चाकू से वार कर घायल कर दिया। पुलिस जांच में सामने आया कि अरुण कपड़ा विक्रेता था जबकि शिवम एम्स अस्पताल में सफाई का काम करता है। अरुण के कूल्हे पर चाकू का घाव था। अधिक मात्रा में खून बह जाने से उसकी मौत हो जबकि शिवम के पेट के ऊपरी हिस्से में चाकू लगा है। उसका उपचार चल रहा है। आला अधिकारियों के निर्देश पर बदरपुर पुलिस की कई टीमें बनाकर वारदात में शामिल आरोपितों को पकड़ने के लिए कई टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने 16 साल के दो नाबालिगों समेत अमर तथा विक्की नामक आरोपितों को पकड़कर उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू तथा खून से सने कपड़े बरामद कर लिए।

## दिव्यांग अभ्यर्थियों को मिलेगा पसंदीदा परीक्षा केंद्रः यूपीएससी

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2026 और भारतीय वन सेवा परीक्षा 2026 के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सभी दिव्यांग उम्मीदवारों को उनका 'पसंदीदा परीक्षा केंद्र' आवंटित करने का निर्णय लिया है। आयोग ने यह सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है कि प्रत्येक दिव्यांग आवेदक को वही परीक्षा केंद्र आवंटित किया जाए, जिसे उन्होंने आवेदन पत्र में अपनी पसंदीदा पसंद के रूप में चुना है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र की वर्तमान क्षमता का उपयोग सर्वप्रथम दिव्ष्यांगजनों और गैर-दिव्यांग. जनों दोनों तरह के उम्मीदवारों द्वारा किया जाएगा। हालांकि, जब कोई केंद्र अपनी निर्धारित क्षमता पूरी कर लेगा, तो वह गैर-दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध नहीं रहेगा, जबकि दिव्ष्यांग अभ्यर्थी उस केंद्र का चयन कर सकेंगे।

यूपीएससी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त क्षमता भी सृजित की जाएगी, ताकि किसी भी दिव्ष्यांग अभ्यर्थी को उसके पसंदीदा परीक्षा केंद्र से वंचित न होना पड़े। परीक्षा केंद्र बढ़ाए गए उच्च मांग वाले परीक्षा केंद्रों पर दबाव कम करने के लिए आयोग ने केंद्रों के नेटवर्क का भी विस्तार किया है। दिल्ली-एनसीआर का भार कम करने के लिए मेरठ, लखनऊ के आसपास दबाव घटाने के लिए कानपुर और कटक के निकट केंद्रों को सहयोग देने के लिए भुवनेश्वर को जोड़ा गया है। प्रारंभिक परीक्षा के लिए ये तीन नए केंद्र जोड़े जाने से केंद्रों की संख्या 80 से बढ़कर 83 हो गई है। वहीं, मुख्य परीक्षा के लिए केंद्रों की संख्या 24 से बढ़ाकर 27 कर दी गई है, जिनमें भुवनेश्वर, श्रीनगर और इंफाल को शामिल किया गया है।

# सियार की मौत पर चिड़ियाघर यूनियन ने लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** चिड़ियाघर में एक सियार की मौत और उसके बाद की जांच सवालों के घेरे में है। एक तरफ, चिड़ियाघर कर्मचारी यूनियन का आरा. ेप है कि सियार भालू के बाड़े में घुस गया था, और उसे बाहर निकालने की कोशिश में मिर्च का धुआं इस्तेमाल किया गया, लेकिन सियार की दम घुटने से मौत हो गई।

दूसरी तरफ, सियार की मौत की जांच में यह साबित नहीं हो पाया कि सियार की मौत भालू के बाड़े के अंदर हुई थी। इन सबके बीच, सियार की मौत का रहस्य अनसुलझा बना हुआ है। जांच टीम कर्मचारी यूनियन द्वारा लगाए गए आरोपों की ठीक से जांच भी नहीं कर पाई। सियार की मौत की जांच करने आए जांचकर्ता यह भी तय नहीं कर पाए कि सियार भालू के बाड़े में घुसा था या नहीं, या उसे बाहर निक. ालने के लिए मिर्च और आग का इस्तेमाल किया गया था या नहीं। वे यह भी तय नहीं कर पाए कि सियार की मौत के बाद पोस्टमॉर्टम किया गया था या नहीं। हालांकि, जांच रिपोर्ट में जंगली जानवरों को संभालने के लिए तय प्रक्रियाओं का पालन करने में गंभीर लापरवाही सामने आई है।

चिड़ियाघर कर्मचारी यूनियन ने आरोप लगाया कि सियार के शव का बिना किसी मेडिकल जांच या पोस्टमॉर्टम के निपटारा कर दिया गया। यूनियन के एक सदस्य ने दावा किया कि शव को अस्पताल ले जाने के निर्देश थे, लेकिन एक वरिष्ठ अधिकारी के कहने पर बीच रास्ते में ही उसका निपटारा कर दिया गया। कर्मचारी यूनियन ने जांच प्रक्रिया पर भी सवाल उठाया, यह कहते हुए कि जांच संयुक्त निदेशक द्वारा की गई थी, जो ऐसी जांच के लिए अधिकृत अधिकारी नहीं हैं।

## दीपचंद बंधु अस्पताल में 24 घंटे इमरजेंसी सर्जरी की सुविधा

**नई दिल्ली।** अशोक विहार स्थित दीपचंद बंधु अस्पताल में अब 24 घंटे इमरजेंसी सर्जरी की सुविधा मिलेगी। स्टाफ की कमी के कारण देर रात इमरजेंसी सर्जरी नहीं हो पा रही थी। अब तीन नए ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट की नियुक्ति के बाद ऑपरेशन थिएटर को हफ्ते के सातों दिन 24 घंटे खुला रखने का फैसला लिया गया है। इस फैसले से अशोक विहार और आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों को इमरजेंसी के समय इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। उन्हें दीपचंद बंधु अस्पताल में ही इलाज मिल सकेगा। लंबे समय से, पर्याप्त स्टाफ की कमी के कारण दीपचंद बंधु अस्पताल में रात के समय इमरजेंसी सर्जरी की सुविधा नहीं थी, और मरीजों को पास के अस्पतालों में रेफर करना पड़ता था। इस मुद्दे को पेशेंट वेलफेयर कमेटी में कई बार उठाया गया था।

# धार्मिक आशंकाओं के उन्मूलन पर राष्ट्रीय विमर्श

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर में शुक्रवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर से आए धर्माचार्यों, विद्वानों और बुद्धिजीवियों ने धार्मिक मतभेदों को दूर करने और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने पर अपने विचार रखे। इस सेमिनार का आयोजन मेवाड़ यूनिवर्सिटी, चित्तौड़गढ़ द्वारा किया गया। कार्यक्रम का विषय था "मजहबी आशंकाओं के उन्मूलन के प्रयास"।

सुबह दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए इस सेमिनार में चार सत्रों के दौरान विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों ने सरल लेकिन प्रभावशाली शब्दों में अपनी बात रखी। वक्ताओं ने वर्तमान समाज में बढ़ती दूरी, संवाद की कमी और आपसी अविश्वास पर चिंता जताते हुए इसे समाप्त करने के लिए शिक्षा और संवाद को सबसे बड़ा माध्यम बताया।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए मेवाड़ यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष डॉ. अशोक गदिया ने कहा कि आज भले ही हिंसा की घटनाओं में कुछ कमी दिख रही हो, लेकिन समाज से भाईचारा तेजी से खत्म होता जा रहा है। लोग अपने-अपने धर्म के दायरे में सिमटते जा रहे हैं और संवाद समाप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के कृत्यों के आधार पर पूरे समुदाय को दोषी ठहराना मानवता के विरुद्ध है। नफरत भड़काने वाले नारे और उग्र भाषण किसी सभ्य समाज की पहचान नहीं हो सकते।



कला, संस्कृति, भाषा एवं पर्यटन मंत्री एवं करावल नगर विधायक कपिल मिश्रा जनसंवाद कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों के साथ।

# 'विकसित दिल्ली' लक्ष्य में 'विकसित करावल नगर' की होगी महत्वपूर्ण भूमिकाः कपिल मिश्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** करावल नगर में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक केंद्र, यमुना रिवर फ्रंट, क्रूज पर्यटन, बायो डायवर्सिटी पार्क, प्रमुख चौराहों के सौन्दर्यीकरण, खेल सुविधाओं एवं गुणवत्तापूर्ण बुनियादी विकास कार्यों के कारण करावल नगर प्रमुख टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनेगा। दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति, भाषा एवं पर्यटन मंत्री एवं करावल नगर विधायक कपिल मिश्रा ने आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान यह जानकारी दी।

इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय निवासियों के साथ सादतपुर एक्सटेंशन स्थित बी-ब्लॉक की गली नंबर 1 एवं 2 का लोकार्पण भी किया। कपिल मिश्रा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में यमुनापार क्षेत्र की जमकर अनदेखी की गई। ट्रांस यमुना क्षेत्र विकास बोर्ड का काम ठप पड़ा रहा उनके खाते में बस 1 करोड़ रूपये की राशि थी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सरकार के पहले ही साल में 728 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उपहार दिया है। इसके साथ ही सीएम विकास निधि, विधायक निधि और अनधिकृत कॉलोनियों के विकास के लिए मिली निधि से करावल नगर में पहले ही साल 300 करोड़ रुपए के विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है। कपिल मिश्रा ने कहा कि पूरे करावल नगर में सीवर का काम इसी वर्ष होगा। खजूरी में पूर्ववर्ती सरकार में बंद पड़े सीवर लाइनों की सफाई हो रही है, सोनिया विहार में काम शुरू हो गया है और सभापुर में जल्द शुरू हो जायेगा। सोनिया विहार में सीवर का काम पूरा होते ही गलियों का निर्माण शुरू हो जायेगा। कालीघटा मार्ग का भी चौड़ीकरण इसी कार्यकाल में पूरा होगा। पीडब्ल्यूडी, एमसीडी और दिल्ली टूरिज्म के सहयोग से खजूरी चौक सहित अन्य क्षेत्रों का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वाहन चालकों की सहूलियत एवं रोड सेफ्टी के लिए करावल नगर में पहली बार कॉन्वेक्स मिरर लगाए जायेंगे ताकि इन ट्रैफिक मिरर से यातायात व्यवस्था और मजबूत हो। अब तक यह मिरर दिल्ली के पॉश इलाकों में ही लगे हैं।

## अटल कैंटीन में आधार अनिवार्यता पर आप नेता का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के घोंडा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व संगठन मंत्री अरुण तोमर ने अटल कैंटीन से पांच रुपये में भोजन लेने के लिए आधार कार्ड अनिवार्य करने के फैसले को गरीबों के साथ "भद्दा मजाक" बताया है।

उन्होंने कहा कि राजधानी में हजारों मजदूर, रिक्शा चालक और झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोग सस्ती थाली के लिए घंटों लाइन में खड़े रहते हैं और अब आधार सत्यापन, रेटिना स्कैन और डिजिटल प्रक्रिया के कारण उन्हें और परेशान होना पड़ेगा। तोमर ने आरोप लगाया कि सरकार अटल कैंटीन की संख्या और एक समय में मिलने वाली थालियों की मात्रा बढ़ाने के बजाय गरीबों पर नई शर्तें थोप रही है।

# बजट में 11 हजार करोड़ देकर दिल्ली की तस्वीर बदलने का प्रयासः हर्ष मल्होत्रा

■ **दिल्ली- वाराणसी हाई स्पीड रेलवे कॉरिडोर बनने का प्रावधान किया गया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था की लगातार बढ़ोतरी और देश के चार वर्ग जिसमें युवा, महिला, गरीब और किसान चारों शामिल हैं की उन्नति और उनके समान अधिकार को आधार मानते हुए इस बार का बजट पेश किया गया है। दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर द्वारा संचालित प्रेसवर्ता में मयूर विहार जिला भाजपा अध्यक्ष विजेंद्र धामा और शाहदरा जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक गाबा भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लिए सौभाग्य की बात है कि दिल्ली- वाराणसी हाई स्पीड रेलवे कॉरिडोर बनने का प्रावधान किया गया है। सड़क परिवहन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 3 लाख 21 हजार करोड़ रुपये का बजट दिया गया है जिसका अच्छा भाग दिल्ली की सड़कों से ट्रैफिक कंजेशन कम करने पर खर्च होगा।दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे एवं दिल्ली कटरा एक्सप्रेसवे जैसे सड़को के जाल बिछाने की भी तैयारी हम कर चुके हैं।

दिल्ली कंसेशन प्लान में 24000 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। जिसमें गुरुग्राम से दिल्ली आते वक्त शिवमूर्ति के पास एक टनल को अप्रूवल दिया गया है। कटरा से दिल्ली आने वाले ट्रैफिक को एयरपोर्ट से कनेक्ट करने की भी व्यवस्था की गई है। दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस वे पर नोएडा जाने वाले को ट्रॉनिका सिटी से गाजियाबाद होते हुए एक रोड पास किया गया है।

इसके साथ ही सेंट्रल दिल्ली को जाम मुक्त बनाने के लिए एम्स से महिपालपुर तक 5000 करोड़ रुपये का एक मार्ग अप्रूव किया गया है। इसके आलावा नोएडा मयूर विहार सरिता विहार को जोड़ने के कारण कालिंदी कुंज पर जो जाम रहता है उसको खत्म करने के लिए कालिंदी कुंज पर सिग्नल फ्री सर्कुलर रोड बनाने का निर्णय हुआ है।

इसके अलावा दिल्ली में तीन बड़े हाईवे को नेशनल हाई वे में बदलने की बात कही गई है। आश्रम से बदरपुर, पंजाबी बाग से टिकरी बॉर्डर और मेहरौली से गुरुगांव जाने वाले रोड को भी अंडर पास और सिग्नल फ्री बनाने का प्रस्ताव रखा गया है। मल्होत्रा में कहा कि दिल्ली के तीन डैम्पिंग साइट्स जिस पर कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी की सरकारों ने सिर्फ राजनीति की है, काम कुछ नहीं हुआ, केन्द्र की मोदी सरकार ने 3500 करोड़ रुपये लैंडफिल साइट्स से वेस्ट को खत्म करने के लिए दिए हैं और अब आप देखेंगे कि गाजीपुर , ओखला और भलस्वा का पहाड़ भी तेजी से खत्म होंगे।

2027 तक इन पहाड़ों को खत्म करने की बात कही गई है। दिल्ली को सीधे तौर पर 11000 करोड़ रुपये दिया गए हैं। यूटी लेवल होने के कारण साथ ही 950 करोड़ रुपये दिए गए है। साफ शुद्ध नल से जल के लिए चंद्रावल में एक नया ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने के लिए 400 करोड़ रुपये दिया गए हैं। रेलवे परियोजना के लिए 2700 करोड़ रुपये दिया गया है।

# नेपाल-बांग्लादेश भेजे जा रहे थे चोरी के मोबाइल, नाबालिग समेत दो धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस की सरोजनी नगर थाना टीम ने संगठित मोबाइल चोरी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक शातिर आरोपित को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपितों के पास से कुल 46 चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनमें 13 आईफोन शामिल हैं। जांच में सामने आया है कि चोरी किए गए मोबाइल फोन नेपाल और बांग्लादेश भेजे जा रहे थे। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपित की पहचान झारखंड निवासी अभिषेक कुमार उर्फ शुभम (27) के रूप में हुई है। अभिषेक कुमार पहले से 16 आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है। दक्षिण-पश्चिम जिला के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने शुक्रवार को बताया कि 27 दिसंबर को सरा. ेजनी नगर मार्केट से मोबाइल चोरी की शिकायत पर ई-एफआईआर दर्ज की गई थी।

सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण में दो संदिग्ध युवक शिकायतकर्ता के आसपास संदिग्ध गतिविधियों में नजर आए। अगले दिन 28 दिसंबर को मिली सूचना के आधार पर एसआई अनूप कुमार और एचसी राजेंद्र ने सरोजनी नगर मार्केट के गेट नंबर-2 के पास से नाबालिग आरो. पित को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान नाबालिग ने खुलासा किया कि वह भीड़भाड़ वाले बाजारों में मोबा. इल चोरी करता था और चोरी किए गए फोन मुख्य आरोपित अभिषेक कुमार उर्फ शुभम को सौंप देता था।

## केजरीवाल ने जनकपुरी में हुए सड़क हादसे पर जताया दुख

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जनकपुरी में हुए सड़क हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने इस घटना को हादसा नही हत्या बताया। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट कर दिल्ली जल बोर्ड की निर्माणाधीन सड़क पर गड्ढे में गिरने से एक मोटरसाइकिल सवार की मौत पर दुख जताते हुए कहा कि नोएडा की घटना से भी सरकार ने कुछ नहीं सीखा। घोर लापरवाही और गैर-जिम्मेदार रवैया अब सरकारों की पहचान बन चुका है, जिसका खामियाजा आम जनता भुगत रही है। केजरीवाल ने कहा, "ईश्वर उस परिवार को शक्ति दें, जिसने सरकार की लापरवाही की वजह से अपना बच्चा खो दिया।"



जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ दिल्ली द्वारा आयोजित दिल्ली स्टेट सब- जूनियर, एथलेटिक्स मीट के खिलाड़ियों संग समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह।

# मंत्री ने बढ़ाया दिव्यांग खिलाड़ियों का उत्साह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ दिल्ली द्वारा आयोजित दिल्ली स्टेट सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर पैरा एथलेटिक्स मीट 2025-26 का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, में किया गया। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के समाज कल्याण एवं अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने प्रतिभागी दिव्यांग खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि दिव्यांगजन अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और परिश्रम से हर चुनौती को पार कर समाज के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, आत्म सम्मान और सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण साधन है।मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने कहा कि सबके अपने जीवन जीने की कला है। यदि कहीं यह महसूस हो कि उपेक्षा हो रही है, तो दिल्ली सरकार दिव्यांगजनों के साथ मजबूती से खड़ी है। दिव्यांगों के लिए किसी भी क्षेत्र में उपेक्षा नहीं होने दी जाएगी।उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली सरकार दिव्यांग खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं, प्रशिक्षण और मंच उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि वे राज्य और देश का नाम रोशन कर सकें।

# डीयूएमटीए के लिए विधेयक का मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने एकीकृत परिवहन की दिशा में निर्णायक कदम उठाते हुए दिल्ली यूनिफाइड मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी (डीयूएमटीए) और एक समर्पित दिल्ली अर्बन ट्रांसपोर्ट फंड (डीयूटीएफ) के गठन के लिए विधेयक का मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। यह जानक. ारी आज एक विज्ञप्ति के जरिए दी गई।

विज्ञप्ति के मुताबिक, प्रस्तावित कानून के शीघ्र और समावेशी मसौदे को सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया है। टास्क फोर्स को निर्देश दिए गए हैं कि वह निर्धारित समय-सीमा में विधेयक का मसौदा तैयार कर प्रस्तुत करे, जिससे सरकार की सुधारोन्मुख प्रतिबद्धता और तत्परता स्पष्ट होती है।

इस टास्क फोर्स में परिवहन, शहरी विकास, वित्त, योजना, लोक निर्माण और दिल्ली पुलिस सहित प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), नगर निगम (एमसीडी), दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी), दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) और भारतीय रेलवे जैसे प्रमुख नागरिक एवं परिवहन संस्थानों के प्रतिनिधियों को भी इसमें सम्मिलित किया गया है। वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं और स्थानीय आवश्यकताओं के संतुलित समावेश के लिए मुख्यमंत्री ने शहरी परिवहन के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों को सह नामित करने का भी सुझाव दिया है।

इस पहल की पृष्ठभूमि स्पष्ट करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की परिवहन एजेंसियां ऐतिहासिक रूप से पृथक रूप से कार्य करती रही हैं, जिससे मार्ग योजना, अवसंरचना विकास और सेवा प्रदायगी में समन्वय की कमी रही है।

# राहगीरों को पकड़ कर आरोपी नहीं बना सकतेः हाईकोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने पिछले महीने तुर्कमान गेट में फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास तोड़फोड़ के दौरान पत्थरबाजी के मामले में अहम टिप्पणी की है। उच्च न्यायालय ने कहा है कि इस घटना के दौरान पुलिस भीड़ का हिस्सा होने के लिए राहगीरों को पकड़ कर आरोपी नहीं बना सकती।

न्यायमूर्ति प्रतीक जालान की पीठ ने यह टिप्पणी भीड़ को भड़काने के आरोपी एक व्यक्ति की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान की। पीठ ने दिल्ली पुलिस से साजिद इकबाल की अग्रिम जमानत याचिका पर एक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। दिल्ली पुलिस के वकील ने कहा कि एजेंसी मामले में गहरी साजिश की जांच कर रही है। पुलिस का दावा है कि आरोपी ने बैरिकेड हटाकर भीड़ को भड़काया था। अदालत को आरोपी के वकील की तरफ से घटना का एक वीडियो दिखाया गया। पीठ ने इसके बाद पुलिस से वीडियो को सही टाइम स्टैम्प के साथ रिकॉर्ड पर लाने को कहा है। पीठ ने कहा कि कि भले ही याचिकाकर्ता भीड़ का हिस्सा था, अशांति में उसकी खास भूमिका पर विचार किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि अगर वीडियो में दिख रहा है कि वह भड़का रहा है, तो आप सही हैं।

# लापता बच्चों को लेकर घबराहट या भय का कोई आधार नहींः दिल्ली पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी में बच्चों समेत लापता व्यक्तियों के मामलों को लेकर सोशल मीडिया और कुछ माध्यमों में फैल रही खबरों पर दिल्ली पुलिस ने स्पष्ट किया है कि ऐसी किसी भी तरह की घबराहट या भय का कोई आधार नहीं है। पुलिस के अनुसार जनवरी दो हजार छब्बीस में लापता मामलों की संख्या पिछले वर्षों की समान अवधि की तुलना में बढ़ी नहीं है, बल्कि इनमें कमी दर्ज की गई है।

पुलिस प्रवक्ता एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त संजय त्यागी ने बताया कि राजधानी में अपराध और लापता मामलों की रिपोर्टिंग पूरी पारदर्शिता के साथ की जाती है। किसी भी व्यक्ति के लापता होने की सूचना स्थानीय थाने, ऑनलाइन माध्यम या आपात सेवा नंबर के जरिये तुरंत दर्ज कराई जा सकती है। तय प्रक्रिया के तहत हर मामले में तुरंत कार्रवाई की जाती है, जिसमें बच्चों से जुड़े मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है।

उन्होंने बताया कि दिल्ली के सभी जिलों में विशेष लापता व्यक्ति दस्ते गठित किए गए हैं, जबकि अपराध शाखा में मानव तस्करी विरोधी इकाई सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। इन इकाइयों के माध्यम से बच्चों और अन्य लापता व्यक्तियों की तलाश के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। अब तक किसी भी मामले में किसी संगठित गिरोह की संलिप्तता सामने नहीं आई है। पुलिस ने यह भी खुलासा किया है कि कुछ लोग जानबूझकर गलत आंकड़े पेश कर डर फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ऐसी कई पोस्ट और खबरें आर्थिक लाभ के उद्देश्य से प्रचारित की जा रही हैं। पुलिस ने चेतावनी दी है कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर चल रही अपुष्ट खबरों पर भरोसा न करें और किसी भी संदिग्ध सूचना की पुष्टि आधिकारिक माध्यमों से ही करें।

## दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति ने पंजाब सरकार से 12 तक मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष की सिख गुरूओं पर टिप्पणी का मुद्दा लगातार गर्माया हुआ है। अब दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति ने पंजाब सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) को पंजाब पुलिस की कार्रवाई के मामले में 12 फरवरी तक लिखित जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, पंजाब के पुलिस महानिद. ेशक (डीजीपी) और जालंधर के पुलिस आयुक्त से भी लिखित जवाब मांगा है। यह निर्देश कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा के खिलाफ पंजाब पुलिस की ओर से दर्ज एफआईआर पर दिल्ली विधानसभा सचिवालय द्वारा मांगी सूचनाओं एवं दस्तावेजों को उपलब्ध न कराए जाने तथा पंजाब पुलिस अधिकारियों के आचरण से संबंधित है।

# एनडीएमसी सुविधा कैंप में एक ही जगह मिलेंगी कई सेवाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर पालि. का परिषद शनिवार, 07 फरवरी 2026 को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर, जय सिंह रोड (पालि. का केंद्र के पास) में सुविधा कैंप का आयोजन करेगी। इस सुविधा कैंप का उद्देश्य नागरिकों से सीधा संवाद मजबूत करना और विभिन्न सेवाओं से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। कैंप में बिजली कनेक्शन से जुड़े कार्य, प्रॉपर्टी टैक्स, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, पानी और बिजली बिल भुगतान, सफाई व्यवस्था, सड़क मरम्मत, पेंशन योजनाएं, बारात घर और सार्वजनिक पार्क की बुकिंग समेत कई विभागीय सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। अलग-अलग विभागों के अधिकारी हेल्पडेस्क के माध्यम से मौके पर ही मार्गदर्शन और समाधान प्रदान करेंगे। यह कैंप हर महीने के पहले शनिवार को आयोजित किया जाता है। इसके साथ ही एनडीएमसी ने डिजिटल सुविधा के लिए "जन सुविधा पोर्टल" भी शुरू किया है, जिससे नागरिक ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकते हैं और उसकी स्थिति ट्रैक कर सकते हैं। परिषद ने फिजिकल और डिजिटल दोनों माध्यमों से पारदर्शी, जवाबदेह और नागरिक केंद्रित सेवाएं देने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

# प्यार की आड़ में कत्ल की साजिश, पति ने कराया पत्नी का कत्ल




**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर रुस्तमपुर में 2 फरवरी को हुई रीता शर्मा की निर्मम हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। इस सनसनीखेज वारदात में चौंकाने वाला सच सामने आया है कि हत्या किसी बाहरी अपराधी ने नहीं, बल्कि मृतका के पति ने ही रची थी। प्रेम प्रसंग में बाधा बन रही पत्नी को रास्ते से हटाने के लिए पति ने अपने ही कर्मचारियों के साथ मिलकर साजिश रच डाली।

जानकारी के अनुसार रीता शर्मा के पति राहुल शर्मा का गांव की ही एक महिला से लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस बात की जानकारी जब रीता शर्मा को हुई तो घर में आए दिन विवाद और कलह होने लगी। रीता लगातार पति से अवैध संबंध खत्म कर परिवार की जिम्मेदारी निभाने की फरियाद करती रही, लेकिन यही बात उसकी मौत का कारण बन गई। पुलिस के अनुसार राहुल शर्मा ने अपनी दुकान पर काम करने वाले दो कर्मचारियों शेर अली और फिरोज के साथ मिलकर पत्नी की हत्या की योजना बनाई। दोनों कर्मचारियों को पांच लाख रुपये का लालच दिया गया, साथ ही राहुल शर्मा द्वारा पहले से ली गई करीब एक लाख रुपये की उधारी माफ करने का भी वादा किया गया। लालच में आकर दोनों आरोपी इस जघन्य अपराध के लिए तैयार हो गए। 2 फरवरी की रात राहुल शर्मा पहले से घर में मौजूद था और घर का दरवाजा खुला छोड़ दिया गया। इसी दौरान शेर अली और फिरोज धारदार हथियार लेकर घर में दाखिल हुए। तीनों ने मिलकर रीता शर्मा पर हमला किया। बेड पर गिरते ही शेर अली और फिरोज ने धारदार हथियार से उसका गला रेत दिया और मौके से फरार हो गए। हत्या के बाद आरोपी पति ने खुद को बचाने के लिए फिल्मी अंदाज में अलिबाई गढ़ी। वह एक शादी समारोह में पहुंचा, वहां फोटो खिंचवाए और कुछ देर मौजूद रहने के बाद घर लौटा। घर पहुंचकर पत्नी को लहूलुहान हालत में देखकर उसने शोर मचाया और हत्या की सूचना पुलिस व परिजनों को दी। सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पूछताछ के दौरान मृतका के परिजनों ने राहुल शर्मा पर गंभीर आरोप लगाए। लगातार पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर बहादुरगढ़ पुलिस ने महज 72 घंटे में रीता शर्मा हत्याकांड का खुलासा कर दिया। पुलिस ने आरोपी पति राहुल शर्मा सहित शेर अली और फिरोज को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त दो चाकू भी बरामद किए गए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला लूटपाट का प्रतीत कराया गया था, लेकिन पुलिस टीम ने हर एंगल से जांच करते हुए तकनीकी साक्ष्य, फोरेंसिक रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर सच्चाई सामने लाई। महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पति सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# रजिस्ट्री प्रक्रिया में बड़ा बदलाव, हाईटेक सिस्टम से बढ़ेगी पारदर्शिता



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**धौलाना।** संपत्ति से जुड़े लेन-देन को पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से धौलाना उप निबंधक कार्यालय में रजिस्ट्री प्रक्रिया को हाईटेक कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप अब किसी भी प्रकार की रजिस्ट्री के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड के साथ बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है। इस नई व्यवस्था के लागू होने से संपत्ति से संबंधित फर्जीवाड़े और धोखाधड़ी पर प्रभावी रोक लगने की उम्मीद जताई जा रही है।

उप निबंधक प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश पर यह व्यवस्था लागू की गई है, जिससे रजिस्ट्री प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी और वास्तविक संपत्ति स्वामी के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने कहा कि अब मकान, दुकान अथवा कृषि भूमि की रजिस्ट्री केवल वही व्यक्ति करा सकेगा, जिसका नाम दस्तावेजों में दर्ज होगा और जिसका बायोमेट्रिक सत्यापन सिस्टम में सफलतापूर्वक हो पाएगा। यदि कोई व्यक्ति गलत नीयत से या फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रजिस्ट्री कराने का प्रयास करेगा तो वह तत्काल तकनीकी प्रणाली में पकड़ में आ जाएगा। उप निबंधक प्रभारी अमित कुमार एवं विनोद कुमार ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अपने आधार और पैन कार्ड में दर्ज नाम, पता व अन्य विवरणों की त्रुटियां समय रहते ठीक करा लें और अनिवार्य रूप से अपना बायोमेट्रिक सत्यापन करवा लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन व्यक्तियों का बायोमेट्रिक सत्यापन नहीं होगा, उनकी रजिस्ट्री प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाई जाएगी, क्योंकि नई प्रणाली में बिना बायोमेट्रिक सत्यापन के रजिस्ट्री संभव नहीं है।

# विश्व कैंसर दिवस पर सरस्वती आयुर्विज्ञान संस्थान ने जगाई स्वास्थ्य चेतना




**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर सारस्वती आयुर्विज्ञान संस्थान, हापुड़ के सामुदायिक चिकित्सा विभाग के अंतर्गत शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र क्षेत्र में व्यापक सामुदायिक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनमानस को कैंसर की रोकथाम, शीघ्र पहचान और समय पर जांच व उपचार के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा। आयोजन वैश्विक विषय विशिष्टता में एकता पर केंद्रित रहा।

कार्यक्रम का आयोजन डा. ब्रिगेडियर विनीत रस्तोगी, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, सामुदायिक चिकित्सा विभाग के मार्गदर्शन में किया गया, जबकि समन्वय की जिम्मेदारी डा. विनय कुमार ने निभाई। इस अवसर पर संस्थान की निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और जनभागीदारी बढ़ाने की प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। कार्यक्रम के तहत चिकित्सा स्नातक पाठ्यक्रम सत्र 2023 के छात्रों द्वारा शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता रैली निकाली गई। छात्रों ने नारों और जागरूकता संदेशों से युक्त तख्तियों के माध्यम से कैंसर की रोकथाम, प्रारंभिक चेतावनी संकेतों, स्वस्थ जीवनशैली और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व को आम लोगों तक पहुंचाया। इसके बाद डा. विनय कुमार, डा. विकार अहमद (कनिष्ठ चिकित्सक) एवं डा. लखन प्रताप सिंह (प्रशिक्षक) द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता व्याख्यान दिए गए। वक्ताओं ने तंबाकू और मादक पदार्थों का सेवन, अस्वस्थ आहार, शारीरिक निष्क्रियता तथा चिकित्सकीय परामर्श में देरी जैसे प्रमुख जोखिम कारकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामुदायिक लोगों ने सहभागिता की और विशेषज्ञों से संवाद कर कैंसर की रोकथाम व देखभाल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानक. ारियां प्राप्त कीं। संस्थान के संस्थापक एवं अध्यक्ष डा. जे. रामचंद्रन तथा उपाध्यक्ष रम्या रामचंद्रन ने भी टीम को शुभकामनाएं देते हुए जन-स्वास्थ्य शिक्षा, सामुदायिक सहभागिता और रोगी-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता दोहराई।

# नगरपालिका पर जनता का फूटा गुस्सा, निर्माणाधीन नाले का काम रुकवाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**पिलखुवा।** नगर में लंबे समय से बनी जलभराव की गंभीर समस्या को लेकर शुक्रवार को लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। परेशान नागरिकों ने नगर पालिका के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए निर्माणाधीन नाले के कार्य को मौके पर ही रुकवा दिया। प्रदर्शनकारियों ने पालिका प्रशासन पर लापरवाही और मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि बिना समुचित योजना और वैकल्पिक व्यवस्था के नाले का निर्माण शुरू कर दिया गया, जिससे आमजन को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नाले के निर्माण के दौरान गली का रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया गया, जिसके चलते बीते पांच से छह दिनों से पूरे मोहल्ले में पानी भरा हुआ है। जलभराव के कारण घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं कई घरों में गंदा पानी घुसने से संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। निवा. सियों ने बताया कि समस्या को लेकर नगर पालिका में कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आक्रोशित नागरिकों ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य के दौरान लगाए गए बांध को खुलवाया, जिससे पानी की निक. ासी शुरू हो सकी। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि पहले सड़क को दुरुस्त किया जाए और जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रदर्शन के दौरान उदयवीर सिंह, प्रवीण, कुणाल, विनीत, नवीन, जावेद, रवि, रीना, रविन्द्र, बाला, सरोज, जसंगीता, विनय और पप्पू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। नागरिकों ने चेतावनी दी कि यदि नगर पालिका ने शीघ्र समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# कानून के पहरे के बीच खुलेआम जमकर हुई मारपीट



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर में शुक्रवार को कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाली एक घटना सामने आई। सीओ कार्यालय के ठीक सामने पैसों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। हैरानी की बात यह रही कि जिस समय यह हंगामा सड़क पर चल रहा था, उसी दौरान सीओ कार्यालय के भीतर पुलिसकर्मी मौजूद थे, लेकिन उन्हें बाहर घट रही घटना की भनक तक नहीं लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सीओ कार्यालय के मुख्य द्वार के पास दो लोगों के बीच रुपये के लेनदेन को लेकर पहले तीखी बहस हुई। कुछ ही पलों में विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लात-घूंसे बरसाने शुरू कर दिए। काफी देर तक सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा और राहगीर तमाशबीन बने रहे।

स्थिति बिगड़ती देख तहसील परिसर में मौजूद अधिवक्ता मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को शांत कराने का प्रयास किया। वकीलों के हस्तक्षेप के बाद किसी तरह मारपीट पर काबू पाया जा सका। इस दौरान यह भी सामने आया कि सीओ कार्यालय के भीतर मौजूद पुलिसकर्मी बाहर हो रहे शोर-शराबे से अनजान रहे और जब तक उन्हें सूचना मिली, तब तक मामला तूल पकड़ चुका था। सीओ स्तुति सिंह ने कहा कि प्रकरण की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# 85 लाख की लूट का आरोपी गिरफ्तार, 35 हजार नकद बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने हाइवे पर कलेक्शन एजेंट के साथ हुई 85 लाख रुपये की सनसनीखेज लूट की घटना में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूट से संबंधित 35 हजार रुपये नकद भी बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार जनपद में अपराध नियंत्रण और लूट की घटनाओं के खुलासे के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पिलखुवा पुलिस ने बीएनएस के तहत दर्ज मामले में वांछित अभियुक्त को शिवा ढाबे के पास से दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुत की पहचान रिहान पुत्र समद निवासी ग्राम खगोई, थाना सिम्भावली, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। बताया गया कि आरोपी लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर था। गिरफ्तारी के दौरान आरा. ेपी के पास से लूट की रकम में से 35 हजार रुपये नकद बरामद हुए, जिन्हें पुलिस ने कब्जे में लेकर सील कर दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है, जिससे लूट की घटना में शामिल अन्य आरोपियों और शेष लूटी गई रकम के संबंध में अहम जानकारियां मिलने की उम्मीद है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

# लंबे समय से फरार आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**पिलखुवा।** थाना पिलखुवा क्षेत्र के मोहल्ला रमपुरा में करीब आठ माह पूर्व दो पक्षों के बीच हुई मारपीट और झगड़े की घटना में वांछित चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लंबे समय से फरार चल रहे इस आरोपी की तलाश पुलिस को थी, जिसे अभियान के तहत दबोच लिया गया। पुलिस के अनुसार बीएनएस और 7 सीएल एक्ट के तहत दर्ज मामले में वांछित आरोपी मोनू पुत्र नरेंद्र, निवासी मोहल्ला रमपुरा थाना पिलखुवा, को उसके मकान से गिर“तार किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी घटना के बाद से ही॰रार चल रहा था और लगातार पुलिस की पकड़ से बच रहा था। स्थानीय स्तर पर सूचना संकलन और निगरानी के बाद पुलिस ने आरोपी के ठिकाने की पुष्टि कर दबिश दी और उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक पूछताछ शुरू कर दी है तथा मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# दुवासु में हुआ पांच दिवसीय मास्टर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मथुरा।** उ.प्र. पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान (क्न्ट ौन्), मथुरा द्वारा पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश के पशु चिकित्साधिकारियों के लिए तीन पाँच-दिवसीय मास्टर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रदेश के 75 जनपदों से लगभग 150 पशु चिकित्साधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य विषय "नवाचार एवं वैज्ञानिक पशुधन प्रबंधन पद्धतियों के माध्यम से पशुधन उत्पादकता में वृद्धि" रहा, जिसका उद्देश्य राज्य में पशुपालन सेवाओं को अधिक प्रभावी, आधुनिक एवं परिणामोन्मुख बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को उन्नत पशुपालन तकनीकों, वैज्ञानिक पोषण प्रबंधन, प्रजनन एवं रोग नियंत्रण, डेयरी प्रबंधन, जैव-सुरक्षा उपायों, पशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार तथा किसानों तक तकनीकी ज्ञान के प्रभावी प्रसार से संबंधित विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। व्याख्यान, समूह चर्चा एवं व्यावहारिक सत्रों के माध्यम से प्रशिक्षण को अधिक सहभागी एवं उपयोगी बनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अभिजीत मित्रा रहे। एक प्रशिक्षण बैच से संवाद करते हुए कार्यक्रम की प्रभावशीलता पर संतोष व्यक्त किया तथा अधिकारियों को प्राप्त ज्ञान का जमीनी स्तर पर प्रभावी उपयोग कर पशुधन विकास को गति देने हेतु प्रेरित किया कार्यक्रम का आयोजन विश्व. विद्यालय के प्रसार निदेशालय द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशक डॉ. अतुल सक्सेना ने प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता के लिए सभी प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही उन्होंने प्रशिक्षण टीम के सदस्योंकृडॉ. अमित सिंह, डॉ. संजीव सिंह, डॉ. मुकेश श्रीवास्तव, डॉ. अवनीश कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार तथा डॉ. प्रतिक्ष्या पांडाकृके सहयोग एवं योगदान की सराहना की।

# मानव-हाथी संघर्ष प्रबंधन को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**पीलीभीत।** मानव-हाथी संघर्ष प्रबंधन को लेकर वन एवं वन्यजीव प्रभाग द्वारा विश्व प्रकृति निधि-भारत के सहयोग से मरौरी ब्लॉक परिसर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में वन विभाग के साथ-साथ कृषि विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, पंचायत एवं विकास विभाग, सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग, ग्राम प्रधान, बाघ मित्र एवं अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। प्रभागीय वनाधिकारी, पीलीभीत टाइगर रिज़र्व मनीष सिंह ने कहा कि हाथियों से प्रभावित क्षेत्रों की पहचान कर स्थानीय ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। बाघ मित्रों, ग्राम प्रधानों एवं ईको-विकास समितियों के प्रतिनिधियों को सशक्त बनाकर मानव-हाथी संघर्ष प्रबंधन में उनका सहयोग लिया जाएगा। इसके लिए सभी संबंधित विभागों का समन्वय अत्यंत आवश्यक है।

प्रभागीय निदेशक, वन एवं वन्यजीव प्रभाग ने कहा कि यह कार्यशाला पीलीभीत के लिए अत्यंत आवश्यक है। जनपद में मानव-हाथी संघर्ष लगातार बढ़ रहा है और इस प्रकार की कार्यशालाओं से प्रशिक्षित बाघ मित्र एवं विभागीय कर्मचारी संघर्ष को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# संस्कृति बाक्स क्रिकेट लीग पर शिवालिक हाउस का कब्जा



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मथुरा।** संस्कृति विवि बाक्स क्रिकेट प्रीमियर लीग 2026 की ट्राफी पर शिवालिक हाउस ने कब्जा किया। शिवालिक हाउस ने नीलगिरी हाउस को तीन विकेट से हराकर अपनी जीत का परचम फहराया। इस रोमांचक मुकाबले में नीलगिरी हाउस के रोहित को बेस्ट बालर और प्रियांशु कुमार को बेस्ट बैट्समैन के खिताब से सम्मानित किया गया। वहीं मैन आफ द सिरीज नील गिरी हाउस के मोहित पांडे घोषित किए गए।

इस दौरान अन्य मैंचों में वूमैन बाक्स क्रिकेट में एंजल की टीम ने दिवास की टीम को छह विकेट से हराकर अपने चौंपियन ट्राफी हासिल की। एंजल टीम की प्रेरना को बेस्ट वूमैन बालर और सिद्धी को बेस्ट बैट्समैन का खिताब हासिल हुआ। मैन आफ द मैच सिद्दी घोषित की गईं। इसी के साथ संस्कृति विवि की एकेडमिक और टीचर्स टीम के बीच हुए रोमांचक मुकाबले में टीचर्स की टीम ने एकेडमिक टीम को चार विकेट से हराकर हंगामा मचा दिया। वहीं वूमैन टीचर्स की ए और बी टीम के बीच हुए मुकाबले में टीम बी ने टीम ए को 21 रनों से हरा दिया। संस्कृति विश्वविद्यालय के इस मैदान पर रंग बिरंगे अलग-अलग हाउस के फ्लेग लहरा रहे थे। छात्र-छात्राओं की बड़ी संख्या दर्शक दीर्घा में अपनी-अपनी टीमों को प्रोत्साहित करने के लिए जबर्दस्त शोर मचा रहे थे तो उधर बड़े-बड़े स्पीकरों से गूंज रहे जोशीले गीत माहौल को गरमा रहे थे। पूरा माहौल खेल को समर्पित था। ऐसे में विश्वविद्यालय के अधिकारी और अतिथि पूरे जोश और जूनूंन के साथ इन मैचों का आनंद लेते रहे। मैंचों के समापर पर विजेता टीमों को संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता, सीईओ डा. श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, डाइरेक्टर जनरल विवेक अग्रवाल एडवोकेट, कुलपति प्रो. एमबी चेट्टी, प्रति कुलपति डा. रघुराम भट्ट द्वारा ट्राफियां और पुरुस्कार प्रदान किए गए।

# ईडी बंगले के पास बड़ी चोरी

## मथुरा रिफाइनरी की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मथुरा।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) मथुरा रिफाइनरी परिसर में उस समय हड़कंप मच गया जब ईडी बंगले के बराबर स्थित रिफाइनरी प्रबंधन के एक वरिष्ठ अधिकारी के आवास से चोरों ने लाखों रुपये के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। इस वारदात ने रिफाइनरी की सुरक्षा व्यवस्था को खुली चुनौती दे दी है।

बताया गया है कि अधिकारी का परिवार शादी समारोह में शामिल होने के लिए कोलकाता गया हुआ था। इसी दौरान चोरों ने बंद पड़े बंगले को निशाना बनाते हुए अलमारी और लॉकर तोड़कर कीमती जेवरात चोरी कर लिए।

घटना की जानकारी मिलते ही रिफाइनरी प्रबंधन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। घर सूना पाकर चोरों ने इत्मीनान से हाथ साफ किया। बंगले के दरबाजे का ताला चटका हुआ देखकर लोगों ने शादी में गए हुए अधिकारी को फोन किया, तब पता चला कि रिफाइनरी के बड़े अधिकारी के यहां से चोरों ने लाखों के जेव. रात और कीमती सामान पर हाथ साफ किया है। चौंकाने वाली बात यह है कि जिस इलाके में यह चोरी हुई, वहां रिफाइनरी नगर की सुरक्षा के लिए करीब सवा सौ डीजीआर गार्ड तैनात हैं। इसके बावजूद ईडी बंगले से सटे अधिकारी के आवास में चोरी की वारदात ने सुरक्षा प्रबंधों की पोल खोल दी है। सूत्रों के अनुसार, चोरी की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा। इस हाई-सिक्योरिटी जोन में हुई चोरी की घटना ने रिफाइनरी प्रबंधन की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# हरित मोबिलिटी से बदलेगा ब्रज का चेहरा




**मथुरा।** मथुरादवृंदावन आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को अब जाम, धुएं और अव्यवस्थित ट्रैफिक से जल्द राहत मिल सकती है। ग्रीन मोबिलिटी जोन (जीएमजेड) की शुरुआत को लेकर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि यह योजना केवल यातायात सुधार की नहीं, बल्कि ब्रज की आध्यात्मिक शांति और पर्यावरणीय पवित्रता को लौटाने की दिशा में बड़ा कदम है। यह बातें उन्होंने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राहगीरी फाउंडेशन द्वारा आयोजित उच्चस्तरीय कार्यशाला में कहीं। मौके पर उन्होंने कहा कि "श्रद्धालु यहां सुकून और भक्ति की भावना लेकर आते हैं, लेकिन भीड़ और प्रदूषण उनके अनुभव को प्रभावित करता है। जीएमजेड से यह स्थिति बदलेगी।" कार्यशाला में जिला प्रशासन, नगर निगम, पुलिस विभाग और शहरी परिवहन विशेषज्ञों ने मथुरादवृंदावन को स्वच्छ, सुविधाजनक और जाम-मुक्त बनाने की कार्ययोजना पर चर्चा की। इस दौरान नगर आयुक्त जगप्रवेश ने बताया कि वर्ष 2030 तक 50 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहन उपयोग का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए चार्जिंग स्टेशन, ई-बसें और बेहतर सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था विकसित की जाएगी। वहीं एसएसपी श्लोक कुमार, आईपीएस ने कहा कि ट्रैफिक प्रबंधन और सख्त निगरानी से श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट और आईसीसीटी के विशेषज्ञों ने बताया कि बड़े शहरों में 50 प्रतिशत से अधिक प्रदूषण का कारण वाहन हैं। इसी को देखते हुए मथुरादवृंदावन में लो-एमिशन जोन लागू करने की तैयारी है, जिससे प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों का प्रवेश सीमित होगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मंदिरों और घाटों के आसपास अव्यवस्थित पार्किंग और निजी वाहनों की अधिक संख्या के कारण श्रद्धालुओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बांके बिहारी, प्रेम मंदिर और प्रमुख घाटों तक पैदल पहुं. चना भी जोखिम भरा हो गया है। योजना के तहत शहर के बाहर विकसित पार्किंग स्थलों से मंदिरों और होटलों तक ई-रिक्शा और धार्मिक बस सेवा चलाई जाएगी।

# शादीशुदा कॉन्स्टेबल की गर्लफ्रेंड ने खुद को मारी गोली

**■ पत्नी का कॉल आने पर उठाई लाइसेंसी पिस्टल, फिर किया सुसाइड, पांच साल का रिलेशन था**



प्रिया, मृतक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में शादीशुदा कॉन्स्टेबल की गर्लफ्रेंड ने खुद को लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार ली। दिल्ली पुलिस में कॉन्स्टेबल है। वो अपनी गर्लफ्रेंड और कुछ दोस्तों के साथ घर पर पार्टी कर रहा था। इस दौरान उसकी पत्नी का फोन आ गया। युवती ने कॉन्स्टेबल की पत्नी का फोन उठाया। उससे बात की। इसी दौरान युवती ने पास रखी लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। कॉन्स्टेबल युवती को आनन-फानन में पास के अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

इस घटना से सोसाइटी के आसपास हड़कंप मच गया। फिलहाल पुलिस की सूचना पर युवती के परिजन अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने दिल्ली पुलिस में तैनात कॉन्स्टेबल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने कॉन्स्टेबल को हिरासत में ले लिया है।

मामला बिसरख कोतवाली के राधा स्काई गार्डन सोसाइटी का है। पिछले 5 महीने से दिल्ली पुलिस में तैनात कॉन्स्टेबल आशीष और प्रिया(25) नाम की युवती दोनों राधा स्काई गार्डन सोसाइटी में एक साथ रह रहे थे। आशीष पिछले 5 सालों से प्रिया के साथ रिलेशन में था। उसका पत्नी से तलाक का विवाद चल रहा था। गुरूवार रात को आशीष के घर पर पार्टी चल रही थी। पार्टी में आशीष के कुछ दोस्त भी आए थे। सभी पार्टी कर रहे थे। तभी पार्टी के दौरान आशीष की पत्नी का फोन आ गया। प्रिया ने आशीष की पत्नी का फोन रिसीव कर लिया। दोनों के बीच फोन पर ही कहासुनी हुई। फोन पर बात करते-करते प्रिया ने गुस्से में आकर आशीष की लाइसेंसी पिस्टर से खुद को गोली मार ली।

गोली की आवाज सुनते ही आशीष और उसके दोस्त मौके पर दौड़े। प्रिया का काफी खून बह रहा था। तुरंत ही सारे लोग उसे नजदीकी अस्पताल में ले गए। जहां उपचार के दौरान डॉक्टर ने उसकी गंभीर हालत बताई है। फिलहाल प्रिया वेंटिलेटर पर है।

**युवक खुद लेकर पहुंचा अस्पताल:** एसीपी बिसरख ने बताया- देर रात राधा स्काई गार्डन सोसाइटी में कुछ लोग पार्टी कर रहे थे। इसी दौरान गोली चलने की आवाज आई। सोसायटी के लोग जब पास पहुंचे तो देखा एक युवती जो की खून से लथपथ पड़ी थी। जिसको कॉन्स्टेबल ने आननफानन में तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

**हर एंगल से की जा रही मामले की जांच डीसीपी:** एडीसीपी सेन्ट्रल नोएडा आर के गौतम ने बताया- एक युवती घायल अवस्था में प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जिसको गन शॉट इंजरी है। पुलिस के द्वारा तत्काल इस मामले की जांच की गई।।पाया गया कि घायल युवती और उसका साथी अपने कुछ मित्रों के साथ एक सोसाइटी में पार्टी कर रहे थे। तभी आपसी विवाद को लेकर युवती ने खुद पर गोली चलाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर दी गई है।

घटना में प्रयुक्त तमंचा बरामद कर लिया गया है। सोसायटी के फ्लैट को सील कर दिया है। अभी तक की जानकारी के अनुसार आरोपी दिल्ली पुलिस में हेड कॉन्स्टेबल के पद पर कार्यरत है। जिसको गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# झपटमारी करने वाला एक बदमाश गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बाइक पर सवार को साथी संग मिलकर राहगीरों से मोबा. इल झपटमारी करने वाले एक बदमाश को सेक्टर-39 थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से दो मोबाइल फोन और तमंचा बरामद हुआ है। उसके खिलाफ बुंलदशहर और नोएडा में तीन केस दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एक मामला सेक्टर-39 थाना पुलिस ने केस दर्ज किया। शुक्रवार को उसे सेक्टर-45 सोम बजार कट से गिरफ्तार कर किया गया।

# आरटीई के तहत दाखिला नहीं लेने वाले स्कूलों पर होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत दाखिला नहीं लेने वाले स्कूलों पर पहले दिन से कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को डीएम मेधा रूपम ने निजी स्कूलों की 25 प्रतिशत सीटों पर आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के दाखिले के लिए बैठक की। बैठक में बेसिक व माध्यमिक के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र छात्र दाखिले से छूटना नहीं चाहिए।

उन्होंने आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी, समयबद्ध एवं जवाबदेही के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए साथ ही प्रत्येक स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा। इस मौके पर उन्होंने लेखपाल, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एनआरएलएम स्वयंसेवी संस्थाएं, ग्राम प्रधान, आरडब्ल्यूए, जिला पंचायत राज अधिकारी, विकास प्राधिकरण तथा नगर पालिका की कूड़ा संग्रहण गाड़ियों में लगे पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से डोर-टू-डोर एवं जनसंपर्क अभियान चलाने को कहा जिससे योजना की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर किसी भी प्रकार की अनियमितता, भेदभाव या अतिरिक्त शुल्क की मांग को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कोई विद्यालय शासन के निर्देशों का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने शिक्षा विभाग का अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी उप जिलाधिकारियों के साथ बैठक कराते हुए यह सुनिश्चित कराएं कि लेखपालों द्वारा स्थलीय जांच कर ही आय प्रमाण पत्र जारी किए जाएं।

# खिलाड़ी की कार को टक्कर मारने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शिवम ठाकुर की कार को टक्कर मारने के मामले में पुलिस ने बोलेरो चालक को शुक्रवार, 6 जनवरी को गिरफ्तार किया। यह घटना 4 फरवरी की देर रात हुई थी, जिसके बाद पीड़ित खिलाड़ी ने एक वीडियो वायरल कर इसे जानलेवा हमला बताया था।

पुलिस के अनुसार, ग्रेटर नोएडा निवासी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शिवम ठाकुर अपनी ग्रैंड विटारा कार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी ने उनकी कार में टक्कर मार दी।

घटना की जांच के दौरान पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज के आधार पर बोलेरो वाहन की पहचान की गई और त्वरित कार्रवाई करते हुए चालक दीपक पुत्र वीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी दीपक (लगभग 26 वर्ष) मधुबन बिहार, ग्राम कुलेसरा, थाना ईकोटेक-3, गौतम बुद्ध नगर का निवासी है।





**शिवम ठाकुर ही के कॉलोनी का रहने वाला है आरोपी दीपक:** पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि वादी शिवम ठाकुर और आरा. पी दीपक दोनों एक ही कॉलोनी के निवासी और पड़ोसी हैं। दोनों के बीच किसी भी प्रकार का पूर्व विवाद नहीं पाया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जांच में घटना के दौरान गोली चलने या किसी प्रकार की फायरिंग जैसी कोई बात सामने नहीं आई है।

इस संबंध में एडीसीपी सेंट्रल नोएडा आरके गौतम ने बताया कि सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए निष्पक्ष जांच की जा रही है, ताकि घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस द्वारा मामले की विस्तृत जांच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई जारी है।

## एक नजर

### 12 के साल बच्चे ने किया सुसाइड

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** स्कूल नहीं जाने पर माता-पिता के डाटने पर एक बच्चे ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। जिस समय बच्चे ने फांसी लगाई घर पर कोई नहीं था। घटना तीन फरवरी की है।

थाना फेस 2 क्षेत्र के नगला चरण दास गांव में 12 साल का गोलू परिवार के साथ रहता था। पिता की मौत पहले हो चुकी है। मां ने दूसरी शादी की है। उसकी एक बड़ी बहन भी है। जिस समय गोलू ने सुसाइड किया माता-पिता दोनों नौकरी पर गए थे। बहन स्कूल गई थी। ।ग्राम नगला चरण दास में रहने वाले अमित का बेटा गोलू पांचवीं कक्षा का छात्र था। पुलिस ने बताया कि गोलू अक्सर स्कूल नहीं जाने के लिए बहाना बनाता था। 3 फरवरी को भी स्कूल नहीं जाने के लिए बहाना करने लगा। उसे टीवी देखना था। जिसके चलते मां-पिता ने केबल का कनेक्शन हटाने की बात कही। और स्कूल नहीं जाने के लिए डाट दिया। गोलू तब कुछ नहीं बोला और कमरे में चला गया। कुछ देर बाद मां-पिता दोनों नौकरी पर चले गए। वो पास में ही एक कंपनी में काम करते है। साथ ही बहन स्कूल चली गई। लौट कर देखा तो गोलू ने पंखे से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। पिता ने पुलिस को फोन किया। शव को कब्जे में लिया गया। पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम में मौत की वजह दम घुटना बताई गई।

### शादी में 50 लाख के गहनों-नकदी से भरा पर्स ले उड़े चोर

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा में ईकोटेक-3 कोतवाली क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान चोरों ने वधू की मां के करीब 50 लाख रुपये के कीमती गहनों और नकदी से भरा पर्स चोरी कर लिया। यह वारदात बैंक्वेट हॉल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसमें दो युवक आराम से पर्स उठाकर बाहर निकलते दिख रहे हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गाजियाबाद के विजय नगर निवासी डॉ. विनय गौतम की बेटी की शादी गुरुवार को चौगानपुर के पास गोल्डन ड्रीम बैंक्वेट हॉल में थी। शादी की रस्में शुरू होने के दौरान, रात करीब 12 बजे, वधू की मां कुसुम गौतम एक मेज पर रखा अपना पर्स गायब देखकर चिंतित हो गईं। पर्स में करीब 50 हजार रुपये नकद और लगभग 50 लाख रुपये मूल्य के जेवर थे। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज खंगाली।

**सूट-बूट में आए थे चोर, सीसीटीवी में कैद:** सीसीटीवी फुटेज में सूट-बूट पहने दो युवक मेज से पर्स उठाते और बिना किसी हड़बड़ी के हॉल से बाहर निकलते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने कुसुम गौतम की तहरीर के आधार पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि, अभी जेवरों की विस्तृत सूची और उनकी कुल कीमत पुलिस को उपलब्ध नहीं कराई गई है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपी मेहमान बनकर आए थे या बाहर से घुसे थे।

**पुलिस ने गठित की विशेष टीम, जल्द खुलासे का दावा:** फुटेज के आधार पर दोनों युवकों की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम गठित की है और जल्द ही इस वारदात का खुलासा करने का दावा किया है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों के आने-जाने का मार्ग पता लगाया जा सके।

### स्क्रैप माफिया रवि काना ने दायर की अंतरिम जमानत याचिका

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बांदा जेल से 29 जनवरी को जमानत रिहा हुए स्क्रैप माफिया रवि काना को गौतमबुद्ध नगर पुलिस तलाश रही है। वहीं, गिरफ्तारी से बचने के लिए उसकी ओर से न्यायालय में अंतरिम जमानत याचिका दायर की गई है। याचिका पर 11 फरवरी को सुनवाई होगी। इसकी जानकारी आरोपी के अधिवक्ता ललित मोहन गुप्ता ने दी। रविंद्र सिंह उर्फ रवि नागर उर्फ रवि काना पर स्क्रैप कारोबार की आड़ में अवैध वसूली, जमीन कब्जाने, धमकी देने, मारपीट और संगठित अपराध से जुड़े कई गंभीर आरोप हैं। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गौतमबुद्ध नगर की अदालत से बी-वारंट के बावजूद रवि काना को बीते 29 जनवरी को बांदा जेल से रिहा कर दिया गया, जबकि रवि काना के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की तीन धाराओं के तहत पिछले माह सेक्टर-63 थाने में केस दर्ज हुआ था।

वह पहले से ही अन्य मुकदमों में जिला कारागार बंद था। इस दौरान नोएडा पुलिस ने अदालत में पेश कराने के लिए बी-वारंट जारी कराया। रवि काना को रिहा किए जाने को लेकर जिला कारागार बांदा के जेल प्रशासन से अदालत ने स्पष्टीकरण तलब किया था। इस मामले में जेल प्रशासन की लापरवाही मानते हुए डीजी जेल ने पहले जेलर और बाद में जेल अधीक्षक को निलंबित कर दिया। वहीं, गौतमबुद्ध नगर पुलिस रवि काना को खोज रही है। संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है। गिरफ्तारी से बचने के लिए रवि काना ने कोर्ट में अंतरिम जमानत याचिका दायर की है। आरोपी के अधिवक्ता ललित मोहन गुप्ता ने बताया कि हाल ही में सेक्टर-63 थाने में दर्ज एफआईआर के अनुसार रवि काना पर सिर्फ हत्या की धमकी देने का आरोप है। जिस पर याचिकाकर्ता को अंतरिम जमानत दी जा सकती है। याचिका पर सुनवाई के लिए अदालत ने 11 फरवरी की तारीख निर्धारित की है।

# पड़ोसी पर महिला को पीटने का आरोप

**नोएडा।** फेज-दो थाना क्षेत्र के आगरबस्ती गांव में निवासी महिला ने पड़ोसी युवक पर आपसी कहा. सुनी में मारपीट, अपमानित करने और धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने गुरुवार को पड़ोसी के खिलाफ फेज-दो थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। महिला और उनके पति की 14 जनवरी को जफर से कहासुनी हो गई। जफर अभद्रता करने लगा। महिला ने मना किया तो जफर ने मारपीट की। महिला को बचाने आए पति से भी मारपीट की। भीड़ एकत्रित होने के बाद आरोपी धमकी देकर भाग गया। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की। एसीपी उमेश कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला की शिकायत पर पड़ोसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

# लंबी दूरी की बसों में ऑनलाइन टिकट की सुविधा शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा डिपो की लंबी दूरी की सभी बसें ऑनलाइन कर दी गई है। इनमें आगरा, अलीगढ़, लखनऊ, बरेली, बदायूं, कासगंज और एटा समेत अन्य शहरों की बसें शामिल हैं। इन बसों में अब अधिक से अधिक ऑनलाइन टिकट बुक हो, इसके लिए यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है। नोएडा डिपो में 188 बसें हैं। सभी साधारण और सीएनजी से चलने वाली बसें हैं। डिपो की अपनी वातानुकूलित बसें नहीं हैं। अन्य डिपो की वातानुकू. लित बसें नोएडा डिपो होकर निकलती हैं। इनमें लखनऊ, गोरखपुर और अन्य शहरों की बसें शामिल हैं। नोएडा डिपो के अधिकारियों ने कहा कि ग्रामीण रूट और स्थानीय रूटों की बसों में ऑनलाइन टिकट की सुविधा की सफलता मुश्किल है।

ऐसे में इन बसों में ऑनलाइन टिकट बुकिंग की व्यवस्था नहीं है। बाकी सभी लंबी दूरी की लगभग 107 बसों में ऑनलाइन टिकट बुक करने की सुविधा है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने बताया कि बस में ऑनलाइन टिकट बुक करना समय की बचत, कहीं से भी बुकिंग की सुविधा और मनपसंद सीट चुनने का विकल्प भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि ज्यादा से ज्यादा यात्री बसों में ऑनलाइन टिकट बुक करें, इसके लिए चालक और परिचालकों द्वारा उन्हें जागरूक किया जा रहा है। मोबाइल पर परिचालक को टिकट दिखाना पड़ेगा रोडवेज की बसों में ऑनलाइन टिकट बुक करने के लिए यूपीएसआईटीसी की आधिकारिक वेबसाइट पर टिकट बुक कर सकते हैं।

# बिहार के शहरी विकास व आवास विभाग के प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेनो का किया दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** बिहार सरकार के शहरी विकास एवं आवास विभाग का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल की तरफ से बताया गया कि बिहार में औद्योगिक टाउनशिप विकसित करने की योजना है। औद्योगिक टाउनशिप होने के नाते जानकारी प्राप्त करने ग्रेटर नोएडा आए हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक कर जमीन अधिग्रहण से लेकर आवंटन तक की प्रक्रिया और नीतियों को जानकारी साझा की। इस बैठक में एसीईओ सुनील कुमार सिंह, एसीईओ प्रेरणा सिंह और एसीईओ सुमित यादव, महाप्रबंधक वित्त स्वतंत्र गुप्ता, प्रधान महाप्रबंधक संदीप चंद्रा, ओएसडी नवीन कुमार सिंह, प्रबंधक अरविंद मोहन समेत वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेटर नोएडा और आईआईटीजीएनएल के इंफ्रास्ट्रक्चर, नियोजन, बिल्डिंग प्लान, आवंटन प्रक्रिया समेत तमाम पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की। प्राधिकरण के भूलेख विभाग की तरफ से जमीन अधिग्रहण की सभी धाराओं, किसानों को दिए जाने लाभ आदि की जानकारी दी। नियोजन विभाग की तरफ से मास्टर प्लान, सेक्टर ले-आउट, बिल्डिंग बायलॉज, बसावट आदि से जुड़े नियमों व प्रक्रिया से अवगत कराया गया। परियोजना विभाग ने ग्रेटर नोएडा के इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में जानकारी दी। वित्त विभाग के महाप्रबंधक स्वतंत्र गुप्ता ने वित्तीय मॉड्यूल प्रस्तुत किया। प्राधिकरण को स्ववित्त पोषित बनाने की प्रक्रिया को समझाया गया। प्राधिकरण के उद्योग विभाग के प्रबंधक अरविंद मोहन सिंह ने ग्रेटर नोएडा में लागू औद्योगिक नीतियों, योजनाओं और आवंटन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने आईआईटीजीएनएल के इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप का भ्रमण भी किया। टाउनशिप के प्लग एंड प्ले सिस्टम, वेस्ट प्रोसेसिग प्लांट, बिजली-पानी की 24 घंटे उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रति. निधिमंडल ने ग्रेटर नोएडा और आईआईटीजीएनएल के इंफ्रास्ट्रक्चर को सराहा। यहां से प्राप्त जानकारी को बिहार के शहरी विकास एवं आवास विभाग की तरफ से पॉलिसी बनाने और इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए बेहद उपयोगी बताया।

# चार दिन तक फूलों से महकेगा नोएडा

## केदारनाथ मंदिर के होंगे दर्शन, 90 स्टॉल , बैंड और 20 से ज्यादा स्कलप्चर होंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में 19 से 22 फरवरी तक फ्लावर शो का आयोजन किया जाएगा। अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी ने बताया कि ये आयोजन सेक्टर-33ए निकट शिल्पहाट शिवालिक पार्क होगा।

इस शो में विभिन्न प्रजातियों के फूलों द्वारा तैयार म्यूरल्स और स्कलप्चर बनाए जाएंगे। आकर्षण का केंद्र केदारनाथ मंदिर होगा। जिसे फूलों दसे बनाया जाएगा। ये 30 फीट लंबा एवं 40 फीट ऊचा होगा। शो का मुख्य द्वार भी केदारनाथ थीम पर है। ये 22 फीट लंबा और करीब 25 फीट ऊंचा होगा। इसके अलावा फूलों से त्रिशुल, डमरू एवं नंदी को केदार मंदिर के सामने स्थापित किया जाएगा। जिसकी 08 फीट लंबाई और 03 फीट ऊंचाई का होगी। करेले से 6 फीट के हाथी को बनाया जाएगा।

मुख्य पाथवे बास्केट सौन्दर्यकरण किया जाएगा। ये 07 फीट में बनेगा। बास्केट फॉर पोट्स फ्लॉवर भी 7 फीट में बनेगा। प्रवेश पाथवे द्वार एवं प्रवेश गार्डन द्वार 10 फीट लंबाई और 12 फीट ऊंचाई में बनेगा। टॉप बास्केट फ्लो 08 फीट लंबाई का निर्माण होगा। इसके अलावा ढोलक शेप (बास्केट सटेप), फ्लोरल रेप्लिका आफ मटका फ्लो, फ्लोरल रेप्लिका आफ बुद्धा लोटस और आकृतियां बनाई जाएंगी।

**ये संस्थान लगाएंगे अपनी प्रदर्शनी:** उत्तर रेलवे, नई दिल्ली म्यूनिसिपल कोर्पोरेशन, दक्षिणी दिल्ली म्यूनिसिपल कोर्पोरेशन, भारतीय थल सेना, कोटा हाउस, भारत पेट्रोलियम, एलजी, एडोब सिस्टम, एनआईआईटी, दिल्ली पब्लिक स्कूल, यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण इसमें हिस्सा लेंगे।

**ये होंगे कार्यक्रम:** 19 फरवरी को सांसद गौतमबुद्धनगर डाक्टर महेश शर्मा, विधायक नोएडा पंकज सिंह फ्लावर शो का उद्घाटन करेंगे। आईटीबीपी बैंड टीम द्वारा प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। 20 फरवरी सवत्र बैंड अपनी प्रस्तुती देगा। 21 फरवरी को विभिन्न संस्थाओं को उनके द्वारा तैयार किये गये गाडर्न जज की ओर से आंकलन किया जाएगा। उनको पुरस्कृत किया जाएगा। 22 फरवरी को स्कूली बच्चों द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिससे बच्चों का उत्साहवर्धन हो सके और उनको पुरस्कार वितरण किया जाएगा। 22 फरवरी को ही समापन समारोह में कवि सम्मेलन आयोजित किया जायेगा जिसमे विभिन्न कवि जैसे डॉ0 विष्णु सक्सेना श्रंगार रस, डॉ अर्जुन शिशौदिया वीर रस, अनिल अगवंशी हास्य-व्यंग्य रस, शंभू शिखर हास्य-व्यंग्य रस, कल्पना शुक्ला श्रंगार रस, विनोद पाण्डेय हास्य-व्यंग्य रसष अपनी प्रस्तुति देंगे।

**90 स्टॉल और 38 नर्सरी होंगी शामिल:** फ्लावर शो में 90 से अधिक स्टॉल उद्यान प्रेमियों के स्वागत के लिये तैयार है। जिनमें 38 नर्सरी है। इसमें कुछ कलिम्पोंग और भीमताल से आ रहे है। बीज, खाद, नर्सरी उत्पाद, खेती के औजार, उद्यान का सजावटी सामान, कीटनाशक गमले आदि यहां मिलेंगे।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी को 10 वर्ष का कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिला न्यायालय ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में शुक्रवार को दोषी को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही, उस पर 70 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया। अर्थदंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा काटनी होगी। जानकारी के मुताबिक बादलपुर थाने में प्रमोद उर्फ मलिंगा निवासी रसूलपुर थाना अमनौर जिला सारन बिहार के खिलाफ वर्ष 2018 में नाबालिग के साथ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आरोपी को पॉक्सो ऐक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। अभियोजना पक्ष की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर आरोपी के खिलाफ गुनाह साबित हो गया।

जिला न्यायालय ने शुक्रवार को मामले में फैसला सुनाते हुए दोषी प्रमोद को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही, 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड जमा न करने पर छह माह के अतिरिक्त कारावास का प्रावधान है। इसके अलावा अपहरण की धारा-366 में दोषी पाते हुए दो वर्ष का कारावास और 20 हजार रुपये के अर्थदंड लगाया। अर्थदंड जमा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं, नोएडा कमिश्नरेट पुलिस की ओर से बताया कि पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत बादलपुर पुलिस, मॉनिटरिंग सेल व अभियोजन इकाई की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप नाबालिग व उसके परिजनों को इंसाफ मिला।

# आज सब गुलाब देंगे और गुलाब लेंगे, रिश्तों में आएगी गर्माहट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जोड़ों को जिस सप्ताह का बेसब्री से इंतजार था वह वेलेंटाइन वीक शुरू हो गया। इसके पहले दिन शनिवार को रोज डे पर एक-दूसरे को गुलाब के फूल देंगे। शुक्रवार को शहर के बाजारों जगह-जगह बिक रहे रंग-बिरंगे फूल और गिफ्ट इसका आगाज कर दिया। अट्टा बाजार, इंदिरा मार्केट, ब्रह्मपुत्र मार्केट आदि बाजार ज्यादा रंगीन नजर आए। इसके अलावा मॉल और अन्य बाजारों में प्यार भरे रंगीन कार्ड भी सजे दिखाई दिए।

सेक्टर-18 में गुलाब के फूलों की दुकान लगाने वाले मनीष ने बताया कि इन दिनों अलग-अलग रंग के गुलाब के फूलों की मांग ज्यादा बढ़ गई है। जहां एक फूल की कीमत 50 रुपये है और फूलों का गुलदस्ता देने पर हर फूल की कीमत अलग-अलग लगाई जा रही है। सेक्टर-27 में फूलों की दुकान लगाने वाले कार्तिक ने बताया कि फूलों की होम डिलिवरी भी करवा रहे हैं और लगातार उनके पास ऑर्डर आ रहे हैं। 7 से 14 फरवरी तक मांग अधिक रहेगी।

# हैबतपुर के डूब क्षेत्र व चिपियाना खुर्द में भी चला ग्रेनो प्राधिकरण का बुल्डोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण के खिलाफ प्राधिकरण की कार्रवाई जारी है। प्राधिकरण की तरफ से शुक्रवार को हैबतपर के डूब एरिया में बने शिवम एंक्लेव में अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया और लगभग 7000 वर्ग मीटर जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त करा लिया गया। विगत 16 दिनों में यह ग्रेनो प्राधिकरण की तरफ से अतिक्रमण के खिलाफ छठवीं बड़ी कार्रवाई है। प्राधिकरण के इस अभियान से अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण कर जमीन कब्जाने वालों को टेंशन बढ़ा दी है। ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने परियोजना विभाग को अवैध निर्माण कर जमीन कब्जाने वालों के खिलाफ अभियान जारी रखने के निर्देश दिए हैं। अतिक्रमण हटाओ अभियान का नेतृत्व कर रहे ग्रेनो प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने भी चेताया है कि अधिसूचित एरिया में बिना अनुमति या फिर नक्शा पास कराए बिना निर्माण करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। एसीईओ ने साफ कहा है कि अधिसूचित एरिया में अनुमति के बिना निर्माण करना अवैध है। उन्होंने जनमानस से अपील की है कि कालोनाइजरों के चंगुल में फंसकर अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं। ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण के भूलेख विभाग से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें।

परियोजना विभाग के महाप्र. बंधक एके सिंह ने शुक्रवार को हुई कार्रवाई के बारे में बताया कि एनजीटी के निर्देश पर ग्राम हैबतपुर के खसरा संख्या --209, 210 और 212 की लगभग 7000 वर्ग मीटर जमीन पर बने शिवम एंक्लेव में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। परियोजना विभाग के वर्क सर्किल एक के प्रभारी प्रभात शंकर के नेतृत्व में प्रबंधक , सहायक प्रबंधक, टैक्निकल सुपरवाइजर, सुपरवाइजर की टीम ने तीन जेसीबी, तीन डंफर, प्राधिकरण का पुलिस बल के सहयोग से यह कार्रवाई की। इस जमीन पर अवैध बॉउंड्री वॉल, मकान का निर्माण किया जा रहा था। कालोनाइजरों ने सीवर लाइन भी डाल रहे थे।





प्राधिकरण ने इसे ध्वस्त कर दिया।

इसके अलावा ग्राम चिपियाना खुर्द के खसरा नंबर -59 में लगभग 2000 वर्गमीटर में अवैध रूप से बने मकान, बाउंड्री वाल को तोड़ दिया गया है। बता दें, कि प्राधिकरण की तरफ से विगत 16 दिन में 6 जगहों पर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया है। विगत 20 जनवरी को भनौता में 11340 वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया है। इसी तरह 28 जनवरी को हैबतपुर में 6000 वर्ग मीटर, 04 फरवरी को भनौता में 10 हजार वर्ग मीटर और बृहस्पतिवार को रोहिल्लापुर में 18 हजार वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। वहीं, 29 जनवरी को खेड़ा चौगानपुर में 8 टॉवरों के 100 से अधिक फ्लैटों को सील किया गया है।

शाह टाइम्स

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

प्रवेश सिंह दतानियां

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत में 9 कर्मचारी मिले गायब

## जिलाधिकारी अचानक पहुंचीं जिला पंचायत कार्यालय, अधिकारी-कर्मचारियों में हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई समाप्त होते ही जिलाधिकारी अस्मिता लाल अचानक जिला पंचायत कार्यालय पहुंचीं। बिना पूर्व सूचना हुए इस औचक निरीक्षण से कार्यालय में मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत में 9 कर्मचारी गायब मिले। जिलाधिकारी ने परिसर से लेकर कार्यालय कक्ष, स्टोर रूम, अभिलेखागार और सभागार तक हर स्तर पर व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया जहां अव्यवस्था और लापरवाही खुलकर सामने आई।






निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर में गंदगी फैली मिली। जगह-जगह कचरा पड़ा था, कार्यालय कक्षों में साफ-सफाई का अभाव दिखा और स्टोर रूम में कूड़ा-कचरा जमा पाया गया। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए तत्काल विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकारी कार्यालय शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता को जोड़ने का केंद्र होते हैं, ऐसे में यहां गंदगी और अव्यवस्था सीधे तौर पर प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाती है। अभिलेख प्रबंधन की स्थिति और भी चिंताजनक पाई गई। महत्वपूर्ण फाइलें अस्त-व्यस्त थीं, कई दस्तावेज धूल और नमी से खराब हो रहे थे। पुराने अभिलेख क्षतिग्रस्त अवस्था में मिले। जिला. धिकारी ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए तत्काल अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव और सुरक्षित भंडारण के निर्देश दिए। भवन की स्थिति पर भी जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाया। कार्यालय की छत जर्जर अवस्था में पाई गई, जिसे कर्मचारियों और आम नागरिकों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय बताते हुए उन्होंने तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अनुशासनहीनता का मामला भी सामने आया। कार्यालय में नौ कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने सख्ती दिखाते हुए सभी अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने के आदेश दिए। उन्होंने दो टूक कहा कि सरक. ारी सेवा में लापरवाही और गैर-जिम्मेदारी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यालय की आंतरिक व्यवस्था भी सवालों के घेरे में रही। कई कक्षों में नाम-पट्टिकाएं नहीं लगी थीं, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा था कि किस कक्ष में कौन अधिकारी या कर्मचारी तैनात है। जिलाधिकारी ने इसे जवाबदेही से बचने की प्रवृत्ति बताते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक कक्ष में संबंधित अधिकारी-कर्मचारी का नाम, पद और दायित्व अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किया जाए। सभागार के निरीक्षण के दौरान जैसे ही जिला. धिकारी की नजर भीतर खड़ी अनधिकृत बुलेट मोटरसाइकिल पर पड़ी, प्रशासनिक अनुशासन की वास्तविक तस्वीर सामने आ गई। बैठकों और जनहित से जुड़े निर्णयों के लिए निर्धारित सभागार को निजी वाहन पार्किंग स्थल के रूप में उपयोग किया जाना देखकर जिला. धिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मौके पर ही अधिका. रियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह स्थिति न केवल नियमों की खुली अवहेलना है, बल्कि सरकारी परिसंपत्तियों के प्रति गैर-जिम्मेदाराना रवैये को भी दर्शाती है।

## 8 फरवरी को हर्ष उल्लास से मनाई जाएगी बाबा शाहमल की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बिजरोल गांव में 8 फरवरी को 1857 की क्रांतिकारी शहीद बाबा शाहमल जन्मस्थली पर 229 जन्म जयंती समारोह बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा जिसमें रविवार को 1 बजे दोपहर में हवन पूजन होगा। इसके बाद 3 बजे जनसभा का कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम बिजरोल गांव के शाहमल स्मारक इंटर कॉलेज में आयोजित होगा। रमेश फौजी ने क्षेत्र के लोगों को समय पर पहुंचने के लिए आवाहन किया है। यह जानकारी मीडिया को देते हुए शहीद बाबा शाहमल के वंशज पूर्व रमेश फौजी ने समस्त इज्जत परिवार की तरफ से दी गई। उन्होंने बताया कि क्रांतिकारी बिजरोल निवासी बाबा शाहमल स्मारक पर यह जयंती हर्ष वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग दूर दराज से आकर भाग लेते है। इसी दिन इस कार्यक्रम में सभी समाज के लोगों को भी सम्मानित किया जाता है। बाबा शाहमल जन्मस्थली पर देश



भर के लोग इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बिजरोल गांव में आते है। बाबा शाहमल परिवार किसान परिवार है। उन्होंने अंग्रेजों से लोहा लेते हुए अपने प्राण न्योछावर किए थे इसी को मध्य नजर रखते हुए उनकी जन्मस्थली पर यह कार्यक्रम हर वर्ष मनाया जाता है। आज पूर्व कमांडो रमेश फौजी ने यह जानक. ारी दी।

## साप्ताहिक पीठ को गांव से हटवाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बडका गांव के रामलीला मैदान में कुछ बारी लोग आकर बाजार लगाकर अपना सामान भेजते हैं यहां आए दिन गांव में बाजार के अंदर झगड़ा बना रहता है। कई बार महिलाओं के साथ छेड़खानी को लेकर बाजार मे झगड़ा भी हो चुका है। गांव में लगने वाले पीठ बाजार को यहां से हटाया जाए। हिंदू संघर्ष समिति के पदाधिकारीयों ने लगने वाली साप्ताहिक पीठ को गांव से हटवाने की मांग की। ग्राम वासियों



ने बताया कि बाजार में सामान खरीदते वक्त छेड़खानी होती है। इस गंभीर समस्या से निजात दिलाया जाए। इस मौके पर ज्ञापन देने वालों में आनंद कुमार रोहतास प्रदीप सुमित दीपक राजेश दुर्गेश मधुसूदन शास्त्री अन्य लोग मौजूद रहे।

## अवैध रूप से बेची जा रही नकली दवाइयों पर रोक लगाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के बड़का रोड पर विधर्मियों द्वारा कुछ अवैध गति. विधि (चूर्ण से वजन कम करना) चलाई जा रही हैं जिसका उद्देश्य गरीब लोगों के साथ खिलवाड़ करना है। आज हिंदू संघर्ष समिति के तत्वाधान में एसडीएम भावना सिंह को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया कि बड़का रोड पठानकोट इदारा मस्जिद के आसपास कुछ नकली वैध अवैध तरीके से पैकिंग करके बाजारों के अंदर नकली दवाइयां का भी धंधा चल रहे हैं जिन पर रोक लगाना अति आवश्यक है। यह लोगों के साथ खिलवाड़ करने का कार्य कर रहे हैं जिससे लोगों की सेहत पर इन नकली दवाइयां का बड़ा असर पड़ रहा है। यह बड़ी हानिकारक दवाई बेची जा रही है। इनके पास किसी प्रकार का लाइसेंस भी नहीं है। हिंदू संघर्ष समिति ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम भावना सिंह को सोपा। ज्ञापन में तुरंत इन पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की। इस मौके पर अंकित बडौली मधुस. ूदन शास्त्री सभासद प्रमोद कुमार शर्मा आनंद चौधरी आकाश कुमार सुमित कुमार चौधरी देवेंद्र कुमार तरुण कुमार आदेश कश्यप आनंद कश्यप विशाल चौधरी सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



### एक नजर

## सभागार किसी व्यक्ति विशेष की सुविधा या निजी उपयोग के लिए नहीं होता:डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सभागार किसी व्यक्ति विशेष की सुविधा या निजी उपयोग के लिए नहीं होता, बल्कि यह वह स्थान है जहां जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा, विकास कार्यों पर मंथन और प्रशासनिक निर्णय लिए जाते हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकारी भवन और संसाधन जनता की संपत्ति हैं और उनके दुरुपयोग को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।जिलाधिकारी ने कहा कि जिला पंचायत कार्यालय ग्रामीण विकास और जनकल्याण योजनाओं का केंद्र है। यहीं से गांवों की सड़क, स्वच्छता, पंचायत विकास और अन्य योजनाओं से जुड़े निर्णय लिए जाते हैं। ऐसे में अभिलेखों की बदहाली और कर्मचारियों की अनुपस्थिति का सीधा असर आम जनता और विकास कार्यों पर पड़ता है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनसुनवाई व्यवस्था की भी समीक्षा की। निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो, फाइलों का निपटारा समय-सीमा में किया जाए और प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही तय हो। उन्होंने कहा कि सुधार केवल कागजों में नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर दिखाई देना चाहिए। जिलाधिकारी ने सुधार के लिए स्पष्ट समय-सीमा तय करते हुए निर्देश दिए कि 24 घंटे के भीतर विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। एक सप्ताह में सभी फाइलें व्यवस्थित कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। तत्काल प्रभाव से उपस्थिति और अनुशासन व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाए। निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि यदि निर्धारित अवधि में व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

## सपाईयों ने कार्यालय पर मासिक बैठक आयोजित कर की एसआईआर की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बैठक आयोजित कर SIR की समीक्षा की गयी। बैठक में सभी नेतागणो एंव कार्यकर्ताओं को नई वोट बनाने के दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही साथ संगठन को मजबूत करने एंव 2027 में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में सभी नेतागणो एंव कार्य कर्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर सदन तक जनता के हक़ की लड़ाई लड़ती रहेगी और अन्याय, अत्याचार व तानाशाही के खिलाफ संघर्ष को और तेज किया जाएगा। भाजपा सरकार लोकतंत्र और संविधान पर लगातार हमला कर रही है, जिसे समाजवादी पार्टी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। अब जनता बदलाव का मन बना चुकी है और समाजवादी पार्टी ही उस बदलाव की सबसे मजबूत आवाज़ बनकर उभर रही है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह गुर्जर, राहुल यादव, संजय डीलर, रवि, शाहरुख, ललित, रविशंकर, राजपाल, सुरेंद्र, आंसू, कृष्णपाल आदि मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत, एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बालैनी क्षेत्र में देर रात हुए एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना पुरा महादेव-बुढ़सैनी मार्ग पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक युवकों की पहचान 20 वर्षीय गोविंद और 18 वर्षीय अमन के रूप में हुई है। दोनों पुरा महादेव गांव के निवासी थे और सराय रोम्स पिज़्ज़ा में काम करते थे। बृहस्पतिवार देर शाम वे काम खत्म कर अपनी बाइक से घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गोविंद और अमन की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पर सवार तीसरा युवक विशेष पुत्र बबलेश गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल विशेष को तुरंत निकटतम अस्पताल ले जाया गया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और वाहन की तलाश शुरू कर दी है। इस दुखद घटना से पीड़ित परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है। बालेनी थाना प्रभारी शिवदत्त का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है मृतक के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है घायल का उपचार चल रहा है।

## चोरी के मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** पुलिस ने चोरी के एक मामले में वांछित चल रहे एक और अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी थाना खेकड़ा में दर्ज बीएनएस के तहत की गई है।

पुलिस के अनुसार, 05 दिसंबर 2025 को जोगिंदर कुमार पुत्र आनंद कुमार, निवासी गौरीपुर जवाहरनगर, थाना कोतवाली बागपत ने खेकड़ा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि अज्ञात चोरों ने पाठशाला चौराहा स्थित देशी शराब के ठेके का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने मौके से चार पेटी देशी शराब, एक डीवीआर और गल्ले में रखे कुछ नकद रुपये चुरा लिए थे। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान, पुलिस ने पहले ही इस चोरी में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले में फरार चल रहे अन्य आरो. पियों की तलाश लगातार जारी थी। इसी क्रम में, खेकड़ा पुलिस ने अब आदेश उर्फ पुन्नी पुत्र सतपाल, निवासी कस्बा व थाना खेकड़ा, को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त की उम्र लगभग 24 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है और चोरी से संबंधित अन्य तथ्यों की जानकारी जुटाई जा रही है। खेकड़ा पुलिस ने यह भी कहा कि क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

## जिला पंचायत सदस्य ने एसपी से की निष्पक्ष जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ब्लॉक प्रमुख सुनीता द्वारा जिला पंचायत सदस्य रविंद्र कुमार उनके साथियों पर अभद्रता करने धक्का मुक्की करने का गंभीर आरोप लगाया जिसके बाद एसपी ऑफिस पर शिकायत दर्ज कराई गई। इसके बाद जिला पंचायत सदस्य रविंद्र ग्राम प्रधानों के साथ एसपी ऑफिस पहुंचे और पूरे मामले से पुलिस अधीक्षक को जानकारी दी। एसपी ने इस मामले में निष्पक्ष जांच के लिए एक टीम का गठन कर दिया है।



जिला पंचायत रविंद्र कुमार का कहना है कि ब्लॉक प्रमुख अपने पद का दुरुपयोग करती हैं और जिसके चलते बिना वजह राजनी. तिक षडयंत्र के तहत उनके ऊपर आरोप लगाए गए हैं जो सभी निराधार है। ऐसे मामले में उन्होंने पुलिस अधीक्षक मिलकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। उधर ठेकेदार विशेष का कहना है कि ब्लॉक प्रमुख द्वारा उनके भाई उन पर झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया था। 2024 में और उसके बाद विशेष ठेकेदार का आरोप है कि उठेकेदारकरोड रुपए की रकम भी ली गई हालांकि आरोप में कितनी सच्चाई है यह तो जांच के बाद ही साफ हो सकेगा। फिलहाल जिला पंचायत सदस्य और ब्लॉक प्रमुख के बीच चल रही थी। स्थान में अब पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। उधर दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस टीम इस मामले में तथ्य इकट्ठा कर रही है और ब्लॉक में सीसीटीवी भी चेक किए गए हैं। फिलहाल पुलिस अधिकारी गहन जांच पड़ताल कर रहे हैं।

## झोलाछाप डाक्टरों ने रखी दुकान बंद, मरीज रहे परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** चिकित्सकों पर छापेमारी के चलते रटौल व आस पास के गावों में झोलाछाप डाक्टरों ने दुकान बंद रखी जिसके चलते लोगो को भारी परेशानी उठानी पड़ी। ग्रामीण गावों से निकलकर बड़े कस्बों ईलाज कराने को मजबूर है।

जिलाधिकारी के आदेश के चलते झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है जिसमें गावों मे चिकित्सकों की दुकान खोले बैठे लोगो की जांच की जा रही है जिससे लोगो के स्वास्थ्य पर कोई फर्क न पड़े जिससे लेकर दो दिन पहले रटौल में तहसीलदार वृतिका श्रीवास्तव ने छापेमार अभियान चलाया था जिसके बाद चिकित्सकों मे दहशत का माहौल है और रटौल के अलावा आस पास के गावों मे चिकित्सकों ने दिन भर अपनी दुकानें बंद रखी जिससे लोगो को भारी परेशानी उठानी पड़ी। सिगोली तंगा निवासी श्याम रटौल निवासी जावेद ने बताया कि सरकार द्वारा जो स्वास्थ केन्द्र सिगोली तगा, लहचौड़ा, गढी कलंजरी, सहित अन्य गावों मे बनाये गये है। वहा कही भी चिकित्सक तैनात नही है रटौल क्षेत्र मे लाखों की सख्या लोगो की है, जिसमे सिर्फ रटौल पीएचसी पर एक डाक्टर के सहारे चल रही है, जहां रात्रि में मरीजों के देखने की कोई सुविधा नही है। रात में बीमार होने पर लोगो को बड़े शहरो मे जाना पड़ता है जहा गरीब लोग असमर्थ नजर आते है तब झोलाछाप डाक्टर ही उनका सहारा बनते है। झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफ चल रही कारवाही से ग्रामीण खुश नही है। ग्रामीणों का कहना पहले गावों मे चिकित्सकों की तैनाती की जाये जिससे लोग परेशान न हो सके उधर खेकड़ा सीएचसी प्रभारी डाक्टर ताहिर ने बताया कि प्रशासन के आदेश अनुसार झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफ कारवाही की जा रही जिससे लोगो के जीवन के साथ किसी को खिलवाड़ नही करने दिया जायेगा कार्रवाई जारी रहेगी।



## समवसरण महामंडल विधान व जिनागम पंथ दिवस की तैयारियां पूण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में जिनागम पंथ के तत्वावधान में एक ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी धार्मेक आयोजन होने जा रहा है। परमपूज्य जिनागम पंथ प्रवर्तक संघ शिरोमणि भावलिंगी श्रमणाचार्य गुरुवर विमर्शसागर महामु. निराज 35 पीछी के सान्निध्य में समवसरण महामंडल विधान का आयोजन 8फरवरी से 13 फरवरी तक किया जाएगा। बड़ौत नगर के ऋषभदेव सभागार, मानस्तंभ परिसर गांधी रोड में सम्पन्न होगा। इस समवसरण विधान के अंतर्गत बड़ौत नगरी में प्रथम बार दिव्य पच्चीस समवसरणों की रचना की जा रही है, जिसमें पच्चीस चक्रवर्ती विराजमान होकर, जिनेंद्र भगवान की महाआराधना करेंगे। प्रतिदिन प्रात:काल जिनेंद्र भगवान की विधिवत महाआराधना तथा संध्याकाल में परमपूज्य आचार्य गुरुवर के विशेष सान्निध्य में भव्य महाआरती एवं धार्मिक नृत्य नाटिकाओं का आयोजन मयूर आर्ट ग्रुप दिल्ली द्वारा किया जाएगा। विधान के चक्रवर्ती मुकेश कुमार नितिन जैन, सौधर्म इंद्र नरेश जैन, कुबेर इंद्र अजय जैन और यज्ञनायक तरुण जैन होंगे। समस्त कार्यक्रम पंडित श्रेयांस जैन और आशीष जैन भोपाल के निर्देशन में संपन्न होगा। संगीतक. ार केशव म्यूजिकल ग्रुप, भोपाल अपनी स्वर लहरी से कार्यक्रम को भक्ति रस में परिपूर्ण करेंगे।

**सूचना**

मेरे हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2009 अनुक्रमांक 0556816 के अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कही खो गए है।

शिवानी पुत्री विरेन्द्र कुमार निवासी अग्रवाल मण्डी टटीरी जनपद बागपत।

## स्पीड पोस्ट डाक से डीएम को भेजा क्रमिक धरने का नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** पहले व्यक्ति गत रुप से 2 फरवरी को तहसील कार्यालय बडौत पर प्रदर्शन कर एसडीएम को व्यक्ति गत रूप से सोशल मीडिया के माध्यम से नोटिस थमाया था। इनके साथ ही क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज परिवहन बडौत ईओ बडौत को अलग से नोटिस थमाया उनके विभाग की समस्या से सम्बंधित समस्या पर 10 फरवरी तक काम शुरू न होने पर 18 फरवरी से बावली चूँगी रोडवेज बस स्टेड पर 12 बजे से 4 बजे तक क्रमिक धरना अनिश्चित कालिन शुरू करने की चेतावनी दी।

63 वर्षीय सेवानिवृत प्रवक्ता सीनियर सीटिजन समाज सेवी जितेंद्र तोमर बडौत ने इसमे सफलता के लिए वो पहले हरिद्वार से फाल्गुनी कावड पद यात्रा कर पुरामहादेव शिवरात्रि पर जल्यार्पण कर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्रापत करेगे। उनका कहना है कि वो सन् 1992 से लगातार हरिद्वार से साल मे दो कावड पद यात्रा करते है। सावन मे तथा फाल्गुनी मास मे बगैर किसी मनोकामना के केवल भक्ति भाव से तथा वर्ष 2008 से गौमुख धाम से सावन मास मे तथा फाल्गुनी मास मे हरिद्वार से यात्रा करते है लेकिन अबकी बार विशेष रूप से जन मुद्दों को लेकर फाल्गुनी मास की कावड यात्रा करेंगे।

## परिजनों ने क्लीनिक के डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए रातभर किया हंगामा



मृतक का फाइल फोटो



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में डिलीवरी के दौरान एक 22 वर्षीय महिला की मौत हो गई। यह घटना देर रात कोताना रोड स्थित एक क्लीनिक पर हुई। महिला की पहचान जोहड़ी गांव निवासी प्रियंका(पत्नी भोला) के रूप में हुई है। नवजात बच्ची की हालत ठीक बताई जा रही है।

परिजनों ने क्लीनिक के डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। उनका कहना है कि प्रियंका को देर रात क्लीनिक में भर्ती कराया गया था, लेकिन डिलीवरी के दौरान उचित उपचार नहीं मिला। परिजनों का आरोप है कि महिला को बार-बार इंजेक्शन दिए जा रहे थे, जिससे उसकी हालत बिगड़ती गई और अंतत: उसकी मौत हो गई। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि डॉक्टरों ने महिला की मौत के बाद उसके शव को सड़क किनारे रखकर क्लीनिक बंद कर दिया। इस पर परिजनों ने क्लीनिक के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति भोला ने बड़ौत कोतवाली में डॉक्टर के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही महिला की मौत का सही कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## सरधना में फार्म-7 के दुरुपयोग का आरोप

# सुनियोजित तरीके से कटवाए जा रहे मुस्लिम समाज के वोटः शाहवेज अंसारी

■ उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, कहा फर्जी तरीके से हो रहा कार्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान सरधना विधानसभा क्षेत्र में फार्म-7 के कथित दुरुपयोग को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। क्षेत्र में आरोप लग रहे हैं कि सुनियोजित तरीके से एक विशेष समुदाय, विशेषकर मुस्लिम समाज के वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटवाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी गंभीर विषय को लेकर शाहवेज अंसारी और हनीफ राणा के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी, सरधना को विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि कुछ असामाजिक तत्व जानबूझकर गलत, भ्रामक एवं तथ्यहीन सूचनाओं के आधार पर फार्म-7 भरकर संबंधित बीएलओ व अधिकारियों को सौंप रहे हैं, जिससे योग्य मतदाताओं के नाम काटे जा सकें। ज्ञापन की प्रतिलिपि जिलाधिकारी, मेरठ को भी भेजी गई है, ताकि मामले की उच्चस्तरीय निगरानी हो सके।

शाहवेज अंसारी ने कहा लो. कतंत्र की ताकत जनता का वोट है। यदि किसी समुदाय को सुनियोजित तरीके से मताधिकार से वंचित करने की कोशिश की जा रही है तो यह सिर्फ एक प्रशासनिक गड़बड़ी नहीं बल्कि लोकतंत्र पर सीधा हमला है। हम किसी भी कीमत पर निर्दोष और वैध मतदाताओं के नाम कटने नहीं देंगे। प्रशासन को तुरंत सख्त कार्रवाई करनी होगी, अन्यथा जनआंदोलन से भी पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने आगे कहा कि यदि बिना स्थलीय सत्यापन और पुख्ता प्रमाण के नाम हटाए गए तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी।

वहीं हनीफ राणा ने कहा, फार्म-7 की प्रक्रिया का दुरुपयोग कर लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश बेहद चिंताजनक है। यदि किसी भी स्तर पर मिलीभगत सामने आती है तो दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। हम निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच की मांग करते हैं। मतदाता सूची के साथ छेड़छाड़ किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी।

ज्ञापन में मांग की गई है कि बिना वैध दस्तावेज, स्थलीय जांच और नियमानुसार प्रक्रिया के कोई भी फार्म-7 स्वीकार न किया जाए। साथ ही पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर विभागीय एवं वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस दौरान उपजिलाधिकारी, सरधना ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि किसी भी मतदाता का नाम बिना विधिवत प्रक्रिया और सूचना के मतदाता सूची से नहीं हटाया जा सकता। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हर आपत्ति का नियमानुसार सत्यापन किया जाएगा और बिना जांच किसी भी वैध मतदाता का नाम नहीं काटा जाएगा। साथ ही यदि कहीं अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

शिकायत के समर्थन में संबंधित साक्ष्य भी प्रशासन को सौंपे गए हैं। ज्ञापन देने वालों मै शमीम अहमद, अतिक अहमद, फैजान अहमद, आरिफ मिर्जा, जफर, अजीम, तय्यब अंसारी, सेहरीन अंसारी, हाजी कासिम, शाहबाज खान तहरकी, आदि लोग मौजूद रहे। क्षेत्र में इस मुद्दे को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं और नागरिकों में भी चिंता का माहौल देखा जा रहा है। अब निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं कि वह इस गंभीर आरोप पर क्या रुख अपनाता है।

## डीएम ने प्राथमिक विद्यालय कृष्णपुरी में स्मार्ट क्लास का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह द्वारा शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय कृष्णपुरी, नगर क्षेत्र मेरठ में स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कक्षा-05 के छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी शैक्षणिक एवं सामान्य ज्ञान संबंधी जानकारी का अवलोकन किया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक उत्तर देकर अपनी समझ और तैयारी का अच्छा प्रदर्शन किया, जिस पर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें चॉकलेट एवं ट्रॉफी वितरित की। जिलाधिकारी ने स्मार्ट क्लास में डिजिटल बोर्ड के माध्यम से बच्चों से गणित के प्रश्न भी हल कराए तथा तकनीक आधारित शिक्षण पद्धति को सीखने के लिए उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास के माध्यम से बच्चों की सीखने की क्षमता और रुचि दोनों में वृद्धि होगी। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक विकास हेतु उन्हें दिल्ली स्थित चिड़िया घर का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाए।

# जब किसी के खून से बचती है अपनों की जान, तब पता चलता है क्या होता है रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को एरा गार्डन स्टेट में रक्तदान शि. विर का आयोजन किया गया इस दौरान रक्तदान के महत्वता को बताते हुए टीम हेल्पलाइन हैंड एवम एरा गॉर्डन एस्टेट के लोगो ने रक्तदान शिविर में रक्तदान किया और लोगो को बताया कि जब किसी के खून से अपनो की जान बचती है तभी रक्तदान की ताकत का पता चलता है। यह रक्तदान शिविर यूनीक चौरिटेबल ब्लड बैंक 'जीवन दान' के सहयोग से एरा गार्डन एस्टेट नूर नगर, दिल्ली रोड, मेरठ में आयोजित हुआ, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। इस दौरान लगभग 50 लोगो ने रक्तदान किया । आयोजकों ने बताया कि रक्तदान न केवल जरूरतमंदों की जान बचाता है, बल्कि स्वयं रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी बेहद लाभकारी है। आयोजकों ने कहा कि रक्त की आवश्यकता कभी भी किसी को पड़ सकती है, ऐसे में हर स्वस्थ व्यक्ति को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए। यह शिविर न सिर्फ स्वास्थ्य जागरूकता का माध्यम बना, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत करने वाला साबित हुआ। इसमे मुख्य रूप से अल्ताज निशब, काजी नवेद, शोएब खान, आवेज राणा, सिराज अंसारी, शकील चौहान, गजनफर अल्वी, शमीम चौधरी, हाजी दिलशाद, निसार, जाहिद मलिक, कुंवर जफर, शहजाद अल्वी, उम्मेद खा, हाफिज हुसैन, उमर मलिक, नौशाद सिद्दीकी आदि का योगदान रहा।



## प्रेरणा दिवस पर खेलों का महाकुंभ...

# कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने मशाल जलाकर किया खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ में शुक्रवार को प्रेरणा दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय अंतर-विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने मशाल प्रज्ज्वलित कर एवं त्रिवर्ण गुब्बारों को आकाश में उड़ाकर किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वी.के. त्यागी, प्रति कुलपति प्रो. डॉ. जयानंद तथा कुलसचिव गणेश भारद्वाज भी उपस्थित रहे। त्रिवर्ण गुब्बारों का उड़ाया जाना एकता, उत्साह और खेल भावना का प्रतीक बना।

कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स द्वारा आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं के साथ अंतरराष्ट्रीय छात्रों ने भी सहभागिता की। अंत. रराष्ट्रीय छात्रों ने अपने-अपने देशों के राष्ट्रीय ध्वज के साथ मार्च-पास्ट में भाग लेकर वैश्विक एकता और सांस्कृतिक सौहार्द का संदेश दिया।

इस अवसर पर कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने छात्रों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक क्षमता के साथ-साथ मानसिक दृढ़ता और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि विश्वविद्यालय के छात्र राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर संस्थान का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। उन्होंने फिट इंडिया की भावना को आत्मसात करने का आह्वान किया। कुलाधिपति ने अहम ब्रह्मासमी के साथ विद्यार्थियों में उत्साह का संचार किया। तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ एक रोमांचक उद्घाटन फुटबॉल मैच से हुआ, जिसमें शोभित थंडर्स और शोभित ब्लेजर्स की टीमें आमने-सामने रहीं। टॉस कुलाधिपति द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन कबड्डी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम, हाई जंप, लॉन्ग जंप के साथ-साथ पोस्टर मेकिंग और नुक्कड़ नाटक जैसी गतिविधियों में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन को सफल बनाने में प्रेरणा दिवस की संयोजिका डॉ. दिव्या प्रकाश सहित राज किशोर सिंह, राजेश पांडे, जितेंद्र जादौन, डॉ अभिषेक डबास, डॉ. कुलदीप कुमार, डॉ. नेहा त्यागी, डॉ.संदीप कुमार, डॉ. नेहा यजुर्वेदी, डॉ अशोक गुप्ता तथा सभी विभागाध्यक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।





# राम भरोसे शहर का विकास मेयर से लेकर नगर आयुक्त तक के दावे फेल

■ महानगर में गंदगी के अंबार, गंदगी, कूड़े व जल भराव से निजात मांग रहे शहरवासियों की नहीं हो रही कोई सुनवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महानगर में लगे गंदगी के अंबार, कूड़े के ढेर और जल भराव जैसी समस्याओं ने मेयर हरिकांत अहलूवालिया से लेकर नगर आयुक्त सौरभ गंगवार के अलावा महानगर को स्मार्ट सिटी बनाने के उन सभी दावों की पोल को खोलकर रख दिया है जिसमें क्लीन मेरठ ग्रीन मेरठ जैसे नारे और स्वच्छ भारत अभियान को उत्तर प्रदेश सहित देश की सबसे अहम योजनाओं में से एक बताया जाता है।

जनसंख्या के मुताबिक, भले ही नगर निगम के पास सफाई कर्मचारियों की कमी हो लेकिन, ऐसा भी नहीं है कि जितने कर्मचारी नगर निगम के पास है, उनसे सफाई भी नहीं कराई जा सकती हो। यह बात हम नहीं बल्कि शहर के हालात बयान कह रहे हैं। शहर के अधिकांश इलाकों कोतवाली क्षेत्र (कुरेशियान), पूर्वा फैयाज अली, जली कोठी, कंकरखेड़ा, रशीद नगर, जमना नगर और गोकलपुर सिसौली रोड, भूमिया का पुल, श्याम नगर, ऊंचा सदीक नगर, माधवपुरम, कंकरखेड़ा, हापुड़ रोड पर पढ़ने वाली कॉलोनी मोहल्लों के अलावा भी कई क्षेत्रों में जनता परेशान है लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। नालियों की सफाई ना होने, सड़कों में गहरे गड्ढों, जलभराव और कूड़े के ढेरों के कारण संक्रामक बीमारियों, दुर्घटनाओं और भारी जाम जैसी गंभीर समस्याएं पैदा हो गई हैं, जिससे नागरिकों का जीना मुश्किल हो गया है। रशीद नगर, लिसाड़ी रोड और खत्ता रोड पर कूड़े के पहाड़ और चोक नालियों के कारण नरकीय स्थिति बनी हुई है। बनिया पाड़ा में भी कूड़े से बदबू और सीवेज की समस्या है। भले ही खुद महापौर हरिकांत अहलूवालिया, नगर आयुक्त सौरभ गंगवार और नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी स्वच्छता के लाख दावे करते हो, लेकिन गहरे गड्ढे और बदहाल सड़कें अब मेरठ शहर की तस्वीर बनती जा रही है। गोकलपुर से सिसीली तक गढ़ रोड और हापुड़ रोड पर गड्ढों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। टीपी नगर में भी टूटी सड़क के कारण निवासियों को कई हंगामा करना पड़ा। सफाई ना होने से घरों के सामने पानी भर रहा है। जमना नगर में 40 वर्षों से मूलभूत सुविधाओं की कमी है, वहीं फैली गांव में डेयरी संचालकों द्वारा सड़क पर गोबर और गंदा पानी बहाने से ग्रामीण परेशान हैं। जलभराव और मंदे पानी के कारण डेंगू-मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। कीचड़ और टूटी सड़कों के कारण पैदल चलने वाली और स्कूली बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जबकि स्थानीय लोग लगातार शिकायतें कर रहे हैं. लेकिन नगर निगम प्रशासन की और से अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं मिल पाना है। नालियां सड़कों की बात करें तो जहां बनी है वहां बदहाल स्थिति में हैं और कुछ जगह ती चलने लायक सड़क ही नहीं है। मानों शहर की हालात बदहाल और हो चुकी हैं और लोगों के घरों का पानी सड़कों पर बहता है। हाल ऐसे कि जहां देखो वहां बदबू और गंदगी ही नजर आती है। पानी में खड़े बिजली के खंभे मानों हादसों को दावत देते हुए नजर आते है। सड़कें, नालियां, सीवर और पानी की लाइने, सब मिलकर एक ऐसी तस्वीर बनाते हैं, जिसे देखकर यही सवाल उठता है कि क्या यही ग्रीन सिटी क्लीन सिटी मेरठ और ऐतिहासिक जिले मेरठ का विकास है ?

## बुजुर्ग दंपती पर कार चढ़ाने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रोहटा रोड स्थित शांति कुंज में गुरुवार की रात एक बुजुर्ग दंपति पर कार चढ़ाने का प्रयास किया गया। विरोध करने पर कार सवार युवकों ने उनके साथ मारपीट की। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, सुरेंद्र कुमार अपनी पत्नी वैष्णवी के साथ शांति कुंज में रहते हैं। गुरुवार रात जब वह अपने घर के बाहर टहल रहे थे। तभी कॉलोनी निवासी आकाश अपने दोस्तों के साथ तेज रफ्तार में कार लेकर आया, जिसमें तेज आवाज में गाने बज रहे थे। आरोप है कि आकाश ने दंपति पर कार चढ़ाने की कोशिश की और शराब के नशे में धुत आकाश ने अपने साथियों के साथ मिलकर बुजुर्ग दंपत्ति के साथ मारपीट शुरू कर दी। बुजुर्ग दंपति ने एक घर में घुसकर अपनी जान बचाई, जिससे उन्हें चोट नहीं आई। महिला की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। उन्होंने आकाश और उसके दोस्तों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपियों ने उनसे भी अभद्रता की, जिससे कॉलोनी में हंगामा हो गया। यह पूरी घटना कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो गई है। मामले की सूचना देर रात ही पुलिस को दे दी गई थी। इसके बाद आरोपीय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। वहीं इस मामले में एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह का कहना है कि पीड़ित की ओर से तहरीर मिली है और सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि मामला गंभीर है और इसकी जांच कर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस उस कार की भी जांच कर रही है, जिसका इस्तेमाल घटना में किया गया था।

## जेआरएफ यूजीसी नेट पीएचडी प्रवेश परीक्षा में चयनित हुए इतिहास विभाग के छात्र-छात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्व. विद्यालय के इतिहास विभाग के छात्र-छात्राओं ने इतिहास विषय में पीएचडी प्रवेश परीक्षा यूजीसी नेट एड जेआरएफ में चयनित होकर इतिहास विभाग का नाम रोशन किया है। इनमें यश बंसल और सृष्टि कनौजिया का जेआरएफ में, धीर सिंह, ललित, विजयपाल नैट और कोमल, अर्चिता शर्मा, तान्या, अंतिम मलिक सन्नी कुमार का पीएचडी प्रवेश परीक्षा में चयनित हुए हैं। चयनित सभी छात्र छात्राओं को विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर कृष्णकांत, प्रो. विघ्नेश कुमार प्रो आराधना, प्रो. एवी कौर सहित सभी शिक्षकों ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

# जिला पंचायत चुनाव को लेकर ग्राउंड जीरो पर एआईएमआईएम

■ मुस्लिमों के साथ-साथ दलित समाज मे भी पतंग का दिख रहा जोर

■ दलित, गुर्जर व मुस्लिमों के मिले 20 आवेदन




**शाहवेज खान/शाह टाइम्स**

**मेरठ।** विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल कहे जाने वाले जिला पंचायत को लेकर एआईएमआईएम पार्टी ने भी मजबूत एंट्री मारी है जिसके बाद समाजवादी पार्टी और बसपा व कांग्रेस भी हैरान नजर आ रही हैं। मुसलमानों के साथ-साथ दलित व गुर्जर समाज के लोगों ने भी जिला पंचायत चुनाव को लेकर एआईएमआईएम का रुख किया है जिससे चलते अब तक पार्टी को 20 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं और इसमे सभी वर्ग की भागीदारी दिखाई दे रही है। पार्टी के जिला अध्यक्ष फहीम राजा का कहना है कि जिला पंचायत को लेकर पार्टी पूरी तरह तैयार है और इस बार पार्टी जिला पंचायत के इस चुनावी रण में सर्व समाज की भागदारी के लिए लड़ेगी और कई सीटों पर पतंग उड़ाकर दिखाएगी। जिला अध्यक्ष फहीम का कहना है कि पार्टी को अब तक 20 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं और लगातार जिला पंचायत को लेकर ग्राउंड जीरो पर काम हो रहा है। दलित मुस्लिम के साथ-साथ गुर्जर जाट लोगों का रुख भी एआईएमआईएम की और दिखाई दे रहा है। साथ ही साथ अन्य बिरादरी भी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी ज्वाइन कर रहे हैं जिसका ताजा उदाहरण महाराष्ट्र है जहां पर पार्टी ने कॉर्पोरेट चुनाव में दूसरे नंबर का मुकाम हासिल किया है और सबको यह बता दिया है कि अब इत्तेहाद का नारा रुकने वाला नहीं है यह नारा पूरे भारत में चलेगा जो लोग सेकुलरिज्म का झूठा नारा देकर अब तक मुस्लिम समाज को बहकाते आए हैं अब वह अपनी दुकान नहीं चला पाएंगे। अब बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व में लोगों को उनका हक मिलेगा और यह तभी मुमकिन है जब हम सपा और कांग्रेस के फरेब को समझेंगे। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत चुनाव को लेकर सभी विपक्ष के लोग हैरान है क्योंकि दूसरी पार्टी के लोगों को जिला पंचायत में अब तक आवेदन प्राप्त नहीं हो रहे हैं और वहीं एआईएमआईएम का करवा लगातार गांव देहात में बढ़ता जा रहा है। आने वाले विधानसभा चुनाव में जहां पार्टी 200 सीटों पर चुनाव लड़ेगी वहीं 2027 के चुनाव में एआईएमआईएम सबको चौकाएगी। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत इसका गवाह बनेगा, पार्टी मजबूत सीटों पर चुनाव लड़ेगी और उन लोगों को आईना दिखाने का काम करेगी जो लोग पार्टी के बढ़ते कारवां से परेशान है और पार्टी को बदनाम करने के लिए प्रोपेगेंडा चलाते हैं।

## धमाके के साथ फटा तेज रफ्तार कार का टायर

■ अनियंत्रित होकर कार डिवाइडर तोड़ते हुए इलेक्ट्रिक पोल से जा टकराई, बड़ा हादसा टला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** परतापुर थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात तेज रफ्तार एक बार फिर हादसे की वजह बन गई। गगोल रोड स्थित हवाई पट्टी के पास अचानक टायर फटने से आई-20 कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए सड़क के बीच लगे लोहे के इलेक्ट्रिक पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तेज धमाके की आवाज दूर तक सुनाई दी और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे के बाद कुछ समय तक राहगीरों में दहशत बनी रही। जानकारी के अनुसार कार चालक सत्येंद्र पुत्र गोवर्धन निवासी गगोल गांव हैं, जो घोपला रोड पर तान्या डेरी नाम से दुकान संचालित करते हैं। बताया गया कि गुरुवार रात वह रोजाना की तरह अपनी दुकान बंद कर आई-20 कार से परतापुर मार्केट से सामान लेकर घर लौट रहे थे। जैसे ही यह हवाई पट्टी के पास पहुंचे, तभी अचानक कार का अगला दाहिना टायर तेज धमाके के साथ फट गया। टावर फटते ही कार का संतुलन बिगड़ गया और तेज रफ्तार कार डिवाइडर तोड़ते हुए सीधे इलेक्ट्रिक पोल से जा भिड़ी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा होते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और चालक को कार से बाहर निकालकर मदद की। सूचना मिलते ही परतापुर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

परतापुर थाना प्रभारी अजय शुक्ला का कहना है कि टायर फटने के कारण वाहन चालक नियंत्रण खो बैठा, जिससे यह हादसा हुआ। गनीमत रही कि कार में लगे दोनों एयरबैग समय पर खुल गए, जिससे चालक को केवल मामूली चोटें आई और बड़ा हादसा टल गया। घायल चालक को प्राथमिक उपचार के बाद निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। हादसे के कारण गगोल रोड पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा और लंबा जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाया और यातायात को सुचारु कराया।

# भारत से मैच का बॉयकाट न करे पाक: श्रीलंका



श्रीलंका क्रिकेट के प्रेसिडेंट शम्मी सिल्वा ने गंभीर कमर्शियल और आर्थिक नतीजों की चेतावनी दी

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका क्रिकेट के प्रेसिडेंट शम्मी सिल्वा ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के दौरान श्रीलंका में होने वाले भारत बनाम पाकिस्तान मैच के बॉयकॉट की रिपोर्ट पर फिर से सोचने की अपील की है। उन्होंने इसके गंभीर कमर्शियल और आर्थिक नतीजों की चेतावनी दी है, श्रीलंका के न्यूजवायर ने यह रिपोर्ट दी है। लेटर में, एसएलसी ने कहा कि उसे मीडिया रिपोर्ट्स से पता चला है कि पाकिस्तान के टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की उम्मीद है, लेकिन 15 फरवरी, 2026 को कोलंबो के आर- प्रेमदासा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले भारत बनाम पाकिस्तान मैच को छोड़ने का फैसला लिया जा सकता है। लेटर के मुताबिक, श्रीलंका में मैचों, खासकर भारत बनाम पाकिस्तान मैच के लिए टिकटों की बिक्री पूरी हो चुकी है और इसकी बहुत ज्यादा डिमांड देखी गई है, जो लोगों की पहले कभी न देखी गई दिलचस्पी और बड़ी कमर्शियल उम्मीदों को दिखाता है।

एसएलसी ने चेतावनी दी कि इतने बड़े मैच में हिस्सा न लेने के बड़े नतीजे होंगे, जिसमें काफी फाइनेंशियल नुकसान, टूरिज्म की उम्मीद में कमी और बड़े आर्थिक नतीजे शामिल हैं। न्यूजवायर ने बताया कि पाकिस्तान के 15 फरवरी का मैच न खेलने के फैसले की खबरों के बाद श्रीलंका के टूरिज्म और होटल सेक्टर को पहले ही झटका लगा है, कोलंबो के कई होटलों की बुकिग कैंसल हो गई है। लेटर में यह भी बताया गया कि श्रीलंका क्रिकेट, श्रीलंकाई सरकार के साथ मिलकर, बॉयकॉट के बड़े असर को ध्यान में रखता है, जिसका असर न सिर्फ एसएलसी पर बल्कि टूर्नामेंट के सफल आयोजन में शामिल कई स्टेकहोल्डर्स पर भी पड़ेगा। दोनों बोर्ड के बीच पिछले सहयोग को याद करते हुए, श्रीलंका क्रिकेट ने कहा कि उसकी नेशनल टीम ने कई बार मुश्किल और सेंसिटिव हालात में पाकिस्तान का दौरा किया है, जिसमें गंभीर सुरक्षा घटनाओं के बाद के समय भी शामिल हैं, जब दूसरी टीमें दौरा करने से हिचकिचा रही थीं। इसने कहा कि वे दौरे अच्छी नीयत और खेल भावना और आपसी सम्मान की भावना से किए गए थे। एसएलसी ने कहा कि इसलिए वह भी इसी तरह की भावना की उम्मीद करता है, यह देखते हुए कि श्रीलंका ने देश में होने वाले सभी मैचों के लिए सुरक्षा, न्यूट्रैलिटी और प्रोफेशनलिज्म के बारे में पूरा भरोसा दिया है। आखिर में, श्रीलंका क्रिकेट ने पीसीबी से भारत बनाम पाकिस्तान मैच का बॉयकॉट करने या उससे कुछ समय के लिए दूर रहने के किसी भी फैसले पर फिर से सोचने का आदरपूर्वक आग्रह किया और टूर्नामेंट, उसके स्टेकहोल्डर्स और दुनिया भर के लाखों क्रिकेट फैंस के फायदे के लिए पाकिस्तान से श्रीलंका में होने वाले सभी तय मैचों में हिस्सा लेने को कहा।

## ICC ने टी-20 विश्वकप के कमेंटेटरों के नामों की घोषणा की

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को टी-20 विश्वकप 2026 को जीवंत बनाने को लेकर तीक्ष्ण विश्लेषण, खिलाड़ियों के बेजोड़ अंदाज की कहानी को अपनी जानदार आवाज से श्रोताओं तक पहुंचाने वाले दुनिया के दिग्गज कमेंटेटरों के नामों की घोषणा की है। आईसीसी की ओर से जारी की गई कमेंटेरों की सूची में जाने-माने ब्रॉडकास्टर रवि शास्त्री, नासिर हुसैन, इयान स्मिथ और इयान बिशप इस साल के टूर्नामेंट के लिए डायनामिक कमेंट्री टीम की अगुवाई करेंगे। उनके साथ आरोन फिच भी होंगे। इसमें आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के अन्य पूर्व विजेता भी शामिल होंगे, जिनमें दिनेश कार्तिक, कुमार संगकारा, सैमुअल बद्री, रॉबिन उथप्पा और कार्लोस ब्रैथवेट शामिल हैं। इस सूची में अन्य दिग्गज नामों में इयोन मॉर्गन, वसीम अकरम, सुनील गावस्कर, मैथ्यू हेडन और रमीज राजा शामिल हैं। इस पैनल में खेल की अन्य जानी-मानी आवाजें भी शामिल हैं, जिनमें डेल स्टेन, माइकल एथरटन, वकार यूनिस, साइमन डूल, शॉन पोलॉक और केटी मार्टिन शामिल हैं। भारत और श्रीलंका में कमेंट्री लाइनअप को प्रमुख ग्लोबल ब्रॉडकास्टर हर्षा भोगले, म्पुमेलेलो मबांगवा, नताली जर्मनोस, डैनी मॉरिसन, एलन विल्किस, इयान वार्ड, मार्क हॉवर्ड, निक नाइट, अथर अली खान, कैस नायडू, बाजिद खान, रौनक कपूर और नियाल ओं ब्रायन ने और मजबूत किया है।

# वैभव ने अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में सबसे तेज शतक ठोका



● इंग्लैंड के खिलाफ 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने महज 55 गेंदों में शतक पूरा किया

**हरारे, वार्ता।** वैभव सूर्यवंशी ने शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ अंडर-19 विश्वकप फाइनल में मात्र 55 गेंद में सबसे तेज शतक ठोका। इसके साथ ही वह अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में शतक बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए तथा एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने की उपलब्धि भी हासिल की।

यहां टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम के लिए 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए महज 55 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जोकि विश्वकप के फाइनल का सबसे तेज शतक है। उन्होंने अपनी 175 रनों की पारी में 80 गेंदों का सामना किया और 15 चौके और 15 छक्के उड़ाते हुए इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा दी। उन्होंने 175 रन में 150 रन केवल चौके और छक्के लगाकर अर्जित किए।

वैभव ने एक सीजन में 23 छक्के लगाकर अंडर-19 विश्व कप में सर्वाधिक छक्के लगाने की उपलब्धि भी हासिल की। उन्होंने 71 गेंदों में सबसे तेज 150 रन बनाने की उपलब्धि भी हासिल की। उन्होंने इंग्लैंड के बेन मायस के रिकार्ड को तोड़ा। बेन मायस ने स्कॉटलैंड के खिलाफ 98 गेंदों में 150 रन बनाए थे। वैभव ने 32 गेंदों में अपना अद्धर्क्षशतक पूरा किया तथा अगले 50 रन महज 16 गेंदों में ठोक डाले।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### टी-20 विश्व कप से बाहर हो सकते हैं हर्षित राणा

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में होने वाले 2026 टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो सकते हैं। चैंपियनशिप, जो 24 घंटे के अंदर शुरू होने वाली है, के लिए राणा की संभावित अनुपलब्धता का संकेत भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दिया। सूर्यकुमार यादव ने वर्ल्ड कप में भारत के पहले मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि वह अभी तक बाहर नहीं हुए हैं, लेकिन संदिग्ध लग रहे हैं। हमें शाम तक पता चल जाएगा। बुधवार को वार्म-अप मैच (मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ) के दौरान उन्हें थोड़ी चोट लगी थी, लेकिन स्थिति बहुत उत्साहजनक नहीं है। डिफेंडिग चैंपियन भारत आज मुंबई के वानखेड़े में अमेरिका से भिड़ेगा।

### चोटिल हेजलवुड टी-20 विश्व कप से बाहर हुए

**सिडनी, वार्ता।** भारत और श्रीलंका की मेजबानी में शुरु हो रहे टी-20 विश्वकप से पहले ऑस्ट्रेलिया को लगा झटका, अनुभवी तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड हैमस्ट्रिंग चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। 35 साल के हेजलवुड ने 12 नवम्बर को शेफील्ड शील्ड के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया की शुरुआती विश्व कप टीम में शामिल होने के बावजूद, तेज गें. दबाज सिडनी में ही रहे, जबकि बाकी टीम इस सप्ताह की शुरुआत से श्रीलंका में हैं। कोलंबो में आयरलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के पहले ग्रुप-स्टेज मैच से सिर्फ पांच दिन पहले, राष्ट्रीय चयनकर्ता टोनी डोडमेडे ने कहा है कि हेजलवुड समय पर ठीक नहीं हो पाएंगे।

### गाइडेन ओडेन के खिलाफ पहला एकल खेलेंगे सुमित

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत बनाम नीदरलैंड्स डेविस कप वर्ल्ड ग्रुप आई फर्स्ट राउंड मैच के लिए ड्रॉ शुक्रवार को यहां एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में घोषित किया गया, जिसमें भारत के टॉप सिगल्स खिलाड़ी सुमित नागल मैच के दोनों दिन घरेलू चुनौती की अगुआई करेंगे। ड्रॉ के अनुसार, शनिवार को पहले दिन नागल का मुकाबला नीदरलैंड्स के गाइ डेन ओडेन से होगा। इसके बाद भारत के दक्षिणेश्वर सुरेश और जेस्पर जान रेंस डी जोंग के बीच दूसरा सिगल्स मैच होगा, जिन्हें डच टीम का नंबर दो खिलाड़ी चुना गया है। रविवार, दूसरे दिन डबल्स मैच से मैच शुरू होगा, जिसमें भारत ने युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी को अपनी जोड़ी के तौर पर चुना है। उनका सामना डच जोड़ी सैंडर एरेंड्स और डेविड पेल से होगा। डबल्स के बाद, रिवर्स सिगल्स होने हैं, जिसमें नागल जोंग के खिलाफ कोर्ट पर वापसी करेंगे।

# टी-20 विश्व कप थीम पर बन रही बनारसी साड़ी



● साड़ी की डिजाइन रेशम रत्न सम्मान से सम्मानित डिजाइनर लक्ष्मी विश्वकर्मा ने तैयार की है

**वाराणसी, वार्ता।** टी-20 विश्व कप के आगाज से पहले वाराणसी में विश्व कप थीम पर विशेष बनारसी साड़ियां तैयार की जा रही हैं।

काशी के साड़ी व्यापारी एवं काश्याम सृजन फाउंडेशन के ट्रस्टी सर्वेश श्रीवास्तव ने भारतीय क्रिकेट टीम के उत्साहवर्धन के उद्देश्य से यह पहल की है। लोहता स्थित कारखाने में हैंडलूम कारीगर इन साड़ियों को बुन रहे हैं। साड़ी की डिजाइन रेशम रत्न सम्मान से सम्मानित डिजाइनर लक्ष्मी विश्वकर्मा ने तैयार की है। साड़ियों पर विश्व कप ट्रॉफी, बल्ला, गेंद, स्टंप और पिच सहित विभिन्न क्रिकेट प्रतीकों को जरी और ब्रोकेट कतान शैली में उकेरा गया है। श्रीवास्तव ने बताया कि इससे पूर्व भी वे विभिन्न विश्व कप अवसरों पर थीम आधारित बनारसी साड़ियां तैयार करा चुके हैं। उन्होंने कहा कि क्रिकेट के प्रति अपने लगाव के कारण उन्होंने बनारसी शिल्प को क्रिकेट से जोड़ने का प्रयास किया है। इन विशेष साड़ियों में 1983, 2007 टी-20, 2011 और 2024 टी-20 विश्व कप सहित महिला विश्व कप विजेता टीम की उपलब्धियों को भी दर्शाया गया है। बुनकर बहादुर और उनके सहयोगी इन्हें तैयार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे इन साड़ियों को भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को उपहार स्वरूप देना चाहते हैं। एक साड़ी की अनुमानित कीमत 15 से 20 हजार रुपये बताई गई है।

## कोयल बोर ने तीसरे दिन पांच रिकॉर्ड तोड़े

**मोदीनगर, वार्ता।** नेशनल वेटलिफ्टिग चैंपियनशिप 2025-26 आज यादव फार्म हाउस में जारी रही, जिसमें यूथ, जूनियर और सीनियर डिवीजन में महिलाओं की 53 किग्रा कैटेगरी में शानदार टैलेंट दिखाया गया। ज्ञानेश्वरी यादव और कोयल बोर ने पोडियम पर अपना दबदबा बनाया, कोयल बार ने यूथ सेक्शन में 3 नए नेशनल रिकॉर्ड भी तोड़े, जिसमें स्नैच में 78 किग्रा , क्लीन एंड जर्क में 99 किग्रा और ओवरऑल टोटल में 175 किग्रा का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा और जूनियर सेक्शन में 2 रिकॉर्ड बनाए, जिसमें स्नैच में 81 किग्रा और ओवरऑल टोटल में 181 किग्रा का रिकॉर्ड तोड़ा (पुराने रिकॉर्ड इंडियन स्टैंडर्ड के थे)। इस कॉम्पिटिशन में ज्ञानेश्वरी यादव ने शानदार परफॉर्मेंस दी, जिन्होंने सीनियर डिवीजन में 186 किग्रा के शानदार टोटल के साथ गोल्ड मेडल जीता। उनके ठीक पीछे पश्चिम बंगाल की कोयल थीं, जिन्होंने कई कैटेगरी में शानदार परफॉर्मेंस दी। कोयल ने सीनियर सेक्शन में सिल्वर मेडल जीता और जूनियर और यूथ दोनों सेक्शन में गोल्ड मेडल हासिल किए।

# नीतू, प्रीति सेमीफाइनल में पहुंची



● बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 में भारतीय मुक्केबाज दल ने 19 पदक पक्के कर लिए हैं

**ला नुसिया, वार्ता।** प्रतिष्ठित बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 में भारतीय मुक्केबाजी दल ने 19 मेडल पक्के कर लिए हैं, तीसरे दिन भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नीतू (51किग्रा) और प्रीति (54किग्रा) सेमीफाइनल में पहुंच गईं, जबकि जदुमणि सिंह (55किग्रा) ने पुरुषों के ड्रॉ में एक और शानदार प्रदर्शन किया।

नए हेड कोच सैंटियागो नीवा के मार्गदर्शन में भारतीय महिला टीम ने 12 मेडल पक्के कर लिए हैं, जबकि भारतीय पुरुष टीम ने सेमीफाइनल से पहले 7 मेडल पक्के कर लिए हैं। नीतू शानदार फॉर्म में थीं, उन्होंने कनाडा की मैकेंजी राइट को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। प्रीति ने भी स्पेन की मारिया गोंजालेज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया, लगातार दबाव बनाकर तीसरे राउंड में ही मुकाबला खत्म कर दिया। पूनम (54) ने थाईलैंड की नटनिचा चोंगप्रोंगक्लांग पर 5-0 से एक और शानदार जीत हासिल की, जबकि प्रिया (60) और प्रांजल (65) ने क्रमश: स्पेन की लौरा गैलानो और चेक बॉक्सर विक्टोरिया के खिलाफ सर्वसम्मत जीत दर्ज की। काजल (65) ने कजाकिस्तान की अकबर इचशानोवा को एक कड़े मुकाबले में 4-1 से हराया। पुरुषों की प्रतियोगिता में, जदुमणि सिंह ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, 55किग्रा वर्ग में चीनी ताइपे के पेंग चिया-फेंग को 5-0 से हराया। मोहम्मद हुसामुद्दीन (60किग्रा) ने यूक्रेन के अली डाहली को सर्वसम्मति से हराकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि सचिन (60किग्रा) ने यूक्रेन के एडर को एक कड़े मुकाबले में 3-2 के फैसले से हराया।

# पहलवान नीलम सिरोही ने 50 किग्रा वर्ग में जीता रजत पदक

**क्रोएशिया, वार्ता।** भारतीय पहलवान नीलम सिरोही ने जागरेब ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में महिलाओं की 50 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत पदक जीता। गुरुवार को हुए अन्य मुकाबलों में विकी हुड्डा (पुरुष 97 किग्रा), दिनेश धनखड़ (पुरुष 125 किग्रा) और मुस्कान (महिला 50 किग्रा) के कांस्य पदकों के साथ इस साल की पहली विश्व कुश्ती महासंघ (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) रैंकिग सीरीज में भारत के पदकों की संख्या सात हो गई है। भारत ने टूर्नामेंट में एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक जीते है। नीलम सिरोही ने फाइनल तक पहुंचने के रास्ते में शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय पहलवान ने पोलैंड की अगाता वालेरजाक को 10-0 से हराकर शुरुआत की, जिसके बाद क्वार्टर फाइनल में अजरबैजान की एलनूरा मम्मादोवा को 12-2 से



हराया। सेमीफाइनल में हमवतन मुस्कान पर 7-4 की जीत ने उन्हें स्वर्ण पदक मुकाबले में पहुंचाया, जहां वह अंडर-23 विश्व चैंपियन जापान की हारुना मोरिकावा से 5-2 से हार गईं। इस बीच, मुस्कान ने सेमीफाइनल में हार के बाद वापसी करते हुए अगाता वालेरजाक को 11-0 से हराकर इस कैटेगरी में कांस्य पदक जीता। पुरुषों के 97 किग्रा वर्ग में, विकी हुड्डा ने अमेरिका के स्टीफन बुकानन प्प से क्वार्टर फाइनल में हार के बाद वापसी की। अमेरिकी पहलवान ने उन्हें 14-7 से हराया। भारतीय पहलवान रेपचेज में पहुंच गए, जहां विकी ने कनाडा के सैमुअल मिकलोस मारिया परेरा को 12-1 से शिकस्त दी। भारतीय पहलवान ने उसी लय को कांस्य पदक मुकाबले में भी जारी रखा, फ्रांस के एडलान विश्खानोव को 8-2 से हराकर पोडियम पर जगह बनाई। दीपक चहल ने भी इसी वेट कैटेगरी में हिस्सा लिया था लेकिन क्वालिफिकेशन राउंड में ही बाहर हो गए। इस बीच, दिनेश धनखड़ का 125 किग्रा का कांस्य पदक पोलैंड के कामिल को. सिओलेक पर पिनफॉल जीत के साथ आया। भारतीय पहलवान क्वार्टर फाइनल में बहरीन के शमिल शरीपोव से 13-1 से हार गए थे, लेकिन रेपचेज में अमे. रिका के डेमेट्रियस थॉमस पर 12-2 की शानदार जीत के साथ वापसी की। महेंद्र बाबासाहेब गायकवाड़ 125किग्रा भार वर्ग के क्वार्टरफाइनल में बाहर हो गए।

# टॉप सीडेड रुतुजा भोसले ने किया उलटफेर

● रुतुजा भोसले और पेगटार्न प्लिप्यूच को भी हार का सामना करना पड़ा, लिली ने टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया

**मुंबई, वार्ता।** एल एंड टी मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125के सीरीज के चौथे दिन गुरुवार को महाराष्ट्र स्टेट लॉन टेनिस एसोसिएशन में सिगल्स और डबल्स मुकाबलों में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। फांगरान टियान ने दिन का सबसे शानदार नतीजा दर्ज किया, उन्होंने टूर्नामेंट की चौथी सीड हैने वैंडविकेल को बाहर कर दिया।

डबल्स कैटेगरी में, टॉप सीडेड जोड़ी रुतुजा भोसले और पेंगटार्न प्लिप्यूच को भी क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। इस बीच, लिली टैगर ने टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अगले राउंड में जगह बनाई। लानलाना तारारुडी और तातियाना प्रोजोरोवा ने भी सिगल्स ड्रॉ में जीत हासिल की। दिन की शुरुआत एक बड़े उलटफेर के साथ हुई, जब चीन की फांगरान टियान ने चौथी सीड और वर्ल्ड नंबर 135 महिला सिगल्स खिलाड़ी, हैने वैंडविकेल को ढाई घंटे तक चले कड़े मुक. ाबले में 2-6, 6-4, 6-4 से हराया। टियान, जिन्होंने पहले राउंड में अपनी पहली डब्ल्यूटीए मेन ड्रॉ जीत भी हासिल की थी, ने सेंटर कोर्ट पर पहला सेट हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए मुंबई ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

इस बीच कोर्ट 1 पर, थाईलैंड की लानलाना तारारुडी और दक्षिण कोरिया की पार्क सो-ह्यून के बीच एक और लंबा मुकाबला हुआ। पहला सेट हारने के बावजूद, ऑस्ट्रेलियन ओपन मेन ड्रॉ में हिस्सा लेने वाली तारारुडी ने बाकी दो सेटों में अपनी प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ते हुए मैच 3-6, 6-3, 6-0 से जीत लिया, यह मुकाबला दो घंटे से थोड़ा ज्यादा समय तक चला। सातवीं सीड और वर्ल्ड नंबर 128 महिला सिगल्स खिलाड़ी, लिली टैगर ने जापान की एरी शिमिजु के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया और सीधे सेटों में 6-2, 6-2 से जीत हासिल की। 17 साल की इस होनहार खिलाड़ी ने अपनी पावरफुल सर्व और एक-हाथ वाले बैकहैंड एक्शन का जबरदस्त इस्तेमाल किया और गेम को छह ऐस के साथ खत्म किया, जिससे शिमिजू को कभी सेटल होने का मौका नहीं मिला। 2025 जूनियर रौलां गैरो की विनर का मुकाबला दूसरी सीड और 2024 की मुंबई ओपन चैंपियन, डारजा सेमेनिस्ताजा से होगा। नौवीं सीड तातियाना प्रोजोरोवा ने 19 साल की क्रिस्टियाना सिदोरोवा को 6-4, 6-1 से हराकर मैच सीधे सेटों में जीत लिया। फिलीपीन महिला ओपन की सेमीफाइनलिस्ट प्रोजोरोवा ने दूसरे सेट में बेहतरीन बेसलाइन कंट्रोल के साथ शानदार प्रदर्शन किया और टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल स्टेज में जगह बनाई। डबल्स क्वार्टर फाइनल में, टॉप सीडेड जोड़ी रुतुजा भोसले और थाईलैंड की पेंगटार्न प्लिप्यूच का मुकाबला सेंटर कोर्ट पर निकोल फोसा ह्यूर्गो और उनकी पार्टनर मनंचया सवांगकेव से हुआ। पहला सेट जीतने के बाद, भारत की नंबर 1 महिला खिलाड़ी रुतुजा और प्लिप्यूच अपनी शुरुआती सफलता को दोहरा नहीं पाईं, क्योंकि फोसा ह्यूर्गो और मनंचया ने टाईब्रेकर में जीत हासिल की और 4-6, 6-1, (11-9) से मैच जीत लिया।

## नीदरलैंड टीम डेविस कप मुकाबले के लिए तैयार: पॉल हारहुइस

● कहा: पिछले चार दिनों में तैयारियां बहुत अच्छी रही हैं और बेंगलुरु की गर्मजोशी भरी मेहमाननवाजी की तारीफ की

**बेंगलुरु, वार्ता।** डच डेविस कप टीम इस वीकेंड भारत के खिलाफ कड़े मुकाबले के लिए न सिर्फ तैयारी कर रही है, बल्कि अपनी तैयारियों को बेहतर बनाने के साथ-साथ बेंगलुरु की संस्कृति में भी पूरी तरह घुल-मिल गई है। शहर की ऊंचाई के हिंसाब से खुद को ढालने के लिए सामान्य से पहले पहुंची टीम ने स्थानीय जानकारी के लिए डच महिला टीम से भी सलाह ली है और भारतीय खाने और अनुभवों का आनंद लिया है। मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, कप्तान पॉल हारहुइस ने कहा कि टीम को शानदार सुविधाओं और भारतीय एसोसिएशन से मिले मजबूत समर्थन से फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले चार दिनों में तैयारियां बहुत अच्छी रही हैं,ष और बेंगलुरु की गर्मजोशी भरी मेहमाननवाजी की तारीफ की। भारतीय टीम की ताकत को मानते हुए, हारहुइस ने कहा कि यह वीकेंड मुश्किल होगा। दोनों टीमें मजबूत हैं, और यह उस दिन के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को खास तौर पर स्थानीय परिस्थितियों, जिसमें ऊंचाई भी शामिल है, को संभालने के लिए चुना गया है, और टीम ने एडजस्ट करने के लिए अतिरिक्त दिन लिए हैं - जो कि मुकाबले से पहले सामान्य दो या तीन दिनों से कहीं ज्यादा हैं। हारहुइस ने दोपहर और शाम के मैचों के बीच खेलने की परिस्थितियों में अंतर पर भी ध्यान दिया, और कहा कि टीम सभी स्थितियों के लिए तैयार है। ज्यादातर घरेलू दर्शकों का सामना करने पर, उन्होंने कहा कि हमें दर्शकों की एनर्जी पसंद आती है, भले ही वह हमारे खिलाफ हो। हमें अपनी टीम और घर से बहुत अच्छा सपोर्ट मिलता है, जो हमें मोटिवेट करता है। विदेशी टीम ने टेनिस कोर्ट से परे स्थानीय संस्कृति को भी एक्सप्लोर किया है। हारहुइस ने बताया कि अगर टीम जीतती है तो वे फैंस का मनो. रंजन करने के लिए एक खास बेली-डांसिग परफॉर्मेंस देंगे, जो उनके रहने के दौरान मुकाबले और भाईचारे के मेल को दिखाता है। प्रेस कॉन्फेंस खत्म करते हुए, कप्तान ने कहा कि टीम ष्अच्छी तरह से तैयार है और खेलने के लिए उत्साहित है, और शनिवार को एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में होने वाले मुकाबले के लिए उत्सुकता जताई।

# फ्लू से लड़कर मंधाना ने RCB को जिताया खिताब

## आरसीबी के कोच ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ छह विकेट की जीत के बाद कहा कि स्मृति मंधाना को तेज बुखार था और हालत सच में खराब थी

**वडोदरा।** स्मृति मंधाना ने फ्लू से लड़ते हुए ना सिर्फ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को दूसरी बार डब्ल्यूपीएल खिताब जिताया, बल्कि खुद सामने से नेतृत्व करते हुए इस जीत में 41 गेंदों पर 87 रन बनाकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आरसीबी के प्रमुख कोच मलोलन रंगराजन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ छह विकेट की जीत के बाद कहा कि उन्हें (स्मृति को) तेज बुखार था और हालत सच में खराब थी। लेकिन फिर भी वह मैदान पर आई और एक पल के लिए भी किसी को महसूस नहीं होने दिया कि उन्हें फ्लू है। टीम में यह किसी को पता तक नहीं था। यही स्मृति हैं। जब आज दोपहर मैंने उनसे बात की तो उन्होंने कहा, 'नहीं, मालो, कोई प्रॉब्लम नहीं, मैं खेलूंगी।' यही उनका वर्क एथिक है। मंधाना के ऊंचे मानकों के हिंसाब से भी यह




पारी बड़े दबाव में लक्ष्य का पीछा करने की एक शानदार मिसाल थी। शुरुआत में उन्होंने अपनी ऑस्ट्रेलियाई साथी जॉर्जिया वॉल को स्ट्राइक दी और फिर अपने खेल के रफ्तार को भी बढ़ाया। पांचवें ओवर के अंत में मंधाना पांच गेंदों पर छह रन पर थीं, उसके बाद उन्होंने तबाही मचानी शुरू की। उनकी पारी की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि उन्होंने दिल्ली की स्पिन गेंदबाजी को कैसे तोड़ा। आरसीबी की इकलौती बाएं हाथ की बल्लेबाज होने के नाते, मंधाना ने श्री चरणी की बाएं हाथ की स्पिन पर हमला किया, जो वडोदरा चरण में काफी असरदार रही थीं। इससे डीसी की कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्स के पास कोई विकल्प नहीं बचा। मंधाना ऐसे जोन में थीं, जहां वह एक जैसी गेंदों को अलग-अलग जगह भेज रही थीं। वह कभी पीछे हटकर शॉर्ट गेंद को प्वाइंट के ऊपर से मार रही थीं, तो कभी स्टंप्स के एक्रॉस जाकर उसी तरह की गेंद को लॉन्ग-ऑन और डीप मिडविकेट के बीच उड़ा रही थीं। इतना अनुभव होने के बावजूद स्नेह राणा के पास भी मंधाना के आक्रमण का कोई जवाब नहीं था। आरसीबी ने हर ओवर में कम से कम एक बाउंड्री लगाई और मंधाना का पीछे हटकर राणा को वाइड लॉन्ग-ऑफ़ के ऊपर से इनसाइड आउट मारना इसकी एक बानगी भर थी। उन्होंने इस सीजन का अंत टॉप स्कोरर के रूप में 377 रनों के साथ किया। रंगराजन ने कहा कि मुझे लगता है कि उन्होंने अपनी बेहतरीन पारियों में से एक को फ़ाइनल के लिए बचाकर रखा था। जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की, वह अमानवीय? मुझे नहीं पता इसे क्या कहूं। इतनी क्लासी, इतनी एलिगेंट, ऐसा नहीं लगा कि वह दबाव में हैं। उन्हें देखकर साफ दिख रहा था कि वह पूरी तरह नियंत्रण में थीं। वह गेंद को टाइम कर रही थीं, हिट कर रही थीं और तय कर रही थीं कि कहां आक्रमण करना है। उन्होंने मैच से दो दिन पहले अभ्यास किया था और हम उनकी बल्लेबाजी को लेकर काफ़ी बातचीत कर रहे थे। मुझे लगता है कि उनका आखिरी अभ्यास सत्र (बुधवार को) उनके बेहतरीन सत्रों में से एक था। सोच में यह बदलाव लीग के आखिरी मैच में आया, जब आरसीबी लगातार दो हार के बाद वापसी करना चाह रही थी। प्ले-ऑफ़ में उनकी जगह पक्की थी, लेकिन उन्होंने यूपी वॉरियर्ज के खिलाफ़ 27 गेंदों पर नाबाद 54 रन बनाकर अपनी टीम को सीधे फ़ाइनल में पहुंचा दिया। यह पारी इसलिए भी अहम थी क्योंकि उन्होंने तेज खेलने के साथ-साथ शॉट चयन

**शाह टाइम्स**

**सम्पादकीय**

शनिवार, 7 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles


# बढ़ा समय

शुक्रवार को उप्र में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने कहा कि अब दस अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची जारी होगी। जोकि पहले 6 मार्च को होनी थी। उनका कहना था कि ऐसा मतदाताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है। इस तरह दावा-आपत्ति की अवधि एक माह बढ़ाकर 6 मार्च तक कर दिया गया है। वहीं मैपिंग से जुड़े सभी कार्यों की प्रक्रिया 27 मार्च तक पूरी करने की बात उन्होंने कही। रिनवा के अनुसार मतदाता सूची को शुद्ध बनाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर दावा-आपत्ति और मैपिंग की प्रक्रिया जारी है। अब तक फार्म 7 के कुल 82 हजार 684 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि फार्म 6 के अनुसार 37 लाख 80 हजार 414 आवेदन आए हैं। फार्म 6 के आवेदन लगातार बढ़ने की बात भी उन्होंने कही है। उनका कहना था कि इस प्रक्रिया के दौरान लगभग एक करोड़ 4 लाख मतदाता ऐसे पाए गए, जिनमें तार्किक विसंगति थी और इन्हीं के कारण उन्हें सूची में शामिल नहीं किया गया और अब इन्हीं को नोटिस भेजे जा रहे हैं। रिनवा ने यह भी बताया कि कुल 3 करोड़ 26 लाख मतदाताओं को नोटिस भेजे जाने हैं, जिनमें से अब तक 2 करोड़ 37 लाख नोटिस जनरेट हो गए हैं, इनमें से 86 लाख मतदाताओं को वितरित किए जा चुके हैं। अब तक 30 लाख 30 हजार मतदाताओं की सुनवाई पूरी कर ली गई है। एसआईआर का काम पूरे जोरो-शोरों से चल रहा है, लेकिन साथ-साथ विवाद भी चल रहा है। जहां चुनाव आयोग बराबर दावा कर रहा है कि कोई भी पात्र उम्मीदवार नहीं छोड़ा जाएगा। वहीं तमाम विपक्षी नेता चुनाव आयोग की नीयत पर संदेह जता रहे हैं और वह साफ कह रहे हैं कि एसआईआर का असली मकसद नाम जोड़ना नहीं बल्कि नामों में कटौती करना है। यह देखना किसी विडंबना से कम नहीं है कि कोई भी पक्ष इस संबंध में अपने स्टैंड से पीछे हटता दिखाई नहीं दे रहा है। तमाम विपक्षी नेता जिसमें राहुल गांधी, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी जैसे नाम शामिल हैं, खुलकर चुनाव आयोग की आलोचना कर रहे हैं और उसको भाजपा का एजेंट तक कह रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ चुनाव आयोग की सेहत पर किसी तरह का कोई फर्क पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है और वह अपने काम को अपने तरीके से आगे बढ़ाते जा रहे हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि मतदाताओं की जो लिस्ट बने वह पारदर्शी और निष्पक्ष हो और उसमें किसी तरह का भेदभाव नहीं दिखाई देना चाहिए, तो वहीं चुनाव आयोग का यह भी दायित्व बनता है कि वह सत्ता पक्ष व विपक्ष को समान रूप से साथ लेकर आगे बढ़े। अगर एक पक्ष को उस पर विश्वास नहीं होगा, तो फिर चुनाव की निष्पक्षता पर भी सवाल उठेगा और जब सवाल उठेंगे तो लोगों के मन में भी संशय पैदा होगा। ऐसे में यह काम मनमानी से नहीं बल्कि सहमति के आधार पर होना चाहिए।

## ब्राह्मण समाज का अपमान और अनादर



फिल्म घूसखोर पंडित में पंडित शब्द को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी बेहद दुखद और चिंताजनक है, अब फिल्मों के माध्यम से भी एक विशेष वर्ग का अपमान किया जा रहा है, जिससे पूरे देश में आक्रोश व्याप्त है, फिल्म में पंडित को घुसपैठिया बताकर पूरे ब्राह्मण समाज का अपमान और अनादर किया गया है, इस तरह की जातिसूचक टिप्पणियां सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने वाली हैं और इन्हें किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता, बसपा इस तरह की टिप्पणी की कड़ी निंदा करती है, ऐसी जातिसूचक और समाज को बांटने वाली फिल्म पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए, किसी भी माध्यम से किसी समाज को अपमानित करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि कानून-व्यवस्था और सामाजिक समरसता के लिए भी घातक है।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# चैनलों का खेल खत्म, सरेंडर हो रहे हैं लाइसेंस



**पवन सिंह**



भारतीय न्यूज चैनलों का भविष्य क्या दांव पर लग चुका है? बड़ी संख्या में न्यूज चैनलों से दर्शक विमुख हुए हैं। तमाम दर्शकों ने विगत कुछ सालों से न्यूज चैनलों को आंख तक नहीं लगाया है। मात्र 25 सालों में ही न्यूज चैनल अपनी विश्वसनीयता और अपना विशालकाय दर्शक वर्ग खो देंगे, ऐसा नहीं सोचा गया था लेकिन यह हो चुका है। न्यूज चैनल्स के दर्शक अब सिरे से गायब हो चुके हैं। इसका बहुत बड़ा कारण है चौनलों का जनसरोक. ारी खबरों से दूर होना और पूरा दिन सांप्रदायिक बहसों को हवा देना। दरअसल, भारतीय चैनल्स एक्सपो हो चुके हैं और यह प्रकृति का नियम है कि जो एक बार एक्सपोज हो जाता है वह हमेशा के लिए हाशिए पर चला जाता है। विश्वसनीयता का धूलधूसरित होना न्यूज चैनलों के विनाश का प्रमुख कारण बन रहा है। एक उदाहरण देना चाहूंगा जैसे ही दिल्ली के एक बड़े हिंदी न्यूज चैनल को एक विशालकाय उद्योगपति ने टेक ओवर किया, उसके कुछ ही महीनों बाद चैनल का एक बड़ा दर्शक वर्ग उस चैनल से भाग खड़ा हुआ। अब हुआ यह कि चैनल संचालक जनता से दूर हटे और जनता उनसे दूर हुई। आप न्यूज चैनल तो खोल सकते हैं, लेकिन दर्शक वर्ग किसी भी कीमत पर नहीं ला सकते। आज हालात यह हो चले हैं कि तमाम न्यूज चैनलों ने अपने-अपने ब्राड कास्टिंग लाइसेंस सेरेंडर करने आरंभ कर दिए हैं। यह सब मात्र ढाई दशकों में ही देखने को मिलेगा ऐसा नहीं सोचा था। देश में विगत तीन वर्षों में करीब 50 टीवी चैनलों ने अपने ब्रॉडकास्टिंग लाइसेंस सरेंडर कर दिए हैं।

लगातार एक ही तरह की प्रायोजित और एक तरफा खबरों से उकताए दर्शकों का एक बड़ा वर्ग डिजिटल व OTT प्लेटफॉर्म्स की ओर जा चुका है। इसके बाद चैनल आपरेटरों को दूसरा झटका गिरते विज्ञापन राजस्व, उच्च परिचालन लागत और बाजार की बदलती हुई स्थितियों ने दिया। परिचालन लागत ज्यादा हुई व विज्ञापन राजस्व कम हुआ। साथ ही दर्शक वर्ग गायब और कम दर्शकों के कारण विज्ञापन दाता कंपनियों द्वारा हाथ खींचना या विज्ञापन दरें कम कर देना, एक बड़ा कारण रहा। यह असर इंटरनेट चौनलों पर भी देखा जा रहा है। देश में DTH ग्राहकों में भी लगातार भारी गिरावट होती जा रही है। भारत में DTH ग्राहकों की संख्या वित्तीय वर्ष 2019-20 में 72 मिलियन से घटकर वित्तीय वर्ष 2024 में 62 मिलियन रह गई। यह संख्या लगातार तेजी से घटती जा रही है। विगत वर्षों में जिन प्रमुख ब्रॉडकास्टर्स ने अपने-अपने लाइसेंस सरेंडर किए हैं उनमें-JioStar, Zee Entertainment, Eenadu Television, TV Today Network, NDTV और ABP छमजूवता के नाम शामिल हैं जिन्होंने अपने कई चैनलों के लाइसेंस सरेंडर कर दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार Culver Ma Entertainment यानी सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने भी 26 डाउनलिंकिंग अनुमतियां सरेंडर की हैं। ABPNetwork ने उच्च लागत के कारण ABPNews HD बंद कर दिया और NDTV ने अपने प्रस्तावित NDTV Gujarati चैनल का लाइसेंस वापस कर दिया। न्यूज चैनल्स जो कभी धड़ाधड़ प्रादेशिक न्यूज चैनल्स खोल रहे थे वह सब के सब धीरे-धीरे बंद होते चले गए। सबसे ज्यादा प्रादेशिक चैनल्स बंद हुए। मेरे एक पत्रकार साथी ने 2016 में बातचीत में कहा था कि एक दिन लाल किले के पीछे बाजार में न्यूज चैनलों के कैमरे और आईडी किलो में बिकेंगी। वह बात आज सच साबित हो रही है। जो न्यूज चैनल्स जिंदा भी हैं उनको विभिन्न राज्यों के सूचना विभाग और दिल्ली की मिनिस्ट्री आफ ब्राड कास्टिंग ने वेंटीलेटर की सुविधा पर रख रखा है। नाम न खोलने की शर्त पर एक बड़ी कंपनी के सीईओ जो कि मेरे मित्र भी हैं, का कहना है-हर साल हमारी कंपनी का पब्लिसिटी बजट करीब 20 करोड़ का हुआ करता था, लेकिन जिस तरह से आम जनता की पर्चेजिंग पावर घटी है और निर्यात में दिक्कतें बढ़ी हैं, अब पब्लिसिटी बजट जारी रख पाना कठिन है। चीन से जबरदस्त चुनौती अलग से है। कमोबेश देश की तमाम बड़ी कंपनियों ने अपना पब्लिसिटी बजट घटा दिया है और अब अपनी शर्तों पर विज्ञापन जारी कर रही हैं। उनके रेट पर विज्ञापन लेना हो तो आओ वरना चैनल के आफिस में बैठो। न्यूज चैनल्स के संदर्भ में हालात अभी और भी खराब होंगें। दर्शकों को बड़े पत्रकारों के यूट्यूब चैनल्स लुभाने लगे हैं। जहां संदर्भों के साथ और बिना किसी सेंसर शिप का कंटेंट हैं। कमेंट्स खुला है। सहमति-असहमति प्रगट करने की त्वरित सुविधा है। बहस का एक स्तर है। शाम छह बजे से आठ बजे तक स्टूडियो में बेमतलब के विषयों पर मुर्गे-मुर्गियां लड़ाने की परंपरा नहीं है। इंटरटेनमेंट के लिए तमाम ओटीटी प्लेटफॉर्म हैं और तात्कालिक न्यूज के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म हैं। इधर चैनलों की महंगी विज्ञापन दरों की काट देश के कुछ सूचना विभागों ने निकाल ही है। वे कम लागत में एलईडी वैन पर गांव-गांव व सुदूर कस्बों तक सरकारी योजनाओं को सीधे जनता तक कनेक्ट करने में सफल हो रहे हैं। जहां विज्ञापन की अवधि और उस बढ़ी अवधि के हिसाब से दरों के बढ़ने का डर नहीं है। एलईडी वैन की जीपीएस से मानीटरिंग हो रही है।

कम लागत और सीधे जनता से कनेक्टिविटी का यह प्रयोग छोटे राज्यों में धीरे-धीरे लोकप्रिय होता जा रहा है। भारत में न्यूज चैनल्स की शुरुआत औपचारिक रूप से 1965 में दूरदर्शन से हुई थी। 1965 में दूरदर्शन पर मात्र 5 मिनट का पहला नियमित समाचार बुलेटिन प्रतिमा पुरी द्वारा पढ़ा गया था। इसके बाद दूरदर्शन न्यूज का एक लंबा युग चला। प्रादेशिक समाचार प्रसारण भी आरंभ हुए। वर्ष, 1991 में जब खाड़ी युद्ध आरंभ हुआ और CNN जैसे विदेशी चैनल्स ने कवरेज दी तो लोग आश्चर्यचकित रह गए। भारत में 1992 में पहला प्राइवेट ब्रॉडकास्टिंग न्यूज चैनल जी न्यूज आया और फिर आज तक। सैटेलाइट टीवी के आने के बाद बहुत कुछ बदला। वर्ष, 1999 में आज तक डीडी से हटा और 24 घंटे का स्वतंत्र चैनल बना। 2000 के बाद तमाम न्यूज चैनल्स आए और 2025 के अंत तक आते-आते अब सरेंडर युग की ओर जा रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जलवायु परिवर्तनः आल्पस में भूकंप का खतरा

1960 के दशक में जब मॉन्ट ब्लांक टनल बनाई जा रही थी तो पहाड़ों के भीतर से अचानक तेजी से बहता हुआ बिलकुल ताजा पानी मिला। यह पानी इतना ताजा था कि उसमें अभी तक चट्टानों के खनिज भी नहीं घुल पाए थे। हालांकि, कुछ वैज्ञानिकों ने इन निष्कर्षों पर थोड़ी सावधानी बरतने की बात कही है। वैज्ञानिक फिलिप वर्नांट का कहना है कि वैसे तो आंकड़े काफी मजबूत हैं लेकिन यह भी मुमकिन है कि मॉन्ट ब्लांक सुरंग बनाने के प्रभाव देर से सामने आ रहे हों। इसलिए जरूरी है कि इस तरह की घटनाओं पर लंबे समय तक अध्ययन किए जाएं ताकि पता चल सके कि ऐसा पैटर्न केवल आल्पस में है या दुनिया के अन्य पहाड़ी इलाकों में भी है।

हम अक्सर सुनते हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण लू, बाढ़, जंगलों में आग और समुद्र स्तर बढ़ रहे हैं। लेकिन अब इसका एक और चौंकाने वाला असर पता चला है-आल्प्स पर्वतों में ग्लेशियरों के पिघलने से भूकंप का खतरा बढ़ सकता है। ऐसी घटना फ्रांस के मॉन्ट ब्लांक इलाके के एक ऊंचे बर्फ से ढंके पर्वत ग्रांड जोरासेस में घटी है। 2015 में जब इस क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ी तो भारी मात्रा में बर्फ पिघली।

इसके तुरंत बाद पहाड़ के नीचे छोटे-छोटे भूकंप महसूस किए गए। कोई नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसे छोटे-छोटे भूकंप कभी-कभी बड़े भूकंप की चेतावनी भी होते हैं, लेकिन बर्फ के पिघलने से भूकंप कैसे आ सकते हैं? जब ग्लेशियर पिघलते हैं तो पानी चट्टानों की दरारों से गहराई तक चला जाता है। वहां यह पानी चट्टानों पर दबाव बनाता है और जमीन के अंदर जो फॉल्ट लाइनें होती हैं, उनकी पकड़ कमजोर कर देता है। इन फॉल्ट लाइनों के फिसलने से ऊर्जा निकलती है जो भूकंप का कारण बनती है। ऐसा नहीं है कि यह प्रक्रिया सिर्फ आल्प्स में होती है। वैज्ञानिकों ने ताइवान जैसे इलाकों में भी देखा है कि बारिश के हिसाब से भूकंप की संख्या बदलती है। इसी तरह, जहां फ्रैंकिंग (तेल और गैस निकालने की प्रक्रिया) या जियोथर्मल ऊर्जा के लिए जमीन के भीतर दबाव के साथ पानी डाला जाता है, वहां भी छोटे भूकंप आ सकते हैं। ETH ज्यूरिख के वैज्ञानिकों द्वारा मॉन्ट ब्लांक इलाके में छोटे भूकंप को मापने वाले यंत्रों की मदद से 2006 से अब तक दर्ज 12,000 से ज्यादा छोटे-छोटे भूकंपों के विश्लेषण से पता चला है कि 2015 की गर्मी के बाद इन भूकंपों की संख्या बढ़ी थी। यही पैटर्न अगले साल की ग्रीष्म लहरों के बाद भी दिखे। दिलचस्प बात यह है कि सतह के पास वाले छोटे भूकंप गर्मी के लगभग एक साल बाद बढ़े, जबकि गहराई (लगभग 7 कि.मी) में आने वाले भूकंप दो साल बाद बढ़े। इसका कारण यह हो सकता है कि पानी को गहराई तक पहुंचने में समय लगता है। भूकंप सम्बंधी ऐसे अनुभव पहले भी हुए हैं।

1960 के दशक में जब मॉन्ट ब्लांक टनल बनाई जा रही थी तो पहाड़ों के भीतर से अचानक तेजी से बहता हुआ बिलकुल ताजा पानी मिला। यह पानी इतना ताजा था कि उसमें अभी तक चट्टानों के खनिज भी नहीं घुल पाए थे। हालांकि, कुछ वैज्ञानिकों ने इन निष्कर्षों पर थोड़ी सावधानी बरतने की बात कही है। वैज्ञानिक फिलिप वर्नांट का कहना है कि वैसे तो आंकड़े काफी मजबूत हैं लेकिन यह भी मुमकिन है कि मॉन्ट ब्लांक सुरंग बनाने के प्रभाव देर से सामने आ रहे हों। इसलिए जरूरी है कि इस तरह की घटनाओं पर लंबे समय तक अध्ययन किए जाएं ताकि पता चल सके कि ऐसा पैटर्न केवल आल्प्स में है या दुनिया के अन्य पहाड़ी इलाकों में भी है। अभी तक तो आल्प्स में आए इन भूकंपों से मॉन्ट ब्लांक सुरंग या आस-पास के शहरों को कोई खतरा नहीं है। इस क्षेत्र की इमारतें रिक्टर पैमाने पर 6 स्तर के भूकंप



झेलने लायक बनाई गई हैं, लेकिन स्थिति हिमालय जैसे इलाकों में ज्यादा गंभीर हो सकती है, जहां ग्लेशियर बहुत तेजी से पिघल रहे हैं और जहां बड़े और खतरनाक भूकंप आने की आशंका भी ज्यादा है। जलवायु परिवर्तन बढ़ता जा रहा है और यह अध्ययन हमें याद दिलाता है कि हमारी धरती पहले से ही एक नाजुक हालत में हैय ग्लेशियर पिघलने जैसे छोटे बदलाव भी इसे और अस्थिर कर सकते हैं।

**-स्रोत फीचर्स**

# आकस्मिक चिकित्सा सुविधाओं पर पुनर्विचार की आवश्यकता

जब सिर्फ पैसों के कारण आपात स्थिति में इलाज नहीं दिया जाता, तो कई बार जान चली जाती है। यह लेख ऐसे ही कुछ बेहद जरूरी मामलों को सामने लाता है और सख्त नियमों और उन्हें सही तरीके से लागू करने की मांग करता है, ताकि संकट के समय किसी को भी इलाज से वंचित न किया जाए। कुछ ही महीने पहले पुणे में एक बहुत दुखद घटना घटी। एक गर्भवती महिला, जिसे पहले से ही गंभीर स्थिति में माना गया था और जो समय से पहले जुड़वां बच्चों को जन्म देने वाली थी, उसे पुणे के जाने-माने दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल लाया गया, लेकिन इलाज शुरू करने के लिए अस्पताल ने 10 लाख रुपए एडवांस जमा करने की मांग की।




परिवार ने इलाज के लिए गुहार लगाई और भरोसा दिलाया कि थोड़ी देर में पैसों का इंतजाम हो जाएगा, लेकिन अस्पताल ने पैसे के बिना इलाज शुरू करने से मना कर दिया। इससे कीमती समय बर्बाद हुआ और महिला को दूसरे अस्पताल ले जाना पड़ा। वहां उसने जुड़वां लड़कियों को जन्म तो दिया, लेकिन उसकी खुद की जान नहीं बच सकी।

**बेवजह देरी**- जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में जब मातृत्व मृत्यु रोकने की बात होती है, तो अक्सर थ्री डिले मॉडल (तीन देरियों) का जिक्र होता है। इस मॉडल से यह समझने में मदद मिलती है कि इलाज में किस-किस स्तर पर होने वाली देरी मां की जान ले सकती है। सबसे पहली देरी होती है घर में-जब परिवार यह तय करने में समय लगाता है कि इलाज करवाना है या नहीं। दूसरी देरी होती है अस्पताल तक पहुंचने में-जब रास्ते की दूरी, खराब सड़कें या परिवहन की समस्या आड़े आती है। तीसरी देरी तब होती है जब मरीज अस्पताल पहुंच तो जाता है, लेकिन वहां स्टाफ की कमी, जरूरी साधनों के अभाव या तंत्र की लापरवाही के कारण समय पर इलाज नहीं मिल पाता। हालांकि यह मॉडल आम तौर पर गर्भवती महिलाओं के इलाज के संदर्भ में लागू किया जाता है, लेकिन इसे हर उस आपात स्थिति पर लागू किया जा सकता है जहां समय पर इलाज न मिलने से मरीज की जान जा सकती है।

हमारे देश में तीसरे प्रकार की देरी से होने वाली मौतें ज्यादातर ग्रामीण इलाकों में देखी जाती हैं, जहां न तो अस्पताल होते हैं और न ही स्टाफ। लेकिन यह मामला एक चौंकाने वाला शहरी उदाहरण है, जहां देरी का कारण सुविधाओं की कमी नहीं, बल्कि निजी अस्पतालों की कॉर्पोरेट सख्ती था। यह जानते हुए भी कि महिला की हालत बेहद गंभीर थी, अस्पताल ने सिर्फ पैसों की वजह से इलाज करने से मना कर दिया। इसलिए यह जरूरी है कि हम इस बात को सामने लाएं कि जो बड़े निजी अस्पताल सरकारी छूट और सुविधाएं लेते हैं, वे आपात स्थिति में जरूरतमंद मरीजों के साथ कैसे व्यवहार करते हैं। कैसे कई बार वित्तीय हित मरीज की देखभाल और सुरक्षा से ज्यादा अहम हो जाते हैं।

**मेरा निजी अनुभव**- उपरोक्त खबर को पढ़ने के बाद मुझे भी अपना एक हालिया अनुभव साझा करने की जरूरत महसूस हो रही है, जो यह दिखाता है कि निजी अस्पतालों में नीतियों में बदलाव और जवाबदेही कितनी जरूरी है।

मेरी पत्नी को एक्टोपिक प्रेग्नेंसी जिसमें गर्भधारण गर्भाशय की बजाय किसी अन्य स्थान पर हो जाता है और यह एक गंभीर मेडिकल इमरजेंसी होती है की स्थिति में तुरंत अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। हमारे पास स्वास्थ्य बीमा था, इसलिए कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध थी। मैंने सारे जरूरी दस्तावेज तुरंत जमा कर दिए। बताया गया कि बीमा क्लेम की प्रक्रिया शुरू हो गई है और मंजूरी में लगभग तीन घंटे लगेंगे, लेकिन साथ ही यह भी कहा गया कि जब तक 25,000 रुपए एडवांस में नहीं दिए जाते, सर्जरी शुरू नहीं होगी।

मेरे लिए पैसा देना मुश्किल नहीं था, फिर भी मैंने पूछा कि जब कैशलेस सुविधा है तो क्या पैसे मिलने के लिए तीन घंटे का इंतजार नहीं किया जा सकता? जवाब मिला कि सर्जरी तभी शुरू होगी जब कैशलेस क्लेम मंजूर हो जाएगा। मैंने बार-बार समझाया कि यह इमरजेंसी है, लेकिन बिलिंग विभाग ने कोई नरमी नहीं दिखाई। आखिरकार मैंने एडवांस राशि दी, सर्जरी हुई और जैसा अनुमान था, क्लेम भी मंजूर हो गया। पत्नी की छुट्टी के बाद जमा की गई राशि लौटा दी गई। लेकिन इस अनुभव ने मेरे जेहन में कई सवाल छोड़ दिए।

यदि उस समय मेरे पास 25,000 रूपए न होते तो क्या मेरी पत्नी की सर्जरी टल जाती, जबकि मैंने कैशलेस इलाज के लिए सारे जरूरी दस्तावेज जमा कर दिए थे और यदि देरी से उनकी सेहत को नुकसान होता, तो उसका जिम्मेदार कौन होता? आपात स्थिति में इन प्रक्रियाओं की बजाय अस्पताल इलाज को प्राथमिकता क्यों नहीं देते? जब मरीज को सर्जरी या गंभीर इलाज की जरूरत है और वह 2.3 दिन अस्पताल में रहने वाला है, और 25,000 रुपए की एडवांस राशि बहुत बड़ी नहीं है, खासकर तब जब अस्पताल कैशलेस सुविधा वाला है और बीमा से पैसा मिलने ही वाला है। फिर भी इलाज शुरू करने से पहले इतनी बेरहमी से एडवांस की मांग क्यों? इलाज में देरी जान ले सकती है। क्या ऐसी स्थिति में इंसानियत और सहयोग की भावना जरूरी नहीं है? आपात समय में मरीज के परिवारजन घबराए होते हैं और कभी-कभी आर्थिक स्थिति भी कमजोर होती है।

ऐसे मौके पर क्या अस्पताल को थोड़ी नरमी नहीं दिखानी चाहिए? मरीज की जान से जुड़ी स्थिति में अस्पताल इतनी कठोर नीति क्यों अपनाते हैं? और आखिर किसने निजी अस्पतालों को यह हक दिया कि वे मरीज की जान को इस तरह जोखिम में डालें? वैसे कैशलेस क्लेम को मंजूरी मिल गई थी, और जो पैसे मैंने एडवांस में दिए थे, वो पैसे मुझे तुरंत नहीं मिले थे। यहां मुझसे एक ग्राहक के तौर पर उम्मीद की गई थी कि मैं अस्पताल की आंतरिक प्रक्रिया के साथ सहयोग करूं। लेकिन क्या अस्पतालों द्वारा एडवांस राशि तुरंत जमा करवाने के नियम में ढील नही दी जानी चाहिए, खासकर इमर्जेंसी की स्थिति में? क्या मरीज के परि. जनों की यह उम्मीद गलत है कि ऐसी स्थिति में अस्पताल थोड़ा लचीलापन दिखाए? यहां साफ तौर पर असंतुलन हैय जहां मरीज से तो उम्मीद की जाती है कि वह अस्पताल की प्रक्रियाओं का सम्मान करे, लेकिन अस्पताल मरीज की जरूरतों को नजरअंदाज कर देता है।

**-साभार एस.एफ**

# मोदी ने रूस को यूक्रेन पर परमाणु हमला करने से रोका

## पोलैंड के उप विदेश मंत्री व्लादिस्लाव बार्टोशेव्सकी ने किया दावा, कहाः भारतीय पीएम ने वैश्विक स्तर पर सकारात्मक भूमिका निभाई

**वाशिंगटन।** पोलैंड के उप विदेश मंत्री व्लादिस्लाव बार्टोशेव्स्की ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक स्तर पर सकारात्मक भूमिका निभाई। बार्टोशेव्स्की ने कहा कि पीएम मोदी ने रूस को यूक्रेन पर परमाणु हमले से रोका था।

बार्टोशेव्स्की ने एक समाचार एजेंसीके साथ बातचीत में भारत के साथ पोलैंड के सौहार्दपूर्ण संबंधों की चर्चा की। उन्होंने कहा, हमारे भारत के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। हम दुनिया में भारत की भूमिका को स्वीकार करते हैं। फिर उन्होंने रूस-यूक्रेन जंग में प्रधानमंत्री मोदी की भूमिका पर प्रकाश डाला। बार्टोशव्स्की ने कहा, जैसा कि मैंने नई दिल्ली में अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2022 के आखिर में राष्ट्रपति व्लादिमीर



■ जैसा कि मैंने नई दिल्ली में अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि पीएम मोदी ने 2022 के आखिर में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की थी: बार्टोशेव्स्की

पुतिन से बात की थी और उन्हें यूक्रेन में सामरिक परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की कोशिश करने से रोका था। यह एक सकारात्मक भूमिका थी जो प्रधानमंत्री मोदी ने निभाई। भारत दुनिया के मामलों में सकारात्मक भूमिका निभाता है और मुझे उम्मीद है कि यह जारी रहेगा। पीएम मोदी के पोलैंड दौरे को याद करते हुए बार्टोशेव्स्की ने कहा, हमने 2024 में पीएम मोदी के साथ एक रणनीतिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। तब वह भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर पोलैंड आए थे। वह 45 साल में हमारे देश आने वाले वो भारत के पहले पीएम थे। यह एक बहुत अच्छी यात्रा थी। उन्होंने आगे कहा, अब हमने ईयू के साथ विदेश व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। हम भी इसका हिस्सा हैं। मैं अभी विदेश मंत्रालय से लौटा हूं, जहां हमने सैन्य सहयोग, डिजिटल उद्योग सहयोग, सुरक्षा मुद्दे, हाई-टेक में आईटी निवेश, अंतरिक्ष में सहयोग और अन्य चीजों से जुड़े कई व्यावहारिक कदमों पर चर्चा की। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत ने दूसरे देशों की तुलना में अमेरिका के साथ ज्यादा फायदेमंद व्यापार समझौता किया है, तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भारत एक बहुत बड़ी आर्थिक शक्ति है। आप अब दुनिया में जीडीपी के मामले में चौथे नंबर पर हैं और प्रधानमंत्री मोदी ने यह साफ कर दिया है कि आपका लक्ष्य बहुत जल्द दुनिया की तीसरी बड़ी शक्ति बनना है। भारत एक बहुत बड़ा बाजार है। लगभग डेढ़ अरब लोग यहां रहते हैं और इस वजह से भी यह एक बहुत ही उन्नत बाजार है।

# रूसी सैन्य खुफिया एजेंसी के डिप्टी चीफ पर जानलेवा हमला

**मॉस्को।** रूस की सैन्य खुफिया एजेंसी (जीआरयू) के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल व्लादिमीर अलेक्सेएव शुक्रवार को मॉस्को में एक अज्ञात हमलावर की गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हो गए। राजधानी के उत्तर-पश्चिमी इलाके में स्थित एक आवासीय इमारत के पास घात लगाकर बैठे हमलावर ने जनरल अलेक्सेएव पर कई गोलियां चलाईं और मौके से फरार हो गया। हमले के तुरंत बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। रूसी जांच समिति ने इस घटना को 'हत्या के प्रयास' का मामला मानते हुए आपराधिक जांच शुरू कर दी है। जनरल अलेक्सेएव 2011 से जीआरयू में दूसरे सबसे शक्तिशाली अधिकारी के पद पर तैनात हैं।



**पुलवामा। जम्मू-कश्मीर में आतंकवादिशें की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के बाद चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मी निगरानी करते हुए।**

# सिंगापुर शांति बोर्ड में शामिल होने के प्रस्ताव का कर रहा है मूल्यांकन

**सिंगापुर सिटी।** सिंगापुर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शांति बोर्ड में शामिल होने के प्रस्ताव का मूल्यांकन कर रहा है। यह जानकारी द स्ट्रेट्स टाइम्स अखबार ने सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन के हवाले से गुरुवार को दी। रिपोर्ट में कहा गया कि संसद के पांच सदस्यों ने बालाकृष्णन से सिंगापुर को शांति बोर्ड में शामिल होने के लिए अमेरिका द्वारा दिए गए स्थाई निमंत्रण के बारे में सवाल किया था। उल्लेखनीय है कि 16 जनवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने शांति बोर्ड के गठन की घोषणा की

# बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के घर के बाहर हिंसक प्रदर्शन

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में शुक्रवार को सरकारी कर्मचारियों और पुलिस के बीच जोरदार झड़प हो गई। ये कर्मचारी नौवें नेशनल पे स्केल को लागू करने की मांग कर रहे थे। ये झड़प मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के सरकारी आवास 'जमुना' के बाहर हुआ। यह घटना ऐसे समय पर हुई है जब आम चुनाव में सिर्फ छह दिन बचे हैं। अगस्त 2024 में हुई हिंसा के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद छोड़ना पड़ा था और वे भारत चली गई थीं। इसके बाद निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में एक केयरटेकर सरकार बनाई गई थी। शुक्रवार सुबह देश के अलग-अलग हिस्सों से आए प्रदर्शनकारी शहीद मीनार पर जमा हुए और वहां से जमुना की ओर मार्च करने लगे। वे नौवें नेशनल पे कमीशन की रिपोर्ट के आधार पर गजट तुरंत जारी करने और वेतन बढ़ाने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शन के दौरान लोग नारे लगा रहे थे कि पेट में चावल नहीं है, तो मुंह में विकास किस बात का। करीब साढ़े ग्यारह बजे प्रदर्शनकारियों ने शाहबाग इलाके में लगाए गए पुलिस बैरिकेड तोड़ दिए और आगे बढ़ने लगे। इसके बाद पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए वाटर कैनन, आंसू गैस, साउंड ग्रेनेड का इस्तेमाल किया और लाठीचार्ज भी किया।

# अमेरिकियों को तुरंत ईरान छोड़ने की चेतावनी

## वर्चुअल एंबेसी बोलीः मदद का इंतजार करें, खुद निकलें, ओमान में परमाणु मुद्दे पर बातचीत जल्द

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान में रह रहे अपने नागरिकों को तुरंत देश छोड़ने की सख्त चेतावनी दी है। वर्चुअल अमेरिकी दूतावास ने कहा है कि देश में सुरक्षा की स्थिति बेहद खराब हो गई है। बढ़ती अशांति, पाबंदियां और यात्राा में रुकावटें लोगों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन रही हैं। एम्बेसी ने साफ कहा है कि जल्द से जल्द ईरान छोड़ दें। अपने निकलने का प्लान खुद बनाएं और इसमें अमेरिकी सरकार की मदद पर भरोसा न करें।

मौजूदा हालात में आधिकारिक सहायता बेहद सीमित है। ईरान में देशव्यापी विरोध प्रदर्शन और अशांति के कारण सुरक्षा व्यवस्था सख्त हो गई है। सड़कें बंद हैं, सार्वजनिक परिवहन ठप है, इंटरनेट और मोबाइल-लैंडलाइन सेवाएं बार-बार बाधित हो रही हैं। कई एयरलाइंस ने ईरान आने-जाने वाली उड़ानों को सीमित या रद्द कर दिया है, जिससे बाहर निकलना और भी मुश्किल हो गया है। इस बीच अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु वार्ता आज ओमान की राजधानी मस्कट में शुरू हो रही है।

यह पिछले करीब नौ महीनों में दोनों देशों के बीच पहली औपचारिक बैठक है, जो जून 2025 में हुए संघर्ष के बाद से निलंबित थी। जनवरी की शुरूआत में बढ़ती मंहगाई के खिलाफ हजारों प्रदर्शनकारी ईरान की सड़कों पर उतर आए। ईरान में तनाव बना हुआ है। अमेरिकी चेतावनी में कहा गया है कि अगर तुरंत निकलना संभव न हो तो सुरक्षित जगह पर रहें। वहां खाना,



■ यह पिछले करीब नौ महीनों में दोनों देशों के बीच पहली औपचारिक बैठक है, जो जून 2025 में हुए संघर्ष के बाद से निलंबित थी

### ईरान ने अमेरिका को दिया कड़ा संदेश

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अपनी नवीनतम लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'खोर्रमशहर-4' को एक सैन्य अड्डे पर तैनात कर दिया है। सरकारी प्रसारक प्रेस टीवी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, यह मिसाइल आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स द्वारा संचालित एक नए सैन्य स्थल के उद्घाटन के दौरान प्रदर्शित की गई। इसकी तैनाती को ईरान की रक्षा नीति में औपचारिक रूप से शामिल किए जाने का संकेत माना जा रहा है। प्रेस टीवी के मुताबिक, 'खोर्रमशहर-4' की मारक क्षमता 2,000 किलोमीटर (करीब 1200 मील) है और यह 1500 किलोग्राम (लगभग 3300

■ 'खोर्रमशहर-4' बैलिस्टिक मिसाइल को सैन्य अड्डे पर तैनात कर किया तैनात

पाउंड) तक का वारहेड ले जाने में सक्षम है। आईआरजीसी के राजनीतिक मामलों के उप कमांडर ब्रिगेडियर जनरल यदोल्लाह जावानी ने कहा कि मिसाइल का प्रदर्शन अमेरिका को यह संदेश देने के लिए था कि ईरान अपनी रक्षा क्षमताओं से पीछे हटने का इरादा नहीं रखता। अल मायादीन से बातचीत में उन्होंने कहा कि ईरान 'अपने रुख से पीछे नहीं हटेगा और युद्ध नहीं चाहता कि लेकिन यदि दुश्मन कोई गलती करता है तो उसे कड़ा जवाब दिया जाएगा।

पानी, दवाइयां और जरूरी सामान का स्टाक रखें। इंटरनेट ब्लैकआउट जारी रहने की संभावना है, इसलिए परिवार और दोस्तों से संपर्क के लिए दूसरे तरीके सोचें। यूएसै एम्बेसी ने अमेरिका-ईरान की दोहरी नागरिकता रखने वाले लोगों के लिए ज्यादा खतरा बताया है। ईरान दोहरी नागरिकता को मायूएसयता नहीं देता, इसलिए ऐसे लोग ईरानी पासपोर्ट से ही बाहर निकल सकते हैं। अमेरिकी पासपोर्ट दिखाना या अमेरिका से जुड़ाव जाहिर करना ईरानी अधिकारियों के लिए हिरासत में लेने का कारण बन सकता है। ऐसे में पूछताछ, गिरफ्तारी या लंबी हिरासत का खतरा है। जो अमेरिकी नागरिक बिना वैध अमेरिकी पासपोर्ट के हैं, उन्हें ईरान छोड़ने के बाद नजदीकी अमेरिकी दूतावास से पासपोर्ट बनवाने की सलाह दी गई है। अमेरिकी सरकार ने साफ किया है कि ईरान में कूटनीतिक और कांसुलर संबंध न होने की वजह से वह अपने नागरिकों की मदद करने की स्थिति में नहीं है। अमेरिका के हितों का प्रतिनिधित्व तेहरान में स्विट्जरलैंड दूतावास करता है। रूटीन कांसुलर सेवाएं बंद हैं और हालात में सुधार के कोई संकेत नहीं दिख रहे, इसलिए अमेरिकी नागरिकों से खुद ही सुरक्षित निकलने की ठोस योजना बनाने की अपील की गई है। सुरक्षा के लिए कुछ जरूरी सलाह भी दी गई है, जैसे प्रदर्शनों और भीड़-भाड़ वाली जगहों से दूर रहें, फोन हमेशा चार्ज रखें, परिवार से संपर्क बनाए रखें और स्थानीय मीडिया पर नजर रखकर हालात की जानकारी लेते रहें। हाई-लेवल वार्ता से पहले व्हाइट हाउस ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कूटनीति के पक्ष में हैं, लेकिन अगर बातचीत नाकाम होती है तो ताकत का इस्तेमाल करने के लिए भी तैयार हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलाइन लेविट ने गुरुवार को पत्राकारों से कहा कि ट्रम्प ओमान में होने वाली बातचीत में देखना चाहते हैं कि क्या कोई समझौता हो सकता है। साथ ही उयूएसहोंने ट्रम्प की मांग दोहराई कि ईरान के पास जीरो परमाणु क्षमता होनी चाहिए। उयूएसहोंने चेतावनी भी दी कि अगर बातचीत से नतीजा नहीं निकला तो राष्ट्रपति के पास कई विकल्प मौजूद हैं।

# अफगान तालिबान ने आतंकी समूहों की सहायता वाले आरोपों को किया खारिज

**काबुल।** अफगान तालिबान ने अफगानिस्तान में सक्रिय विदेशी आतंकवादी समूहों को किसी भी प्रकार की सहायता देने के आरोपों को खारिज कर दिया। उसने आरोप लगाया कि इस्लामिक स्टेट के लड़ाकों ने पड़ोसी देशों में ठिकाने स्थापित किए हैं, जो पाकिस्तान की ओर एक अप्रत्यक्ष इशारा है।

तालिबान के प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कई देशों द्वारा तालिबान-नियंत्रित अफगानिस्तान से कथित आतंकवादी गतिविधियों के बारे में व्यक्त की गई चिंताओं का जवाब देते हुए गुरुवार को कहा कि अफगानिस्तान सुरक्षित है और इस्लामी अमीरात में कोई विदेशी या दुष्ट समूह मौजूद नहीं है। अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट की हार का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यवश इस आतंकी समूह ने हमारे पड़ोसी देशों में अपने ठिकाने बना लिए हैं। मुजाहिद ने देशों द्वारा उठाई गई सुरक्षा चिंताओं को बेबुनियाद करार देते हुए कहा कि ये चिंताएं संयुक्त राष्ट्र में तालिबान के प्रतिनिधित्व की कमी के कारण उत्पन्न हुई हैं। हालांकि उन्होंने किसी भी पड़ोसी देश का नाम नहीं लिया, जहां

■ पाकिस्तान के प्रतिनिधि आसिम इफ्तिखार अहमद ने तालिबान पर आतंकी समूहों की सहायता करने और उन्हें बढ़ावा देने का आरोप लगाया था

उनके अनुसार इस्लामिक स्टेट खोरासान ने कथित तौर पर शरण ली थी लेकिन तालिबान अधिकारियों ने एक से अधिक बार पाकिस्तान पर इस्लामिक स्टेट के गुर्गों को पनाह देने, सहायता करने, प्रशिक्षण देने एवं वित्तपोषण करने का आरोप लगाया है। बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सत्र में, संयुक्त राष्ट्र के एक वरिष्ठ अधिकारी, अलेक्जेंडर जुएव ने चेतावनी दी कि इस्लामिक अमीरात में आईएस-केपी क्षेत्र और उससे परे दोनों जगह सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा बना हुआ है, जो तालिबान द्वारा बार-बार किए गए उन दावों के विपरीत है कि उसने देश के भीतर इसे हरा दिया है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने कहा कि अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट का खतरा लगातार बना हुआ है और इसके लिए तत्काल समन्वित अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई की आवश्यकता है।

# अमेरिका की खूंखार अपराधियों की सूची में 89 भारतीय शामिल

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने अवैध प्रवास और अपराध के खिलाफ अपनी सख्त नीति को और तेज करते हुए 89 भारतीय नागरिकों को **'Worst of the Worst'** यानी सबसे खतरनाक अपराधी की सूची में शामिल किया है।

यह सूची अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) द्वारा एक नई सार्वजनिक वेबसाइट पर जारी की गई है, जिसमें गंभीर अपराधों में दोषी पाए गए अवैध प्रवासियों का विवरण दिया गया है। विभाग की ओर से शुरू की गई इस वेबसाइट में अपराधियों के नाम, तस्वीरें, राष्ट्रीयता और उनके द्वारा किए गए अपराधों की जानकारी सार्वजनिक की गई है। विभाग का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य अमेरिकी नागरिकों को यह दिखाना है कि किन आपराधिक अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार कर उनके समुदायों से हटाया गया है। वेबसाइट के शुरुआती संदेश में बताया गया है कि इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) द्वारा गिरफ्तार किए गए सबसे गंभीर अपराधियों को प्राथमिकता के आधार पर चियूिएसहत किया जा रहा है। इसमें हत्या, यौन अपराध, ड्रग तस्करी और हिंसक अपराधों में शामिल लोगों को सबसे पहले सूचीबद्ध किया गया है। डीएचएस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी इस वेबसाइट की जानकारी साझा करते हुए कहा कि अब आम लोग खुद देख सकते हैं कि किन अपराधियों को पकड़ा गया है, उयूएसहोंने क्या अपराध किए और उयूएसहें किन इलाकों से हटाया गया।

# मैंडेलसन की नियुक्ति पर स्टारमर ने सार्वजनिक मांगी माफी

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत के रूप में पीटर मैंडेलसन की नियुक्ति को लेकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। अमेरिका के यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के साथ मैंडेलसन के कथित संबंधों को लेकर विवाद गहराने के बाद स्टारमर ने यह कदम उठाया। स्टारमर ने फरवरी 2025 में मैंडेलसन को अमेरिका में राजदूत नियुक्त किया था। बाद में एपस्टीन से उनके संबंधों को लेकर उठे विवाद के बीच सितम्बर में उन्हें पद से हटा दिया गया। रविवार को मैंडेलसन ने लेबर पार्टी से अपने इस्तीफे की भी घोषणा की। गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्टारमर ने कहा कि एपस्टीन के पीड़ितों ने न्याय में देरी और जवाबदेही से वंचित होने का अनुभव किया है


# कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगाः शहबाज

## पाकिस्तानी पीएम बोलेः कश्मीरियों के साथ मजबूती से खड़े, यह इलाका पाक की लाइफ लाइन है

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पीओके में कश्मीर को लेकर एक बार फिर विवादित बयान दिया है। मुजफ्फराबाद में विधानसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा।' शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान कश्मीरियों के साथ मजबूती से खड़ा है और जम्मू-कश्मीर विवाद का हल कश्मीर के लोगों की इच्छा के मुताबिक होना चाहिए।

शहबाज ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विवाद का समाधान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रस्तावों को लागू करने से ही हो सकता है। उन्होंने कहा कि मैं पाकिस्तानी लोगों और पाकिस्तानी नेतृत्व की ओर से कश्मीर के अपने भाइयों के साथ एकजुटता दिखाने आया हूं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने इस क्षेत्रा को पाकिस्तान की लाइफ लाइन बताया था। शहबाज ने यह भी कहा कि पाकिस्तान क्षेत्रा में शांति चाहता है, लेकिन यह शांति बराबरी और न्याय के आधार पर ही संभव है। हर साल की

■ पाक के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने इस क्षेत्र को पाकिस्तान की लाइफ लाइन बताया था



तरह इस साल भी 5 फरवरी को पाकिस्तान में कश्मीर एकजुटता दिवस (कश्मीर सालिडैरिटी डे) मनाया गया। इसमें रैलियां, प्रदर्शन और सेमिनार आयोजित किए गए। स्टेट रन रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि संघर्ष में जान गंवाने वालों की याद में सुबह 10 बजे एक मिनट का मौन रखा गया। लोग बैनर और प्लेकार्ड लेकर आए थे। भारत ने पाकिस्तान के दावों को लगातार खारिज किया है। नई दिल्ली का साफ कहना है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग थे, हैं और हमेशा रहेंगे। शहबाज शरीफ ने कहा कि कश्मीर का मुद्दा पाकिस्तान की फारेन पालिसी का आधार है। शहबाज ने भारत और पाकिस्तान के बीच मई 2025 में हुए चार दिवसीय सैन्य संघर्ष को भी याद किया। उन्होंने दावा किया कि इस संघर्ष के बाद कश्मीर मुद्दा एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पूरी ताकत के साथ उठाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत अब प्राक्सी के जरिए आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। पाकिस्तान मिलिटेंट ग्रुप बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) को भारत का समर्थन मिलने का दावा करता है, जबकि भारत ऐसे आरोपों को हमेशा खारिज करता रहा है। शहबाज ने सभा में कहा कि कश्मीर की लड़ाई फिलिस्तीन की तरह है। उन्होंने दोनों मुद्दों को न्याय और आत्म-निर्णय की लड़ाई बताया। पाकिस्तानी पीएम ने अलगाववादी और उग्रवादी आंदोलनों से जुड़े कई लोगों का भी जिक्र किया। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने भी एक बयान जारी कर कश्मीरियों के लिए पाकिस्तान के नैतिक, कूटनीतिक और राजनीतिक समर्थन की बात दोहराई।

# तारिक रहमान आठ को बीएनपी की रैली को करेंगे संबोधित

**ढाका।** बंगलादेश में चुनाव प्रचार अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर रहा है, ऐसे में बंगलादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) के अध्यक्ष तारिक रहमान आठ फरवरी को ढाका के नयापल्टन इलाके में पार्टी की अंतिम चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। यह रैली दोपहर दो बजे शुरू होने वाली है, जिसमें रहमान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। बीएनपी के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव रुहुल कबीर रिजवी ने गुरुवार को पार्टी के नयापल्टन केंद्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों को यह जानकारी दी। रिजवी ने कहा कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और ढाका और आसपास के निर्वाचन क्षेत्रों से बीएनपी के उम्मीदवार रैली में शामिल होंगे।

# ऑपरेशन सिंदूर से मिले सब को अमल में लाने की जरूरतः एयर मार्शल मिश्रा

**नई दिल्ली।** पश्चिमी वायु कमान के प्रमुख एयर मार्शल जीतेन्द्र मिश्रा ने ऑपरेशन सिंदूर से मिले सबकों को महत्वपूर्ण बताते हुए भविष्य के युद्धों और अभियानों में इनकी भूमिका पर बल दिया है।

कमान के सीनियर एयर स्टाफ ऑफिसर एयर मार्शल जे एस मान ने भी सेनाओं के बीच पारस्परिक संचालन क्षमता बढ़ाने, डोमेन-निरपेक्ष निर्णय प्रक्रिया को प्रोत्साहित करने, 'सेंसर-टू-शूटर' संपर्कों को सुदृढ़ करने तथा अधिक दक्षता के लिए संचालन प्रक्रियाओं में सुधार को जरूरी बताया। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि पश्चिमी वायु कमान मुख्यालय ने दो दिन के 'ऑल डोमेन जॉइंट ऑपरेशंस' अभ्यास के दौरान उच्चस्तरीय संयुक्त संचालन सम्मेलन का आयोजन किया। इसका उद्देश्य संचालन स्तर पर अंत सेना और अंतर-सेना समन्वय को सुदृढ़ करना था जिससे कि बढ़ते जटिल बहु-डोमेन माहौल में भारतीय रक्षा बलों की संयुक्त संचालन क्षमताओं को और अधिक मजबूत किया जा सके।

सम्मेलन में मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ , सेना, नौसेना, रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी तथा रक्षा खुफिया एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ वायु सेना के वरिष्ठ नेतृत्व ने भाग लिया। एयर मार्शल मिश्रा ने ऑपरेशन सिंदूर से प्राप्त महत्वपूर्ण सबकों तथा भविष्य के युद्ध संचालन पर उनके व्यापक प्रभावों को रेखांकित किया। उन्होंने निर्णायक रणनीतिक प्रभाव उत्पन्न करने में वायु शक्ति की केंद्रीय भूमिका, सतही युद्धाभ्यास को आक्रामक वायु अभियानों के साथ समन्वित करने की आवश्यकता तथा स्टैंड-ऑफ हथियारों के प्रयोग से प्राप्त रणनीतिक लाभ को विशेष रूप से उजागर किया। उन्होंने 1971 की लड़ाई की पारंपरिक क्षरण-आधारित युद्ध अवधारणाओं तथा पारंपरिक 'इफेक्ट्स-बेस्ड ऑपरेशंस' ढांचे से आगे बढ़ते हुए अधिक फुर्तीले, अनुकूलनीय एवं पूर्णतः एकीकृत संयुक्त युद्धक प्रतिमान को अपनाने का आह्वान किया।

# मोसाद के लिए जासूसी करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**इस्तांबुल।** तुर्की के अधिकारियों ने इजरायल की खुफिया एजेंसी 'मोसाद' के लिये जासूसी करने के संदेह में इस्तांबुल में दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। इस्तांबुल मुख्य लोक अभियोजक कार्यालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

संदिग्धों को 'मोनिटम' नामक एक जासूसी अभियान के तहत हिरासत में लिया गया। यह अभियान अभियोजक कार्यालय और इस्तांबुल पुलिस विभाग की आतंकवाद विरोधी शाखा के समन्वय में तुर्की के राष्ट्रीय खुफिया संगठन द्वारा चलाया गया था। तुर्की के सरकारी समाचार चैनल टीआरटी की रिपोर्ट के अनुसार, जांचकर्ताओं ने बताया कि दोनों संदिग्धों ने मुख्य रूप से इजरायली नीतियों का विरोध करने वाले फिलिस्तीनियों के साथ सामाजिक और व्यावसायिक संपर्क स्थापित किये और फिर खुफिया जानकारियां एकत्र की। उन्होंने व्यक्तियों, स्थानों और नेटवर्क से संबंधित जानकारी इजरायली खुफिया एजेंसी को पहुंचाई। सुरक्षा स्रोतों के हवाले से टीआरटी ने बताया कि संदिग्धों में से एक ने कई यूरोपीय देशों में मोसाद के कई एजेंटों के साथ बैठकें की थीं। उस पर गाजा में प्रवेश करने की अनुमति प्राप्त करने की कोशिश करने का भी आरोप है, जहां उसने कथित तौर पर गोदाम के लिए रेकी की और उनकी तस्वीरें इजरायली खुफिया विभाग को भेजीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कानूनी प्रक्रिया जारी रहने तक दोनों संदिग्ध हिरासत में रहेंगे।

